


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 01, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 24 मई 2024, वर्ष-30, अंक-215, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



दिल्ली की सातों सीट जीतने के लिए कांग्रेस और...

**सेंसेक्स** 75,418.04 ↑ +1,196.98

**डॉलर** 83.299 ↑ +0.023

**पलामू सर्राफा**

10 ग्राम 72,110

01 किलो 90,930

## 15 दिन पहले भी 17 फीट धंस गया था कुआं, लाभूक को काम न करने की दी गई थी हिदायत

# कूप निर्माण के दौरान मिट्टी धंसने से चार मजदूर की मौत

- जेसीबी पोकलेन की सहायता से शवों को निकाला बाहर, पोस्टमार्टम के लिए भेजे गये सभी शव
- लाभूक के पुत्र व पुत्री की भी दबकर हो गई मौत, प्रशासन ने दिया आर्थिक मदद का भरोसा



**सेन्हा/लोहरदगा।** जिले के सेन्हा प्रखंड अंतर्गत चितरी अंबाटोली में मनरेगा सिंचाई कूप निर्माण के दौरान मिट्टी धंसने से चार मजदूरों की मिट्टी में दबकर मौत हो गई है। मृतकों में असलम अंसारी का 35 वर्षीय पुत्र अबू रेहान अंसारी उर्फ अमन अंसारी, 21 वर्षीय पुत्री शबनम खातून, कैरो थाना क्षेत्र के गराडीह निवासी 35 वर्षीय रमजान अंसारी उर्फ बबलू अंसारी व बदला निवासी जोगेंद्र भगत शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसडीओ अमित कुमार, सीओ राकेश कुमार तिवारी, बीडीओ संग्राम मुर्मू घटनास्थल पर पहुंचे और सभी मजदूरों के शवों को बाहर निकालने के प्रयास में जुट गए। जमीन में दबे लोगों को निकालने के लिए जेसीबी मंगवाई गई। राहत एवं बचाव कार्य के लिए सात जेसीबी, एक पोकलेन और एक हाइड्रा मशीन को लगाया गया। घटनास्थल पर दो एंबुलेंस को भी तैयार रखा गया था। काफी मशक्कत के बाद मजदूरों के शव बाहर निकाले गये। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक लोहरदगा के चितरी अंबाटोली गांव में मनरेगा योजना के तहत लाभुक असलम अंसारी का कुंआ खुदाई का कार्य चल रहा था। इस दौरान वहां पर मौजूद मिट्टी का ढेर भर-भराकर गिर गया। जिससे कुंए में काम कर रहे मजदूर दब गए। घटना के बाद प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। हादसे के बाद ग्रामीणों की घटनास्थल पर भीड़ जुट गयी। मृतकों के परिजनों को जिला प्रशासन की ओर से आर्थिक मदद की बात कही गई है और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिया है। फिलहाल सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया शेष पृष्ठ 11 पर

### दोषियों पर होगी कार्रवाई, मनरेगा से मिलेगा दो-दो लाख का मुआवजा : डीसी



उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की है। उपायुक्त ने कहा कि मनरेगा कुआं निर्माण हादसे के कारणों की गहन जांच होगी। मामले पर किस स्तर पर लापरवाही हुई है इसकी जांच कराई जाएगी। लापरवाह को चिन्हित कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मृतक के परिजनों को मनरेगा प्रावधान के तहत तत्काल दो-दो लाख मुआवजा राशि दी जाएगी। जांच में मृतकों के कुआं के पानी में डूबने से मौत होने की पुष्टि होने पर अलग से आपदा प्रबंधन के तहत उन्हें मुआवजा दिया जाएगा।

## मंत्री आलमगीर आलम का ईडी की रिमांड में बीपी और शुगर बढ़ा



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रिमांड में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम का शुगर और बीपी लेवल बढ़ गया है। गुरुवार को डॉक्टरों ने उनका चेकअप किया। इसके बाद सदर अस्पताल के डॉक्टर सत्येंद्र ने ईडी के एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के बाहर बताया कि मंत्री आलमगीर आलम का बीपी और शुगर का लेवल बढ़ गया है। डॉक्टर सत्येंद्र ने बताया कि मंत्री आलमगीर आलम का बीपी और शुगर लेवल बढ़ा हुआ मिला है, वहीं नींद नहीं आने की वजह से उनका स्ट्रेस का लेवल भी बढ़ा हुआ पाया गया है। मेडिकल चेकअप के बाद आवश्यक दवाइयां आलमगीर आलम को उपलब्ध करवाया गया है। मंत्री आलमगीर आलम को स्लीप एनीमिया नाम की बीमारी है। इस बीमारी के दौरान सोते समय कभी-कभी सांस रुक जाती है और फिर शुरू हो जाती है। इस बीमारी में मरीज पर्याप्त रूप से ऑक्सीजन नहीं ले पाता है। इसके लिए आलमगीर शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडी गठबंधन बहुमत से केंद्र में सरकार बनाएगी : कल्पना



**बोकारो।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने गुरुवार को गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के समर्थन में जैनामोड़ के मलहान टांड़ में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव में पूरे देश में इंडी गठबंधन की लहर है। उन्होंने दावा किया कि इंडी गठबंधन बहुमत से केंद्र में सरकार बनाएगा। इस दौरान उन्होंने एक बार फिर जनता से हेमंत की बात छेड़ी। कहा हेमंत ने राज्य के विकास के लिए यहां का बकाया पैसा मांगा तो केंद्र की सरकार ने षड्यंत्र के तहत उन्हें जेल भेज दिया। आपका एक-एक मत उन्हें जेल से छुड़ाने में मदद करेगी। इसलिए आपको भ्रमित नहीं होना है, एकजुट होकर शेष पृष्ठ 11 पर

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

### एक नजर

#### पुलिस और नक्सलियों के बीच गोलीबारी, मारा गया वांटेड नक्सली

**रांची।** रांची और जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से सटे खूंटी-चाईबासा जिले की सीमा पर गुरुवार दोपहर सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें एक नक्सली मारा गया है। उसकी पहचान बुधराम मुंडा के रूप में हुई है। वह कई नक्सली वारदातों में वांटेड था। रांची लोकसभा क्षेत्र सहित राज्य की चार सीटों पर 25 मई को मतदान होना है। इसके ठीक पहले पड़ोस के जिलों में नक्सलियों की गतिविधियों का इनपुट मिला था और इसे लेकर पुलिस एवं सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं।

## कल्पना सोरेन के इशारे पर मेरी दोनों बेटियों को मारने की थी कोशिश : सीता सोरेन



**दुमका।** भाजपा की दुमका लोकसभा प्रत्याशी सीता सोरेन ने कहा कि गत बुधवार को जामताड़ा के नाला विधानसभा क्षेत्र के तेज जोरिया गांव के पास उनकी दोनों बेटी चुनाव प्रचार के लिए गईं थीं। वहां स्थानीय विधायक सह विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो के बेटे और कुछ झामुमो के कार्यकर्ताओं के साथ ईंट-पत्थर के साथ खड़े थे। उनकी मंशा मेरी बेटियों पर हमला करने की थी, पर खतरा भांप कर वह दोनों वहां से निकलने में सफल हुईं। सीता सोरेन का कहना है कि यह सब कुछ कल्पना सोरेन के इशारे पर किया गया और आज वह जामताड़ा में एफआईआर करेंगी। सीता सोरेन गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रही थीं।

दरअसल, सीता सोरेन और जयश्री सोरेन ने जो जानकारी दी उसके अनुसार जयश्री सोरेन और उसकी बहन राजश्री सोरेन दोनों जामताड़ा जिले के नाला विधानसभा क्षेत्र के तेज जोरिया गांव चुनाव प्रचार में गई थी। उनका रूट पहले से तय था। अचानक उन्होंने अपने गाड़ी से ही देखा कि विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो जो वहां के स्थानीय विधायक हैं, उनके पुत्र अपने कुछ झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ ईंट-पत्थर लेकर हमले की मंशा से खड़े हैं। उन्होंने स्थिति को समझते हुए वहां से निकलने में अपनी भलाई समझी। जयश्री और सीता सोरेन दोनों ने कहा कि इस हमले के पीछे कल्पना सोरेन की साजिश है। जयश्री सोरेन ने कहा कि चाची कल्पना सोरेन मुझ पर हमला करवाना चाहती थीं। उन्हें यह पता होना चाहिए कि मैं दुर्गा सोरेन की बेटी और शिबू सोरेन की पोती हूं, जिन्होंने इस राज्य को अलग करने में अपना खून पसीना बहाया है। जयश्री ने कहा कि वे लोग मुझे चुनाव प्रचार से रोकना चाहते हैं पर मैं शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड की 4 लोकसभा सीट के लिए प्रचार थमा, मतदान कल

- 93 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे 81.90 लाख वोटर
- रांची में 21.88 लाख मतदाता चुनेंगे अपना सांसद
- जमशेदपुर के 18.62 लाख वोटर करेंगे प्रत्याशियों के भाग का फैसला
- धनबाद के 22.79 लाख मतदाता चुनेंगे अपना नया सांसद
- गिरिडीह लोकसभा सीट से 18.59 लाख मतदाता करेंगे मतदान

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड की चार लोकसभा सीटें गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर में शनिवार 25 मई को मतदान होने हैं। चारों सीटों पर कुल 93 उम्मीदवार चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमाएंगे। वोटिंग को लेकर चुनाव आयोग ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। इन सीटों पर कुल 81 लाख 90 हजार मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगें। इनमें 2 लाख 44 हजार फर्स्ट टाइम वोटर हैं।

### रांची में 21.88 लाख मतदाता चुनेंगे अपना सांसद



**अगर** रांची लोकसभा सीट पर वोटरों की बात करें तो यहां कुल 21 लाख 88 हजार मतदाता हैं जिनमें 11 लाख 8 हजार पुरुष मतदाता है तो वहीं महिला वोटरों की संख्या 10 लाख 80 हजार है। रांची लोकसभा से कुल 27 उम्मीदवार मैदान में है। इस सीट से बीजेपी और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला है। दोनों पार्टियों ने अपनी जान झोंक दी है। बीजेपी ने यहां मौजूदा सांसद संजय सेठ पर विश्वास जताया है, तो कांग्रेस ने युवा चेहरे यशस्विनी सहाय को अपना उम्मीदवार बनाया है। रांची लोकसभा सीट पर पिछले दो बार से बीजेपी के उम्मीदवार जीत रहे हैं। कांग्रेस के सुबोधकांत सहाय वर्ष 2009 में जीते थे और केंद्र में मंत्री भी बने थे, इस बार पार्टी ने उनकी जगह उनकी बेटी यशस्विनी सहाय को टिकट दिया है।

### जमशेदपुर के 18.62 लाख वोटर करेंगे प्रत्याशियों के भाग का फैसला



**जमशेदपुर** लोकसभा सीट से कुल 18 लाख 62 हजार वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिसमें 9 लाख 34 पुरुष मतदाता हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 9 लाख 28 हजार है। जमशेदपुर लोकसभा सीट से कुल 25 उम्मीदवार मैदान में हैं। यहां बीजेपी के मौजूदा सांसद व प्रत्याशी विद्युत वरण महतो और झामुमो के समीर मोहंती चुनाव लड़ रहे हैं। जमशेदपुर सीट पर 2014 से बीजेपी के विद्युत वरण महतो जीत रहे हैं। इस बार यह सीट वर्तमान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। यह उनका गृह जिला होने के साथ ही उनके निर्वाचन क्षेत्र कर भी हिस्सा है।

### धनबाद के 22.79 लाख मतदाता चुनेंगे अपना सांसद



**धनबाद** लोकसभा सीट झारखंड में छठे चरण में सबसे अधिक मतदाताओं वाला क्षेत्र है. यहां कुल 22 लाख 79 हजार मतदाता हैं जिनमें 11 लाख 93 हजार पुरुष मतदाता हैं तो वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 10 लाख 85 हजार है। धनबाद लोकसभा सीट पर कुल 25 प्रत्याशी अपना दावा ठोक रहे हैं। वर्ष 2009 से लगातार धनबाद सीट पर बीजेपी का कब्जा है। बीजेपी ने तीन बार के सांसद पीएन सिंह का टिकट काटकर बाघमारा विधायक ढुलू महतो को मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह से है। अनुपमा सिंह एक राजनीतिक परिवार से आतीं हैं। वह पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह की बहू और बेरमो विधायक जयमंगल सिंह की पत्नी हैं। कांग्रेस के ददई दुबे ने आखिरी बार वर्ष 2004 में इस सीट पर जीत दर्ज की थी।

### गिरिडीह लोकसभा सीट से 18.59 लाख मतदाता करेंगे मतदान



**गिरिडीह** लोकसभा सीट की बात करें, तो यहां 16 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला 18 लाख 59 हजार मतदाता करेंगे। इनमें 9 लाख 58 हजार पुरुष मतदाता हैं, तो वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 9 लाख 1 हजार है। गिरिडीह लोकसभा सीट पर एनडीए और भाजपा के बीच टक्कर देखने को मिल रही है। एनडीए गठबंधन के आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी मैदान में हैं और उनके सामने इंडी गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो हैं। यह सीट 2014 से एनडीए के कब्जे में है। झामुमो के टेकलाल महतो ने आखिरी बार 2009 में इस सीट पर जीत दर्ज की थी। सीपी चौधरी और मथुरा प्रसाद महतो के साथ-साथ एक तीसरे उम्मीदवार की भी खूब चर्चा है। उसका नाम है जयराम महतो। गिरिडीह सीट पर मुकाबला रोमांचक हो गया है।

### आज | कल




## इंडिया



सुनील बादल

यदि आपके पास खर्च करने के लिए ज्यादा रुपये हैं, तो कई विकल्प हैं, लेकिन यदि आप अपना बजट 10 लाख रुपये तक ही रखना चाहते हैं, तो विकल्प सीमित हो जाएंगे।

## दम घोंटते धुएं के बीच इलेक्ट्रिक वाहन बड़ा विकल्प

भारत ने सेमीकंडक्टर के नमूने कई विकसित देशों को भेजा है जहां से हरी झंडी मिलते ही इस दिशा की यह ऊंची छलांग होगी और राजधानी दिल्ली सहित अनेक मेट्रोज के दमघोंटू धुएं के बीच यह एक सुखद अनुभूति होगी। पिछले साल 15 लाख इलेक्ट्रिक कारें बेची गईं। समकालीन उपभोक्ताओं की चाहत और जलवायु परिवर्तन को लेकर नए उत्साह के साथ भारत का खुदरा कार बाजार इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को खरीदने और उसे प्रोत्साहित करने के नए चलन को अपना रहा है। लेकिन यह प्रवृत्ति उभरी कैसे और अचानक क्यों जोर पकड़ रही है- यह जानने के लिए भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की क्रांति पर गहराई ने नजर डालने की जरूरत है।

इसके दो कारण हैं। पहला, ग्लोबल वार्मिंग को लेकर वास्तविक जागरूकता, जो वैसे समृद्ध उपभोक्ताओं को आकर्षित करता है, जो पर्यावरण हितैषी वाहन खरीदने पर ज्यादा पैसा खर्च करने को तैयार हैं। हालांकि पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों और बजट के प्रति जागरूक मध्यम वर्ग भी ईवी क्रांति का लाभ उठा रहा है। टाटा जैसी कार कंपनियों ने ऐसे उपभोक्ताओं की जरूरत को समझा है और इसे पूरा करने के लिए कम लागत वाली टियागो लॉन्च की है। वे ईवी के प्रति बढ़ती दिलचस्पी को लेकर आशान्वित भी हैं। उन्होंने गुरुग्राम में सिर्फइलेक्ट्रिक वाहन का शोरूम खोला है और ईसीई वाहन और इलेक्ट्रिक वाहन?के सेल्स (विक्रय विभाग) को अलग कर दिया है।

मैं पिछले महीने से किफायती ईवी की तलाश कर रही हूं। उनकी संख्या कम है। यदि आपके पास खर्च करने के लिए ज्यादा रुपये हैं, तो कई विकल्प हैं, लेकिन यदि आप अपना बजट 10 लाख रुपये तक ही रखना चाहते हैं, तो विकल्प सीमित हो जाएंगे। और यह कमी इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के बजाय हतोत्साहित करेगी। सरकार ने सभी तरह के इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी दी है। मेरे मित्र राजीव तुली ई-रिक्शा के व्यवसाय में हैं और इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। भले ही सुनने में अटपटा लगे, लेकिन जलवायु परिवर्तन और गैस की कीमतों में बढ़ोतरी के दौर में ई-वाहन एक अनिवार्यता है। निमार्ताओं को किफायती मूल्य में इस मांग को पूरी करने पर ध्यान देने की जरूरत है।

एक अन्य मुद्दा, पेट्रोल पंप की तुलना में चार्जिंग स्टेशन की कमी है। चार्जिंग स्टेशन के विकास पर जोर दिए बिना ई-वाहन भारतीय मोटर चालकों के लिए सपना ही रहेगा। यहां तक कि मुझ जैसे लोगों के लिए भी, जो ईवी को अपनाना चाहते हैं। शुरूआत में एक अकेली महिला चालक के लिए बैटरी चार्जर के बिना ई-वाहन खरीदकर फंसे रहना दुस्वप्न जैसा है।?इन चुनौतियों के बावजूद, मैकिंजे एंड कंपनी के अध्ययन से पता चलता है कि लोग नई कार खरीदते समय पर्यावरण की सततता पर विचार करते हैं, जो सकारात्मक है। इसके अलावा, सरकार के वाहन प्रदूषण नियंत्रण के नियम लोगों को हरित विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। ईवी, जो अपने शून्य-उत्सर्जन और



नवीकरणीय अनुकूलता के लिए जाने जाते हैं, इस मानदंड पर खरे उतरते हैं। ईवी का रखरखाव सामान्यतः पारंपरिक वाहनों की तुलना में बहुत कम है, जो ग्राहकों के खर्च में कमी लाकर पसंदीदा विकल्प बन जाता है। ईवी पहले से ही अर्ध-स्वचालित है और निकट भविष्य में यह पूरी तरह स्वचालित होने वाला है। भारत में तेजी से इलेक्ट्रिक और हाईब्रिड वाहनों को अपनाने और विनिर्माण (फेम) ने ईवी अपनाने की प्रवृत्ति में इजाफा किया है। प्रोत्साहन आधारित सब्सिडी योजना ईवी अपनाने और उनके बुनियादी ढांचे के विकास को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है। इस योजना का लक्ष्य वर्ष 2030 तक देश में परिवहन सुविधाओं को 30 फीसदी तक इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलना है। यह वित्तीय प्रोत्साहन निर्माताओं और खरीदारों, दोनों की मदद करता है। फेम के दूसरे चरण में सरकार का लक्ष्य देश भर में 2,700 चार्जिंग स्टेशन स्थापित करना है।

हालांकि, अब भी बहुत से भारतीय कार खरीदते वक्त इलेक्ट्रिक कार के प्रति संदेह में रहते हैं। सबसे बड़ी कमी बुनियादी ढांचे की है। हालांकि फेम इस अंतर को पाटने का वादा करता है। किंतु भारतीय ऐसी चीजों में निवेश से हिचकते हैं, जो जल्दी उपलब्ध हो भी सकती है और नहीं भी। जब तक बुनियादी ढांचा विकसित नहीं हो जाता, पारंपरिक वाहनों की तुलना में ईवी को चुनने की संभावना कम है।

इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के फलने-फूलने और बनाए रखने के लिए मजबूत सहयोगी तंत्र जरूरी है। यद्यपि कर छूट, प्रोत्साहन और पर्याप्त जागरूकता है, पर सबसे बड़ी बाधा उस आबादी को समझाना है, जो यथास्थिति बनाए रखने को प्राथमिकता देती है। जलवायु कार्रवाई को लेकर जागरूकता बढ़ी है, फिर भी यह कहना मुश्किल है कि देश के लोग स्थिति की गंभीरता को समझते हैं और तत्काल कार्रवाई के लिए तैयार हैं। अब बड़े पैमाने पर ई-वाहन विज्ञापनदाता भी मानते हैं कि कार चलाने वाली आबादी कुछ हद तक जलवायु कार्यकर्ता हैं, यदि नहीं भी हैं, तो वे इस दिशा की ओर अग्रसर हैं। इसलिए उनके विज्ञापनों का असर काफी कम है, जहां समाज का नवप्रवर्तक व उत्साही वर्ग (समृद्ध लोग) ईवी की ओर बढ़ रहा है। लेकिन इन आंकड़ों से क्रांति नहीं आने वाली। जल्द ही जब ये नवप्रवर्तक गायब हो जाएंगे, तो हम फिर वहीं पहुंच जाएंगे, जहां से चले थे।

पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ती कीमतें भी ईवी को काफी हद तक बढ़ावा देने में मदद करती हैं। हालांकि बैटरी चार्जिंग मॉडल और ब्रांड पर भी निर्भर करता है, लेकिन किसी सार्वजनिक चार्जिंग पॉइंट पर कोई भी अपनी कार बैटरी को 400 रुपये से कम में पूरी तरह चार्ज कर सकता है, जबकि एक बार पेट्रोल की टंकी भरवाने की लागत बहुत ज्यादा होती है। मुख्य बाधा बैटरी चार्जिंग में लगने वाले समय की है, जिसमें अभी नियमित रूप से घर में 8 से 12 घंटे लगते हैं। हालांकि नई तकनीकों और तेज चार्जर की वजह से चार्जिंग के समय में कमी आई है। तमाम बाधाओं के बावजूद कई वजहों से भारत में ई-वाहन का भविष्य बेहतर है। तकनीकी प्रगति के साथ-साथ चार्जिंग के बुनियादी ढांचे के विस्तार और वित्तीय प्रोत्साहन देने की सरकार की प्रतिबद्धता ज्यादा से ज्यादा ईवी अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित कर रही है।

लगातार विज्ञापन, कर प्रोत्साहन जैसी सरकारी योजनाएं और सुलभ बुनियादी ढांचा निश्चित रूप से भारत में ईवी को बढ़ावा देगा। हालांकि इन पर अभी काम होना बाकी है।

# सदाबह नदी सूखी, कभी रहता था सालोभर पानी

- एक ही नदी में बने छह चेक डैम अनुपयोगी
- चेक डैम निर्माण व जलसंरक्षण के नाम सरकारी पैसा का जमकर हुआ दुरुपयोग : रविन्द्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड मुख्यालय से सटे ही दक्षिण व चर्चित सदाबह नदी सालों भर जलप्रवाह जारी रहने की बात आज सपना मात्र रह गया है। क्षेत्र के चनरदेव मेहता, भीम प्रजापति, जग्रनाथ मेहता, गंगाधर महतो व अन्य बुजूर्गों के अनुसार मई। माह में अब इस नदी में कभी भी न्यूनतम एक फीट गहरा जलप्रवाह देखने को नहीं मिलता। कालांतर में इस नदी के दोनों बगल व्यापक पैमाने पर अतिक्रमण कर खेती भी किया जाने लगा है। इस भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने को लेकर स्वयंसेवी संस्था विजेता क्लब व जाग्रता क्लब के सदस्यों ने कई बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व अंचलाधिकारी को आवेदन दिया है। पर प्रशासनिक कार्रवाई शून्य ही रहा है। भाजपा कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह व रामप्रवेश सिंह ने कहा कि इस नदी का अस्तित्व बचाने व जलसंरक्षण को लेकर एक ही नदी के छह स्थानों पर चेक डैम का निर्माण कर भारी पैमाने पर सरकारी राशि की बंदरबांट की गई है। करोड़ों की लागत से बने इन चेक डैम के आसपास एक बूंद भी पानी सालों साल नहीं दिखता। जबकि इस प्रति चेक डैम के निर्माण पर न्यूनतम 24 अधिकतम 32 लाख रुपये दशक पूर्व ही व्यय किये गये थे। पर आज स्थिति यह है कि न तो नदी बचा और न ही चेक डैम का लाभ। यदि इससे छोटे मध्यम किसानों को पटवन का लाभ भी होता तो काफी हद तक बाजारों में इनके उत्पादित साग सब्जी भी आ पाते। उन्होंने कहा कि संपूर्ण हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र की उपरवार भूमि के किसानों को निजी व्यय या फिर भगवान भरोसे ही खेती की निर्भरता आजादी से अब तक रही है। क्षेत्र के किसानों को उपरवार भूमि सिचिंत कराने की कोई भी व्यवस्था नहीं हो सकी और न ही किसी नदी - नाले को बांधकर ही उससे खेतों को

## ‘सुंदरीकरण करने की जगह फैलाते हैं गंदगी’



### कूड़ा कचरा डालकर तालाब को अतिक्रमण करते जा रहे हैं

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखंड के आदर्श पंचायत किशुनपुर में घनी आबादी की संख्या पर्याप्त मात्रा में है। किशुनपुर मेन रोड बाजार के समीप एक गहरीकरण तालाब को यहां लोग अतिक्रमण कर कूड़ा से भरते जा रहे है। गन्दगी का अम्बार लगा हुआ रहता है। एक आदर्श पंचायतर रहते हुए भी लोग गंदगी का शिकार होते जा रहे है। इस बड़ा तालाब के समीप ग्रामीण बैंक, स्कूल, मंदिर, दुकान है। यह तालाब सिंचाई के एक साधन भी है। किशुनपुर बाजार के बीचो-बीच तालाब का सौंदर्यकरण करने पर आदर्श पंचायत किशनपुर एक अलग पहचान बना पायेगी। लेकिन किशुनपुर के लोग तालाब को अतिक्रमण करने में लगे हैं। इस पंचायत के जनप्रतिनिधि मौन रहते हैं। स्वच्छ भारत से कोसों दूर पर हैं आदर्श पंचायत किशनपुर। इस तालाब के पीड़ पर एक आंगनबाड़ी केंद्र का भवन भी बन कर तैयार है। जो सुचारू रूप से चालू नहीं है। चारो तरफ कचड़ा ही फैला रहता है। जिससे वहां के लोगों के बीच संक्रमण का खतरा बना रहता है। तालाब के किनारे वहा के लोग शौच कर गंदगी फैलाते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### हरिहरगंज में चलाया नशा मुक्ति अभियान



**हरिहरगंज।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की हरिहरगंज शाखा द्वारा प्रखंड में दो दिवसीय नशा मुक्त भारत अभियान चलाया गया। इस दो दिनों में शहर व गांव के चौक-चौराहों, निजी व सरकारी विद्यालयों सहित अनेक स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमे शिक्षकों, छात्र छात्राओं तथा ग्रामीणों के बीच नशा मुक्ति का जागरूकता कार्यक्रम किया गया। ब्रह्माकुमारीज के मुख्यालय माउंट आबू राजस्थान से पहुंचे नशा मुक्ति विशेषज्ञ बीके धनंजय भाई ने मोबाइल वैन द्वारा सभी को जागरूक करते हुए बताया कि नशा जीवन में मजा नहीं बल्कि सजा दिलाने वाला वह गुप्त शत्रु है। इस अवसर पर सभी ने सामूहिक शपथ लेते हुए इसका पालन अपने पूरे जीवन काल में करते रहने का वादा किया। इन सभी कार्यक्रमों का सफल आयोजन में ब्रह्माकुमारीज हरिहरगंज टीम की राजयोगिनी बीके राधे बहन, बीके दिनेश, प्रतिमा, सुरुचि, गिरिजा, सतीश, संतोष सहित कई लोग मौजूद थे।

### नगर परिषद तत्काल पेयजल आपूर्ति शुरू करें, वरना होगा आंदोलन : ऋषि पांडेय



### कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने विश्रामपुर नगर परिषद के सभी वार्डों में पेयजल किल्लत का लिया जायजा

**विश्रामपुर।** नगर कांग्रेस अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने गुरुवार को नगर परिषद के सभी 20 वार्डों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने वार्डों में पेयजल किल्लत का जायजा लिया। इसके अलावा उन्होंने ग्रामीणों से बात कर पानी की समस्या की पूरी जानकारी ली। पांडेय ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि पेयजल किल्लत की समस्या से निदान दिलाने हेतु हर संभव प्रयास किया जायेगा। पत्रकारों से बात करते हुए ऋषि पांडेय ने कहा कि पूरे नगर परिषद क्षेत्र में पेयजल की किल्लत है। नप क्षेत्र के लोग शुद्ध पेयजल के लिए तरस रहे हैं और नगरीय प्रशासन आंख बंद कर बैठी हुई है। उन्होंने नगर परिषद से तत्काल टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति बहाल करने का मांग किया। कहा कि अगर जल्द ही नप कार्यालय इस समस्या का निदान नहीं करता तो आंदोलन का रुख अख्तियार किया जायेगा। मौके पर काग्रेस कमेटी के नगर उपाध्यक्ष नेजाम अंसारी, महासचिव अमरेन्द्र पाण्डेय, सैफुल हक, जितेंद्र मेहता साहित कई कांग्रेसी मौजूद थे।

## एक नजर

### शहरी क्षेत्र एनएच 98 की स्थिति ठीक नहीं होने से हो रही हैं दुर्घटनाएं



> उबड़-खाबड़ सड़क में गड्ढा होने के कारण अब तक एक दर्जन से अधिक लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए हैं।

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र के पुरानी व न्यू बस स्टैंड तथा शनि मंदिर के समीप एनएच 98 पर सड़क पर गड्ढे व उबड़-खाबड़ होने के कारण आए दिन दुर्घटना हो रही है। इसे लेकर गुरुवार को भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने नयन होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि उबड़-खाबड़ सड़क में गड्ढा होने के कारण अब तक एक दर्जन से अधिक लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए हैं। मालूम हो कि अत्यधिक गर्मी पड़ने के कारण शहरी क्षेत्र में एनएच 98 पर तारकोल पिघलकर जगह-जगह इकट्ठा हो गया है। जिससे सड़क उबड़-खाबड़ हो गयी है। आने-जाने वाले वाहन चालक अचानक उबड़-खाबड़ रास्ते पर नियंत्रण नहीं रख पाते हैं। जिससे लगातार दुर्घटना हो रही है। उन्होंने जल्द से जल्द सड़क को ठीक करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि 10 जून तक सड़क को समतल नहीं बनाया जाता है, तो आगे आंदोलन किया जाएगा। साथ ही बड़ी बहनों का परिचालन रोका जाएगा। इस मौके पर राजेश रंजन मिश्रा, मनोज मेहता, दिनेश स्वर्णकार, विजय प्रजापति, दिनेश पासवान, अजीत कुमार आदि मौजूद थें।

## नई दिल्ली गरीब रथ ट्रेन की हैदरनगर में ठहराव की मांग, व्यवसायियों को मिलेगा लाभ

**हैदरनगर।** देश की राजधानी दिल्ली तक सीधी यात्रा के लिये अब तक हैदरनगर में रांची से नई दिल्ली गरीब रथ ट्रेन नं. 12877 / 12878 का ठहराव किये जाने की मांग जारी है। इससे खासकर छात्रों सहित व्यवसायियों को लाभ मिल सकेगा। हलांकि स्थानीय स्वयंसेवी संस्था विजेता क्लब व जगराता क्लब के विजेन्द्र अग्रवाल, सुनील सिंह, सोनू सिंह, नंदलाल प्रसाद, अरविन्द दास, दीपक कुमार, सोनू कुमार, विजय लाल, नागेन्द्र प्रसाद, रामप्रवेश मेहता, उदय प्रताप नाथ शाहीदेव, कौशल किशोर, अरुण कुमार गुप्ता, मंटू मेहता, अर्जुन प्रजापति सहित सैकड़ों युवाओं ने इन ट्रेनों की ठहराव की मांग को लेकर कई बार निवर्तमान सांसद तक आवाज भी रखने का कार्य किया है। साथ ही लोकसभा चुनाव पूर्व सांसद सहित रेल अधिकारियों को एक कार्यक्रम में रांची से देहरादून तक वाया गढ़वा रोड, उंटारी रोड, मोहम्मदगंज, हैदरनगर, जपला, नबीनगर, डेहरी ऑन सोन, डीडीयू, वाराणासी, अयोध्या, हरिद्वार में ठहराव के साथ सीधा सुपर फास्ट ट्रेन परिचालन कराने की मांग की है। जिस पर चुनाव के बाद पहल किये किये जाने की आश्वासन पर टकटकी रेल उपभोक्ताओं को लगी है। उन्होंने कहा है कि उक्त दोनों स्टेशनों से समीपवर्ती व तटवर्ती कोयल - सोन नदी के आरपार दर्जनों स्थानों के रेलयात्रियों को आवागमन सुलभ होगा। इसके साथ ही उक्त स्टेशन से जुड़े कई पर्यटक व धर्मिक स्थालों में भीम चूल्हा, कोयल बराज, प्रसिद्ध देवीधाम, कबरा कला पुरातत्व स्थली हैं। जहां दर्शन व भ्रमण के लिये अंतरराज्यीय पर्यटकों व श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। इन स्टेशनों पर अन्य मेल एक्सप्रेस का पूर्व से ठहराव है। जिससे रेलवे को सलाना लाखों के राजस्व मिलते हैं।

## बुद्ध पूर्णिमा पर देवी मंदिर व अन्य देवालयों में श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर स्थित प्रसिद्ध देवी धाम में मासिक गुरु पूर्णिमा के अवसर भक्तों ने पूजा के साथ भजन कीर्तन किया। गुरुवार को दोपहर बाद तक श्रद्धालुओं की लगी कतार ने इष्ट मित्र व परिजनों के सुख समृद्धि की कामना की। पूरे दिन सैकड़ों महिला श्रद्धालुओं ने मां भगवती के भजन व भक्ति गीत गाकर मंदिर प्रागंण को भक्तिरस में डूबो दिया। इसके बाद लगातार प्रत्येक शुक्रवार को मां का विशेष पूजा व महाआरती की व्यव्स्था करायी जाती है। इस मौके पर मौजूद पूर्वी पंचायत के मुखिया संतोष कुमार सिंह, जिप सदस्य संगीता देवी, बभंडी पंचायत के मुखिया जितेन्द्र सिंह आदि भक्तों ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह के शुक्रवार को मां भगवती की विशेष पूजा व संध्या में महाआरती का आयोजन करने की परंपरा कायम की गई है। जिसमें पुरुष से अधिक महिलाओं की भीड़ जुट रही है। उन्होंने कहा कि हैदरनगर मां भगवती मंदिर परिसर शक्तिपीठ के रुप में जाना जाता है। वहीं पं. सत्येन्द्र दूबे, अमित पांडेय व पूर्व पुजारी सुरेन्द्र दास त्यागी ने जबकि श्री राम जानकी मंदिर चौक बजार में पुजारी पं. जयप्रकाश स्वामी, मंजीत पांडेय के अलावा मंदिर कमेटी के महेन्द्र दूबे, अरुण कुमार दूबे, उपेन्द्र सिंह, रिंकू सिंह के अलावा काफी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालुओं पूजा अर्चना में सहयोग किया।

## आनन्द मार्ग विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड के पोंची आनन्दमार्ग आवासीय उच्च विद्यालय में धूमधाम से बुद्ध पूर्णिमा तथा आनन्दमार्ग के गुरु आनन्दमूर्ति का जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुरूआत प्रातः कालीन वंदना से हुआ। शंखध्वनि, बाजे गाजे, जयघोष के साथ जन्मोत्सव का कार्यक्रम प्रारंभ तथा आनन्द वाणी पाठ हुआ।

इस अवसर पर आनन्दमार्ग आवासीय उच्च विद्यालय के संस्थापक रामलखन सिंह ने महात्मा बुद्ध के प्रतिकृति पर पुष्प अर्पित किया तथा श्री श्री आनन्दमूर्ति के द्वारा प्रदत आनन्दवाणी का व्याख्या करते हुए, कहा कि आज ही के दिन सन 1921 ई. में आनन्दमार्ग के गुरु श्रीश्री आनन्दमूर्ति जी व महात्मा बुद्ध का जन्म हुआ था।

दोनों ने ही पीड़ित मानवता को आनन्द का राह दिखाने का काम किया। ढोंग, आडंबर, अंधविश्वास, जात-पात, ऊंच-नीच आदि का भेद मिटाने के लिए के लिए समाज को नयी दिशा प्रदान किया। इस अवसर पर आनन्द मार्ग विद्यालय के बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता, क्विज तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए डीसीओ अमरेश कुमार ने कहा कि आनन्दमार्ग स्कूल महापुरुषों के जन्मोत्सव के अवसर पर इस तरह का कार्यक्रम होना चाहिए, ताकि उन्हें महापुरुषों के चरित्र से प्रेरणा मिलता रहे।

कार्यक्रम का आयोजन आनन्दमार्ग प्रचारक संघ सतबरवा ने किया। इस मौके पर मुख्य रुप से उपभुक्ति प्रमुख हिरामन सिंह, मनोज कुमार, अमरेश, चांदनी चंद्रण, गणेश्वर सिंह, कृष्ण सिंह, राकेश, आशुतोष, पन्नालाल, महेंद्र, अनुराधा, चिंता, गोराभाई, रुद्रेश, सीताराम, तरुण, धर्मशीला, सुजाता, ममता, प्रियंका, होस्टल के बच्चे सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी, 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

### दो लाख 26 हजार रुपये का लगा जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें 6 लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। बिना बिजली कनेक्शन बिजली का उपयोग करने वाले 6 लोगों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी 6 लोगों पर दो लाख 26 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उनमें मुखदेव मिस्त्री, सोनू कुमार, संजय कुमार गुप्ता, संजू कुमार चंद्रवंशी, उपेंद्र प्रजापति व श्यामलाल प्रजापति शामिल हैं। सभी हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ही निवासी हैं। इस आशय की जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के अलावा सहायक विद्युत अभियंता राम प्रसाद महतो, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, उबैद अहमद, मनीष कुमार मेहता, सतेंद्र सिंह शामिल थे। इस संबंध में कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि जेबीवीएनएल के आदेश पर आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बकाएदारों को बिल का भुक्तान करने की हिदायत दी है। उन्होंने वैध कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी कार्य दिवस में विद्युत कार्यालय जपला में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शन धारियों को घर या दुकान के बाहर मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जायेगी।

## मुखिया ने किया पीडीएस दुकानों का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड अंतर्गत तेंदुई पंचायत के मुखिया उषा देवी ने गुरुवार को कोदवरिया, बरवाडीह, कलीपुर तथा पिंजरही स्थित जनवितरण प्रणाली की दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान पिंजरही के डीलर राजमणि सिंह लाभुकों के बीच राशन का वितरण कर रहे थें। इस दौरान मुखिया द्वारा दुकान संबंधी कागजात, चालान रसीद, भंडार पंजी, वितरण पंजी की जांच किया। जबकि डीलर जितेंद्र उरांव, प्रमिला देवी, सुरेंद्र उरांव, रविंद्र सिंह ने कहा कि मई माह का खाद्यान्न अभी तक नहीं मिला है। जैसे ही राशन मिल जाता है, वैसे ही वितरण किया जाएगा। वही कई डीलरों ने मुखिया से शिकायत करते हुए कहा कि छतरपुर स्थित गोदाम में ही प्रत्येक चावल के बोरी पर एक किलो राशन काट लिया जाता है। जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों ने कहा कि कम राशन मिलने के कारण लाभुकों को राशन बांटने में परेशानी होती है। वहीं मुखिया ने चेतावनी देते हुए कहा कि मेरे पंचायत में कोई डीलर मनमानी नहीं करेंगे। जनता का शोषण कभी बर्दाश्त नहीं करूंगी। कोई भी डीलर बिना राशन दिए अंगूठा नहीं लगाएंगे। राशन आने के बाद लाभुकों को सूचित कर समय से राशन वितरण करना सुनिश्चित करेंगे। ऐसा नहीं करने वाले डीलरों की शिकायत कर उच्च पदस्थ पदाधिकारियों से कानूनी कार्रवाई करने के लिए अनुशंसा करने की बात कही।

## आस्था

### गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बाबा परमहंस की समाधि स्थल पर की गई पूजा अर्चना

# 300 वर्ष पूर्व बाबा परमहंस ने भंडार गांव में ली थी समाधि

### स्थानीय लोगों की माने तो बाबा के कपड़े सुखने के लिए आसमान में उछाल दिए जाते थे



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** पलामू जिला स्थित भंडार गांव के सुप्रसिद्ध परमहंस बाबा की समाधि स्थल पर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पूजन समारोह का आयोजन किया गया। जहां गुरु श्रद्धा समर्पित करने को ले गांव सहित आसपास से सैकड़ो की तादाद में पहुंचे लोगों ने पूजा अर्चना की। साथ हीं गुरु पूर्णिमा के अवसर पर परमहंस बाबा के बताए निर्देशों को पालन करने व समाज की उन्नति व एकता के लिए कार्य करने का संकल्प लिया गया। साथ हीं जहां भी रहे जैसे भी रहे लेकिन आपसी भेदभाव भूलकर धर्म, समाज व देश की उन्नति में अपना संपूर्ण योगदान देंगे। स्थानीय लोगों के अनुसार 300 वर्ष पूर्व इस स्थान पर एक परमहंस बाबा रहते थे। जो बहुत ही सिद्धी प्राप्त संत थे। उन्होंने इस स्थल पर जीवित समाधि ले ली थी। आज भी यहां के लोगों के बीच उनकी सूक्ष्म उपस्थिति महसूस की जाती है। लोगों के अनुसार बाबा दूरदर्शी थे। जो समाज की भलाई व सामाजिक परिवेश में रहते हुए केवल धोती व लंगोटी का हीं उपयोग करते थे। लोगों की माने तो इसके अलावे उनके पास कुछ भी नहीं था। बाबा परमहंस सनातन धर्म के संरक्षण, समाज के उत्थान व जगत कल्याण के लिए कार्य किया। उनकी विद्वता समाज को मार्गदर्शन के लिए भी बल प्रदान करने के लिए कार्य आया। गांव के अरविंद पांडेय ने बताया कि समाधि स्थल के पास मौजूद एक बड़ा तालाब उतना ही पुराना है जितना बाबा परमहंस का भंडार गांव में लगाव रहा। बाबा परमहंस के कपड़े आसमान में सुखते थे। स्नान के बाद बाबा अपने गीले वस्त्रों को ऊपर उछाल देते थे जो अदृश्य हो जाते थे। साथ हीं पहनने के लिए सुखी धोती व लंगोटी को उपर हाथ फैला हाथों में ले लेते थे। लोग बताते हैं कि बड़े ही परोपकारी, धर्म के प्रति आस्थावान व समाज के लोगों के दुखों की निवारण करने वाले थे। परमहंस रामकृष्ण के समय से पहले का समय जब परमहंस की पद विलक्षण लोगों को प्राप्त होती थी। उस समय यहां एक बहुत बड़ा मठ बना था। जो कालांतर में समाधि व तालाब के सिवा कुछ नहीं बचा है। परमहंस बाबा की समाधि बहुत ही चमत्कारिक है। यहां आकर मांगी गई मनौते अवश्य पूर्ण होती है। अरविंद ने बताया कि वैशाख पूर्णिमा हीं नहीं सालों भर गुरु बाबा के मठ में श्रद्धा रखने वाले पूजन व आशीर्वाद के लिए आते रहते हैं। बताया कि परमहंस संप्रदाय या परिवार के सैकड़ों वर्ष पहले नैमिषारण से गुरु दीक्षा के लिए गांव में आते थे। गांव के पूर्वज भी कन्नौज से संबंध रखते थे। बाबा परमहंस वृद्ध हो गए तो भंडार गांव में हीं अपनी समाधि लेने की इच्छा अपने शिष्य को बताया। साथ हीं यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। बाबा अखंड दीप प्रज्वलित कर जीवित समाधि में चले गए। आज भी परमहंस बाबा के वंशजों का गांव में आना जाना होता है। ब्रहमोरिया, भंडार, बसना व राजहारा गांव एक हीं गोत्र परिवार से आते हैं। जो यहां पूजा अर्चना कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करते हैं।

## हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्रों में 800 में 200 स्ट्रीट लाइट खराब, अंधेरे में रहने को विवश हैं लोग



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के 16 वार्डों में करीब 800 स्ट्रीट लाइट लगाया गया हैं। इसमें 200 से अधिक लाइट खराब होने से लोग परेशान व अंधेरे में रहने को विवश हैं। कई कॉलोनियों में तो एक माह से स्ट्रीट लाइट नहीं सुधारी गई। लोगों की शिकायत है कि नगर पंचायत कार्यालय में कई बार सूचना देने के बाद भी लाइट नहीं सुधारी जा रही है। शहर के कुछ कॉलोनियों में चोरी की वारदातें भी बढ़ी है, जिसे लेकर लोगों में भय है। स्ट्रीट लाइट नहीं होने से लोग घरों से बाहर निकलने में भी हिचक रहे हैं। मोहम्मदाबाद, मिर्जापुर, बगीचा, लंबी गली, सैदाबाद, अनुमंडल रोड, आईटीआई रोड, सहित कई कॉलोनियों में स्ट्रीट लाइट नहीं जलती है। इस कारण सड़क पर अंधेरा पसरा रहता है। लाइट लगाने के बाद कंपनी के द्वारा एक बार भी मरम्मत नहीं कराया गया। ऐसे में लाइट नहीं होने से लोगों को परेशानी हो रही हैं। सिटी के गणेश पुरी कॉलोनी ,जपला हैदरनगर रोड, मधुशाला रोड में भी अंधेरा रहता हैं। शिवपुरी कालोनी निवासी केदार सिंह ने बताया उनके मोहल्ले में भी कई स्ट्रीट लाइट कई माह से बंद है। लंबे समय से इसकी शिकायत कर रहे हैं, लेकिन अबतक समाधान नहीं हुआ है। जपला अंबेडकर चौक के निवासियों ने भी हाई मास्ट लाइट खराब होने की समस्या के बारे में बताया। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा है कि उनके कार्यकाल में 200 स्ट्रीट लाइट के लिए प्रपोजल भेजा गया था, लेकिन उनके कार्य अवधि समाप्त होने के बाद स्थिति काफी खराब हो गई हैं। वैसे कार्यपालक पदाधिकारी से बात कर संबंधित क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर स्ट्रीट लाइट व हाईमास्ट लगाने की बात करेंगे।

### स्ट्रीट लाइट चालू कराएंगे

सिटी मैनेजर हिमानी बाड़ा ने बताया कि संबंधित विभाग के इंजीनियरों को सूचित कर समस्या का समाधान कराया जाएगा। जहां भी स्ट्रीट लाइट बंद है। उन्हें ठीक कराकर चालू किया जाएगा।

## एक नजर

### शहर में कई जगहों पर चला वाहन चेकिंग अभियान



**मेदिनीनगर।** शहर के कई चौक-चौराहों पर दुपहिया वाहन की जांच की गई। सघन जांच अभियान के दौरान बगैर लाइसेंस व बिना हेलमेट के ट्रिपल लोडिंग चलने वालों को पकड़ा गया। सभी बाइक को सुरक्षित शहर थाना रखा गया है। पकड़े गए सभी 31 दुपहिया वाहन को चालान हेतु परिवहन पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

# जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर नाइट ब्लड सर्वे होगा शरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर। जिले में** फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर एक जून से नाइट ब्लड सर्वे कार्यक्रम की शुरूआत होगी। इसका समापन 10 जून को होगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के मलेरिया विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के गांवों में यह अभियान चलाया जाएगा। रात्रि रक्तपट्ट संग्रह रात आठ बजे से 12 बजे रात तक ग्रामीण क्षेत्रों में किया जाएगा। जिला मलेरिया पदाधिकारी सह वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ जीतेंद्र कुमार ने बताया कि माइक्रो प्लान तैयार कर लिया गया है। रात्रि रक्तपट्ट संग्रह के लिए 10 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में दो-दो कलस्टर बनाया गया है। एक कलस्टर में कई गांवों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि एक कलस्टर से तीन सौ रात्रि रक्तपट्ट संग्रह करने का लक्ष्य रखा गया है। रात में चिह्नित क्षेत्रों में हर व्यक्ति से संपर्क कर रक्त का सैंपल लिया जाएगा। ताकि संबंधित मरीजों को समुचित जांच सुनिश्चित हो सके और शुरूआती दौर में ही बीमारी की सही जानकारी मिल सके। इससे ना सिर्फ मरीजों का समसय इलाज शुरू होगा बल्कि, फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को भी गति मिलेगी। लक्ष्य के शत-प्रतिशत लोगों की सैम्पलिंग सुनिश्चित कराने को लेकर व्यापक तैयारी की गई है। इस दौरान सर्वे कर रही मेडिकल टीम द्वारा सामुदायिक स्तर पर लोगों को इस कार्यक्रम के उद्देश्य समेत फाइलेरिया से बचाव, इसके कारण, लक्षण और उपचार की भी जानकारी दी जाएगी।

### निश्चित रूप से जांच कराएं : डॉ. जीतेंद्र कुमार



डॉ. जीतेंद्र कुमार ने आमजनों से अपील किया है कि निश्चित रूप से जांच कराएं और फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रभाव से दूर रहें। उन्होंने बताया कि रात के आठ बजे से 12 बजे के बीच इस बीमारी की जांच करने के लिए सबसे उपयुक्त समय है। दरअसल इस दौरान कीटाणु सक्रिय होता है। जिसके कारण आसानी के साथ शुरूआती दौर में बीमारी की सही जांच संभव है।

## न्यूज बॉक्स

### बुध पूर्णिमा पर जुटे श्रद्धालु भंडारे में भीड़ उमड़ी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बुध पूर्णिमा के अवसर पर शहर के छह मुहान चौक के पास श्री राम भक्ति हनुमान मंदिर के प्रांगण में अखंड श्री हरी कीर्तन व भंडारा का आयोजन किया गया। गुरुवार की सुबह मंदिर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के साथ अखंड हरि कीर्तन की शुरूआत की गई। जिसके बाद गया के भजन मंडली के लोगों के द्वारा हरे राम हरे कृष्ण के गूंज से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। अखंड हरिकीर्तन को सुनने के लिए मंदिर प्रांगण में भीड़ लग गई। मौके पर हनुमान मंदिर के पुजारी चुनचुन पाठक, सोनू पाठक, पवन अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, विकाश चौरसिया सहित कई मौजूद थे।

### नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय ने मेडिकल छात्रों की पूरक परीक्षा की तिथि घोषित की

**मेदिनीनगर।** 27 मई 2019 बेच के आठ अनुत्तीर्ण यानी फेल मेडिकल छात्रों की पूरक परीक्षा शुरू हो रही है। इन आठ मेडिकल छात्रों में से सात छात्र सामुदायिक औषधि में पास नहीं हो सके थे। मात्र एक मेडिकल छात्रा पास होने में सक्षम रहा था। यह सभी छात्र 2019 बैच के तृतीय पार्ट 1 के मेडिकल छात्र है। यह पूरक परीक्षा तीन दिन की ही है 27, 29 और 31 मई को पूरक परीक्षा होगी। सामुदायिक औषधि की परीक्षा 27 और 29 मई को है। इसकी जानकारी डॉक्टर निखिल निशांत ने दी। डॉ. निशांत ने बताया की काफी विलंब हो चुका है। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय को अब इनका रिजल्ट जल्दी निकलना होगा ताकि इनके आगे की पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव ना पड़े।

### बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने भगवान बुद्ध की जयंती मनाई



**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में भगवान बुद्ध की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। संचालन संजय कुमार ने किया। सर्वप्रथम भगवान बुद्ध के तस्वीर पर फूल माला चढ़ा कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि भगवान बुद्ध हिंसा का प्रतिकार किया। भरतीय संस्कृति व राजनीति अहिंसा एवं सत्य को प्रतिपादित किया। भगवान बुद्ध ने हरवर्ग व उम्र के लोगो को सदाचार जीवन जीने की कला सिखाई । आज देश राज्य व समाज में हिंसा ,युद्ध ,आतंकवाद व तनावपूर्ण माहौल से ग्रसित है। ऐसी परिस्थिति में भगवान बुद्ध का अध्यात्म एवं दर्शन अत्यधिक प्रासंगिक है। मोर्चा अध्यक्ष ने उपस्थित लोगों से अपील किया की भगवान बुद्ध के बताएं मार्ग पर चलकर ही हिंसा मुक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। इस अवसर पर जयपाल मोची ,सुधीर कुमार, अरु न कुमार पासवान,यशवंत कुमार, दीपक कुमार, वीरेंद्र कुमार, संजय चौरसिया,उमेश पासवान ,राजू राम, कृष्णा राम, प्रेम कुमार, उपेंद्र तिवारी ,सन्तोष विश्वरकर्मा ,सतीश दुबे, अशोक ठाकुर ,सूरज कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### आनंदमूर्ति के जन्मोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित

**मेदिनीनगर।** आनंद मार्ग जागृति नई मुहोल्ला में आनंद मार्ग के संस्थापक श्रीश्री आनंदमूर्ति जी का 103 वा जन्मदिन आनंद पूर्णिमा उत्सव गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। वरिष्ठ आनंदमार्गी बैजनाथ जी ने बताया कि आनंदमार्ग के संस्थापक प्रभात रंजन सरकार का जन्म 1921 की बुद्धपूर्णिमा के दिन जमांलपुर बिहार में हुआ था। उन्होंने मनुष्य को स्वस्थ रहने के लिए तांडव व कोशिकी तथा मानसिक एवं आध्यातमिक विकास के लिए साधना का मार्ग प्रशस्त करके आनंदमार्ग मिशन की स्थापना की। आनंद मार्ग मिशन समाज के चहुंमुखी विकास के लिए कार्य कर रहा। आज दुनिया के सभी देशों में आनंदमार्ग अपने मिशन का कार्य कर रहा है। इस कार्यक्रम में नई मोहोल्ला स्थित आनंदमार्ग जागृति में सुबह से कीर्तन भजन साधना किया गया। शोभा यात्रा भी निकाली गई। शोभा यात्रा जागृति से स्टेशन रोड होते चर्च रोड, कचहरी चौक, सरकारी बस डिपो, छामुहान होते शदिक चौक, स्टेशन चौक होते वापस जागृति को समाप्त हुआ। इस शोभायात्रा में जिले भर से आए सैकड़ों आनंदमागीयों ने हिस्सा लिया और मानव मानव एक है मानव का धर्म एक है व अन्य के नारे लगाते हुए अपने समाज का प्रचार प्रसार किया। जागृति परिसर में बच्चों के लिए पेंटिंग, क्विज आदि का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वनाथ जी, लक्ष्मण सिंह, गोपाल, अरविंद, प्रदीप, रामस्वरूप देव, मणिकांत, दीपक, शंकरसन, सहज प्रिया, रेणु, मधुबाला, शारदा, पूनम समेत सैकड़ो अनंदमार्गी लोग उपस्थित थे।

## नाबालिक ने लगाई फांसी इलाज के क्रम में हुई मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगन।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के सरजा गांव निवासी बुधन लोहार के 15 वर्षीय पुत्री पूजा कुमारी ने मंगलवार के रात में फांसी लगाकर आत्महत्या के प्रयास की। गंभीर स्थिति में उसे मेदिनीनगर एमएमसीएच मे भर्ती कराया गया। जहां इलाज के क्रम में बुधवार के शाम में उसकी मौत हो गई। सूचना पाते हैं शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए मेदिनीनगर एमएमसीएच में पोस्टमार्टम कराकर गुरुवार को शव परिजनों को सौंप दिया।मृतक के मां मनबिनीती देवी ने बताया कि नाबालिक पूजा कुमारी पांचवी कक्षा पढ़ाई करने के बाद छोड़ दी थी हाल के दिनों में वह मानसिक तनाव में रहती थी। पति एवं पुत्र बाहर कमाने गए हैं। मंगलवार के रात में प्रतिदिन के भांति पूजा मेरे पास आंगन में सोई थी। बुधवार के अहले सुबह उठकर कमरे में सोने चली गई, कुछ देर के बाद रूम में गये तो पूजा को फंदे से झूलता हुआ देखो हल्ला करते हुए आसपास के लोगों के सहयोग से उसे फांसी के फंदे से उतर कर मेदिनीनगर एमएमसीएच में भर्ती कराए, जहां बुधवार के शाम मे उसकी मौत हो गई।

तोलरा विष्णु मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव समारोह शुरू

## जय-विजय की मूर्ति का कल होगा प्राण-प्रतिष्ठा



**होगा कई विशेष अनुष्ठान**

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड के तोलरा ग्राम पंचायत स्थित विष्णु मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव समारोह गुरुवार से शुरू हो गया। तीन दिवसीय इस समारोह का समापन आगामी 25 मई को महाभंडारे के साथ संपन्न होगा। समारोह के पहले दिन कलशयात्रा निकाली गई। कलश यात्रा की शुरूआत मंदिर प्रांगण से हुआ। जिसमें सैकड़ो महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। जय श्री राम जय श्री विष्णु के उद्घघोष के बीच कलश नारियल लिए भक्तगण गांव में ही स्थित शोखा बाबा का आशीर्वाद लेते हुए कोयल व तहले नदी के संगम तट पहुंचे। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरा गया। इसके बाद यात्रा वापस विष्णु मंदिर पहुंचा। जहां गर्भ गृह में विधि विधान और संकल्प के साथ कलश की स्थापना की गई। मुख्य यजमान युवा समाजसेवी विपीन कुमार तिवारी ने सपत्नीक ने पूजा अर्चना सम्मान कराई। तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान द्वारपाल जय विजय की प्रतिमा मंदिर प्रांगण में स्थापित की जायेगी। इस दौरान कई और भी विशेष पूजा अर्चना का दौर चलता रहेगा। विष्णु मंदिर संचालन कमिटी के अध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी, संरक्षक वीरेन्द्र तिवारी व सचिव गोखुल तिवारी ने बताया कि वार्षिकोत्सव एवं जय विजय की प्रती मूर्ति 25 मई को स्थापित किया जायेगा। 25 मई को ही संध्या में भंडारा और सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया है। मौके पर सुमंत तिवारी, संजय तिवारी, धनंजय तिवारी, रविन्द्र तिवारी, अरुण त्रिवेदी, कौशल तिवारी, कमल तिवारी, सिद्धनाथ तिवारी, अगस्त तिवारी, मुकेश तिवारी, राजेश तिवारी, आलोक तिवारी, उपेन्द्र तिवारी सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### आजसू बना रही आंदोलन की रूपरेखा

**मेदिनीनगर।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के अभिषेक राज ने कहा है कि नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में नियमित अधिकारी की पदस्थापना नहीं होने से छात्रों की परेशानी बढ़ गई है। पिछले तीन-चार दिनों से एक भी पदाधिकारी विश्वविद्यालय नहीं पहुंच रहे हैं। एनपीयू में कुलपति और प्रतिकुलपति का पद खाली है। प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन सिंह मुंडा, कुलपति के प्रभार में हैं जो अपेक्षित समय नहीं दे पा रहे हैं। विभिन्न काम को लेकर विश्वविद्यालय पहुंच रहे विद्यार्थी निराश होकर लौट रहे हैं। परीक्षा विभाग के पास सत्र को समय पर लाने के लिए कोई रोड मैप नहीं है। छात्र नेता ने कहा कि आजसू विश्वविद्यालय की कार्य-प्रणाली को पटरी पर लाने के लिए बड़ा आंदोलन करने की रूपरेखा बना रही है।

## शत-प्रतिशत बच्चों का आधार कार्ड बनाने के लिए लगेगा कैंप: एडीपीओ

**कैंप में जरूरत के अनुरूप नया आधार कार्ड बनाने के अलावा पूर्व में बनाये गये आधार कार्ड की त्रुटि में सुधार किया जाएगा।**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राओं को आधार कार्ड से आच्छादित करने के उद्देश्य से प्रखंड स्तर पर कैंप लगाने का निर्णय लिया गया है। कैंप में जरूरत के अनुरूप नया आधार कार्ड बनाने के अलावा पूर्व में बनाये गये आधार कार्ड की त्रुटि में सुधार किया जाएगा। कैंप लगाने के लिए झारखंड शिक्षा परियोजना ने पलामू जिले के कुल 21 प्रखंड में 11 ब्लॉक को चिह्नित किया है। मनातू, तरहसी, विश्रामपुर, लेस्लीगंज, पाटन, नावाबाजार, पड़वा, पांकी, हरिहरगंज, छतरपुर और सतबरवा प्रखंड में कैंप लगाया जाएगा। समग्र शिक्षा अभियान के एडीपीओ उदय कुमार ने बताया कि पलामू जिले के 21 प्रखंडों में 2564 स्कूल संचालित है, जिसमें करीब साढ़े तीन लाख बच्चे नामांकित हैं। इसमें अधिकांश छात्र-छात्राओं का आधार कार्ड बना हुआ है। एक-दो प्रतिशत बच्चे हैं, जिनका आधार कार्ड नहीं बना है। शत-प्रतिशत बच्चों का आधार कार्ड बनाने के लिए कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इससे स्कूली बच्चों को सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिया जाना संभव हो सकेगा। पलामू के जिला शिक्षा पदाधिकारी सह समग्र शिक्षा अभियान के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी दुगार्नंद झा ने जिले के सभी प्रखंड शिक्षा प्रसाद पदाधिकारियों को पत्र जारी निर्देशित किया है कि अभी भी जिन बच्चों का आधार पंजीयन/अद्यतीकरण होना बाकी है, उनके लिए पांच जून तक चयनित प्रखंडों के गांवों में कैंप का आयोजन किया जाना है। ग्राम स्तर पर एमकेएस इंटरप्राईजेज कैंप लगाकर आधार कार्ड बनाएगा। संबंधित बच्चों की उपस्थिति कैंप में सुनिश्चित कराकर शत-प्रतिशत आधार आच्छादन का लक्ष्य हासिल करने में तत्परता बरतने की जरूरत है। कैंप का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का भी निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी ने दिया है। उल्लेखनीय है कि सरकारी स्कूल के बच्चों को मध्याह्न भोजन योजना का लाभ के अलावा पोशाक, पुस्तक, उत्तर पुस्तिका आदि निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। शत-प्रतिशत बच्चों का आधार आच्छादन से योजनाओं का लाभ देने में गड़बड़ी की आशंका बेहद कम हो जाती है। पलामू जिले में सरकारी स्कूल में नामांकित बच्चों का निजी विद्यालयों में नियमित रूप से पढ़ाई करने की कई मामले लगातार सामने आ रहे हैं। शत-प्रतिशत आधार आच्छादन से इसे रोकने में सफलता मिलेगी।

## मतगणना के लिए जिला प्रशासन ने शुरू की तैयारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** 4 जून को मतगणना है। इस बार यह मतगणना जीएलए कॉलेज के बहुउद्देशीय परीक्षा हॉल में होगी। बहुउद्देशीय परीक्षा हॉल में दो ताला है। इसी दो तल्ला पर मतगणना होगी। कुल 2427 मतदान केंद्र से लौटी इवीएम की वोट गिनती होगी। संपूर्ण गढ़वा जिला में डाले गए मतदान की गिनती भी जीएलए कॉलेज के बहुउद्देशीय परीक्षा हॉल में ही होगी। इसके अतिरिक्त पोस्टल बैलट से भी प्राप्त मत पत्रों की भी गिनती होगी। 2019 के लोकसभा चुनाव में मत पत्रों की गिनती बाजार समिति बेरिया मोड पर हुई थी। कार्मिक कोषांग के नोडल अधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि सुरक्षा के सुरक्षा के सख्त व्यवस्था होगी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बल और मजिस्ट्रेट लगाए जाएंगे।

## चोरी की बैट्री के साथ दो गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना पुलिस ने चोरी की घटना का उदभेद्न कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गढ़वा जिला के बलिगढ़ गांव के दीपक सिंह के बसरीया स्थित टॉवर से बैट्री चोरी चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। दीपक सिंह रिलायंस जिओ में के टेकनीशियन क पद पर कार्यरत है। पुलिस ने दीपक सिंह के आवेदन पर कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि घटना प्रयुक्त एम्बुलेंस व चोरी की 8 बैट्री को भी बरामद कर लिया गया है। एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि कुंड मुहल्ला निवासी सदाम व कर्बला रोड यूपी मुजफर नगर के युनूम वर्तमान पता पहाड़ी मुहल्ला गौसिया को इस मामले के गिरफ्तार किया गया है। इस छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक सदर अंचल जीत राम महली, चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा व अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## मेदिनीनगर नगर निगम में नाली सिस्टम दुरुस्त नहीं, जल-जमाव से परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मानसून की बारिश शुरू होने में अब महीने भर का भी समय शेष नहीं है। परंतु नगर निगम क्षेत्र के अन्य वार्ड में नालियों की हालात बेहद गंभीर है। इससे बरसात में गली-मोहल्ले के फिर नरक बनने की आशंका है। नगर निगम क्षेत्र में नालियों के निर्माण पर करोड़ों रुपए खर्च कर किए गए हैं। परंतु अबतक शहर के मुख्य चौराहा छहमुहान पर होने वाले जल-जमाव का निदान भी नहीं निकाला जा सका है। इसका मूल कारण शुरू से अंत तक नाला एवं नाली का निर्माण नहीं कराना, ढाल के अनुरूप नाला का निर्माण नहीं कराया जाना, नालियों का अतिक्रमण रोकना व सफाई सुनिश्चित नहीं कराना आदि है। अधिकांश जगह ओपन नाली होने के कारण सड़क किनारे का कूड़ा-कचरा हल्के आंधी एवं बारिश में नाली में चला जाता है। आम लोग भी कचरा खुले नाला-नाली में डाल देते हैं जिससे नाली का पानी बरसात के दिनों में सड़क पर जमा हो जाता है। शाहपुर निवासी अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर में विवेकानंद चौक से कोयल नदी तक मुख्य सड़क के दोनों किनारे नगर कुछ दूरी तक नाली निर्माण तो कराया गया है। परंतु अधिकांश जगह नाली अधूरा है जिसके कारण सड़क किनारे जमा कूड़ा कचरा हल्के आंधी में नाली में चला जाता है। इससे बरसात के दिनों में नाली का पानी शाहपुर किला से आगे सड़क पर बहने लगता है। आनंद कुमार ने बताया कि शाहपुर के विवेकानंद चौक से कोयल नदी के दोनों किनारे नाला निर्माण करते हुए उसे स्लैब से ढकने की व्यवस्था करने की जरूरत है ताकि सड़क पर जमा कूड़ा-कचरा नाली में न जा सके। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड-27 के पहाड़ी मोहल्ला निवासी राशिद बक्शी एवं पिंटू राईन ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के कुंड मोहल्ला से गोसिया मदरसा होते हुए कोयल नदी तक नाला निर्माण कराया जाना था परंतु गोसिया मदरसा तक ही नाली बनाया जा सका। शेष जगह पुराने समय का बना हुआ ओपन नाला स्थित है जिसमें पानी जमा होने के बाद सड़क पर आ जाता है और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की पूजा भारती प्रेरणा उत्सव के लिए चयनित



PUJA BHARTI
STD. XII

**देश के सभी जिलों से एक छात्र एवं छात्रा का अंतिम रूप से चयन कर प्रेरणा स्कूल वडनगर गुजरात में प्रशिक्षण हेतु एक सप्ताह के लिए भेजा जाना है ताकि देश भर में प्रेरणा उत्सव सफलता पूर्वक मनाया जा सके**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निदेर्शानुसार नवोदय विद्यालय समिति के नेतृत्व में देश भर में प्रेरणा उत्सव के आयोजन हेतु प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया है। देश के सभी जिलों से एक छात्र एवं छात्रा का अंतिम रूप से चयन कर प्रेरणा स्कूल वडनगर गुजरात में प्रशिक्षण हेतु एक सप्ताह के लिए भेजा जाना है ताकि देश भर में प्रेरणा उत्सव सफलता पूर्वक मनाया जा सके। इसी संदर्भ में ऑक्सफोर्ड स्कूल की पूजा भारती कक्षा बारहवीं अंतिम रूप से चयनित हुई जो पलामू जिला का नेतृत्व करेगी। विदित हो की प्रेरणा उत्सव 2024 प्रतियोगिता 22 अप्रैल 2024 को आयोजित की गयी थी। इसमें पलामू जिले के सभी विद्यालय से (क - क्क) के एक छात्र एवं एक छात्रा को भाग लेने का अवसर दिया गया था। ऑक्सफोर्ड स्कूल की पूजा भारती पलामू जिले से चयनित होकर राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. एस. बी. पी. मेहता एवं विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. के. सिंह ने सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए हार्दिक शुभकामना दी एवं उन्होंने कहा की विद्यालय गुणवत्ता पूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा अनुशासन एवं बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है। मात्र पांच वर्षों के अल्पावधि में ही विद्यालय सभी क्षेत्रों में अव्वल आकर अपना स्थान बना रही है।

**आस्था**

### कलश यात्रा का शुभारंभ पौधा दान कर किया

## जल के बिना सुनहरे भविष्य की कल्पना नहीं की जा सकती: कौशल

**पर्यावरण धर्म के प्रार्थना का संकल्प लिया**



**जनसंख्या के अनुपात वन क्षेत्रफल का भी विकास जरूरी : कौशल किशोर**

पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि जिस तेजी से जनसंख्या बढा है। उसी अनुपात में वनों का क्षेत्रफल बढ़ना चाहिए था। लेकिन वैसा नहीं हुआ बल्कि उसी तेजी से वनों का क्षेत्रफल लगभग घट गया। जिसके दुष्परिणाम के कारण एक नई घटना जलवायु परिवर्तन हुआ।

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** अनुमंडल के मुनकेरी पंचायत के मनहु देवी मंदिर में वन राखी मूवमेंट के पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने कलश यात्रियों के बीच पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के संकल्प के साथ आम का पौधा दान किया। उन्होंने कलश यात्रियों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रो की दिलाई शपथ दिलाई। वहीं उन्होंने कहा- जल यात्रा का उद्देश्य तभी सफल होगा, जब लोग अपने धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों के तहत पौधा लगाकर उसे बच्चों की तरह बचाने का संकल्प लेंगे। पर्यावरणविद ने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो जल के लिए तीसरी विश्व युद्ध को कोई टाल नहीं सकता। जल यात्रा में शामिल प्रमुख लोगों में आचार्य रामचंद्र पांडेय, सचिन कुमार पांडेय, बसंत विश्वकर्मा, प्रमोद कुमार यादव, सुभाष कुमार गुप्ता, रामप्रसाद व्यास, ग्राम पंचायत डाली बाजार के उप मुखिया अफजाल अंसारी, उपेंद्र शाह, अरुण प्रसाद गुप्ता, उपेंद्र यादव, नरेंद्र सिंह, बालदेव प्रसाद गुप्ता, नागेंद्र यादव, रविंद्र यादव, गणेश यादव, कर्म देव यादव, जनक यादव, भोला यादव, उमेश शर्मा, आमोद शर्मा, संतोष विश्वकर्मा, सरिता कुमारी, सुनीता देवी पंचायत समिति के साथ सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

# गर्मी से बढ़ा पेयजल संकट : नल जल योजना का नहीं मिल रहा लाभ, कई जगह टूटे नल के पाइप



**नवीन मेल टीम। गढ़वा**

वर्तमान में गढ़वा जिले में पड़ रही भीषण गर्मी से लोग हलकान हैं। वहीं दूसरी ओर जलस्तर के नीचे चले जाने के कारण शहर से लेकर ग्रामीण इलाके में पेयजल का संकट उत्पन्न हो गया है। सार्वजनिक स्थलों तथा शहरवासियों के घरों में लगा हैंडपंप डेड हो चुका है। करोड़ों रूपए की लागत से शहरी पेयजल आपूर्ति योजना का लाभ शहर की आधी आबादी को ही मिल पा रहा है। आधी आबादी को अभी भी इंतजार है।

जिस इलाके को पानी मिल भी रही है वह भी नियमित और निर्धारित समय पर नहीं मिलता। ऐसे में शहर में भी पेयजल की बड़ी समस्या है। शहर से होकर गुजरने वाली नदियां दानरों और सरस्वतिया नदी सुख जाने के कारण जलस्तर भी नीचे चला गया है। शहर के आधे से अधिक चापानल सुख गए हैं। शहर से लेकर ग्रामीण इलाके में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से जल नल योजना का काम तो चल रहा है। पर अभी लोगों को उक्त योजना पर सिर्फ टकटकी लगाकर देखना ही पड़ेगा। क्योंकि उक्त योजना का कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। कहीं पानी टंकी बनकर तैयार है तो कहीं आधे-अधूरे काम कर संवेदक समय गुजार रहे है। पंचायती राज से करोड़ो रुपए की लागत से प्रत्येक पंचायत में जलमीनार लगाया गया था। लेकिन जलमीनार जिले में भ्रष्टचार का भेट चढ़ गया। स्थिति है कि ग्रामीणों इलाके में आधे से अधिक जलमीनार खराब पड़ा है।

## प्रखंड की मौजूदा स्थिति

### स्टार्टर खराब होने से बंद पड़ा है जलमीनार






**रमना।** रमना प्रखंड मुख्यालय से लेकर सभी पंचायतों में पंचायती राज विभाग से जलमीनार लगाया गया था। लेकिन आज प्रत्येक पंचायत में पेयजल की किल्लत है। लोग आज भी नदी और कुंए के पानी पीने को विवश है। सिलिदाग पंचायत के विद्यालय टोला में लगा सोलर जल मीनार गत वर्ष से ही खराब है, उसकी शिकायत उक्त टोला के ग्रामीणों द्वारा मुखिया से किया था लेकिन अभी तक कोई भी कारगर पहल नही हुआ। लोग वर्षो से बंद पड़े हैंड पम्प से जंगमिला पानी पिने को विवश है। ग्रामीण महिला रजमातिया कुंवर बताती है कि हमनी एक बरस से पानी बीना परेशान हिया, पिए और नहाय धोवाय में बड़ी तकलीफ बा इ एकेगो पानी के साधन रहे 3 वर्षो से खराब है। उमेश कुमार ने बताया कि वह जलमिनार गत एक वर्ष से खराब है जिसकी सुचना हमलोगों ने मुखिया को दिया एकबार नल मिसतीरी आया और इसका स्टार्टर खराब होने की बात बताया जिसको खोल कर मुखिया के पास रखने की बात कहा। जिसका वर्षो हो गया लेकिन जल मीनार ठीक नही हुआ। इस संबंध में मुखिया अनीता देवी ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा उसकी सुचना दी गयी थी। उसे लेकर हमने नल मिस्त्री को भेजा था। जिसके द्वारा जल मीनार की स्टार्टर खराब होने की बात बतायी गयी। उसके लिए हमने विभाग को सूचित किया था। एक सप्ताह के अंदर उक्त खराब जल मीनार चालू हो जायेगा।

### पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं ग्रामीण



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर प्रखंड मुख्यालय से लेकर ग्रामीणों इलाके में भी पेयजल की समस्या है। कही चापानल खराब है तो जलमीनार सास ले रही है। प्रखंड मुख्यालय से डेढ़ किमी दूरी पर स्थित बुका गांव के भुंइया टोली में ग्रामीणों के लिए पेयजल हेतु लगा हुआ सोलर जलमीनार पिछले एक वर्ष से खराब है, जबकि उक्त टोले में लगा दोनों हैंडपम्प भी बिगत एक माह से खराब होने से टोले के ग्रामीण इस प्रचंड गर्मी में पीने के पानी के लिए दर-दर भटक रहे है। ग्रामीण जलमीनार व चापाकल बनवाने के लिए संबंधित विभाग और पंचायत के मुखिया से लिखित और मौखिक रूप से कई बार गुहार लगा चुके है। लेकिन उनकी उदासीनता के चलते भुंइया टोली के ग्रामीणों को पेयजल की सुलभ तरीके उपलब्धता के लिए भटकना पड़ रहा है। नवीन ठाकुर, रामकेवल भुंइया, मंजु देवी, झुन्नी देवी, कमला देवी, सुजन्ति देवी आदि ने बताया कि पिछले एक माह से दोनों चापाकल व जलमीनार भी एक वर्ष से खराब पड़ा हुआ है। पेयजल व अन्य घरेलु कार्यो के लिए गांव के स्कुल में लगे एकमात्र चपाकल से पानी ढोने को विवश है।

### प्रचंड गर्मी से सूख चुकी है तीन लाइफलाइन नदियां



**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड में प्रचंड गर्मी की वजह से प्रखंड के तीनो लाइफलाइन नदी पंडा नदी, डोमनी नदी तथा ढाढरा नदी जनवरी माह में ही सूख गया। वही सोनटटीय क्षेत्रों में सदा बहने वाली सोन नदी का भी पानी काफी कम हो गया है। बरसात में बारिश नही होने के वजह से प्रखंड का जलस्तर लगातार नीचे चला जा रहा है। जिससे प्रखंड के खरौंधी, चंदनी, करिवाडीह, राजी, मझिगावां, सिसरी आदि पंचायत के तालाब, आहर, कुंआ सुख गया है। वही प्रखंड के 70 प्रतिशत से ज्यादा चापाकल एवं जलमीनार जबाब दे दिया है। जिससे प्रखंड के लोगो को पीने का पानी व्यवस्था करना पड़ रहा है। खरौंधी बाजार के लगभग चापाकल सुख गया है। मजबूरी में सभी छोटे व्यवसाई पानी बोतल या पानी की पाउच खरीदकर पी रहे है। जबकि पूरा गर्मी का मौसम बाकी है। जब लोगों को पीने का पानी किल्लत से मिल रहा है तो उनके मवेशियों को पानी कैसे मिलता होगा सोचने वाली बात है। सरकार का महत्वाकांक्षी योजना जल नल योजना भी हाथी का दाँत साबित हो रहा है। पानी के लिए लोगों में हाहाकार मचा हुआ है। वही मझिगावां, चौरिया, कूपा, अरंगी, सिसरी, बजरमारवा, खरौंधी, लामी, कोसलिवार आदि गावँ में कई चापाकल सुख गए है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय लामी, माझिगावां, नव प्राथमिक विद्यालय कुमाहर टोली, चिरैयाटांड़ आदि विद्यालयों में लगे चापाकल एवं जलमीनार कई माह से सूखे पड़े हैं।

### जल स्तर नीचे चले जाने से किसान खरीफ फसल की नहीं कर पा रहे बुआई



**केतार।** केतार प्रखंड में भी लगातार बढ़ रही गर्मी की तपिश ने प्रखंड क्षेत्र में लोगों का जीना दुभर कर दिया है। प्रखंड की लाइफ लाइन पंडा नदी दिसम्बर माह में ही सुख गयी है। वहीं चिलचिलाती धूप से चापानल और कुआं का जलस्तर काफी नीचे जाने से जहां किसानों की खरीफ फसल की वोवाई नहीं हो पाया है। वहीं विभिन्न गांवों में ग्रामीणों को पेयजल का संकट उत्पन्न हो गई है। प्रखंड के खैरवा गांव के देवी धाम के पास , पाचाडुमर गांव के बीहडा.टोला पर बीरा चौधरी के घर के पास पंद्रहवें वित्त से लगा जलमीनार महीनों से खराब है। जबकि बीजडीह गांव में हरिजन टोला में अमरनाथ राम के घर के पास चापानल पिछले तीन माह से खराब है। प्रखंड के विभिन्न गांवों में दो दर्जन से अधिक चापानल मरम्मत के अभाव में खराब पड़े है?, इन खराब चापानल की मरम्मती कराने में पीएचडी विभाग के अधिकारी दिलचस्पी नहीं दिखा रहे है। जिस कारण गांव के ग्रामीणों को पेयजल के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। कड़ी धूप में ग्रामीणों को पेयजल और मवेशियों को पानी पिलाने के लिए दूसरे मुहल्ले से पानी लाना पड़ता है।

### सोलर जलमीनार खराब होने से ग्रामीण परेशान

**धुरकी।** धुरकी प्रखंड के कपूरीं चौक समीप जल मिनार विगत कई महिनो से खराब पड़ा है। इस कारण आस पास के दुकानदार व राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। विदित हो कि उक्त स्थान पर बोर में लगे चापाकल अपने पैसा चंदा कर चापाकल को दुरुस्त कराया है। एक सोलर जलमीनार लगा हुआ है। वह भी कई महीनो से खराब है। इस चापाकल से दर्जनों परिवार के लोग इसी चापाकल पर आश्रित है। जल मीनार खराब होने से लोगों को दूर दराज स्थित पेयजल स्त्रोतों से काम चलाना पड़ रहा है। गृहिणियों व दुकानदारों को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के इस मौसम में जलमिनार खराब रहने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। कई बार विभागीय पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से भी गुहार लगाई जा चुकी है। कई बार गांव के लोगों द्वारा आपस मे चंदा कर चापाकल की मरम्मत कराते रहे हैं।

### हाथी का दांत साबित हुआ बरडीहा ग्राम का जलमीनार



ग्रामीणों द्वारा स्वच्छता पेयजल विभाग के अधिकारियों को दिया गया लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई जिसके कारण ग्रामीणों में आक्रोश है।

**श्री बंशीधर नगर ।** स्वच्छता- पेयजल विभाग द्वारा लगाया गया जलमीनार हाथी का दांत साबित हो रहा है प्रखंड के बरडीहा ग्राम में लगाये गये तीन जलमीनार विगत एक वर्ष से खराब है जलमीनार खराब होने के कारण ग्रामीणों को उससे पेयजल नहीं मिल रहा है, जिसके कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरडीहा ग्राम स्थित मसउवर अंसारी,हैसियत अंसारी, तथा साबिद अंसारी के घर निकट लगा तीन सौर्य ऊर्जा आधारित लघु ग्रामीण जल आपूर्ति योजना के तहत बने जल मीनार विगत एक वर्ष से खराब पड़ा हुआ प्रत्येक जल मीनार से लगभग 30 परिवार के लोगों को पेयजल उपलब्ध हो रहा था जलमीनार खराब होने के बाद लोगों को पेयजल के लिये चापाकल का सहारा लेना पड़ रहा है जल मीनार के खराब होने की जानकारी ग्रामीणों द्वारा स्वच्छता पेयजल विभाग के अधिकारियों को दिया गया लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई जिसके कारण ग्रामीणों में आक्रोश है। बरडीहा ग्राम स्थित साबिद अंसारी के घर के निकट लगा जलमीनार का सोलर आंधी तूफान में गिरकर टूट गया जिससे विगत 6 माह से यह जलमीनार खराब पड़ा हुआ है सोलर टूटने की जानकारी विभाग के पदाधिकारियो को दिया गया लेकिन आजतक उनके द्वारा कोई पहल नही किया गया हैं ग्रामीण परवेज आलम ने बताया कि हैसियत अंसारी के घर के पास लगाया गया जलमीनार काफी दिनों से खराब पड़ा हुआ है खराब होने के बाद पेयजल के काफी परेशानी हम लोगों को हो रहा है। जानकारी के अनुसार जल मीनार के संवेदक द्वारा पांच वर्षो तक जल मीनार की देखभाल कर लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने का प्रावधान है निर्माण होने के बाद आजतक संवेदक द्वारा जल मीनार के स्थिति की जानकारी नही लिया गया है।

> जिले में जलस्तर नीचे जाने के कारण पेयजल की समस्या उत्पन्न हुई है। लगातार उक्त समस्या को लेकर बीडीओ और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा और निगरानी रखी जा रही है। एक टीम बनाकर प्रत्येक प्रखंड में खराब पड़े चापाकल को ठीक कराया जा रहा है। पंचायत फंड से लगे जलमीनार जलस्तर नीचे जाने के कारण खराब है। उन्हें भी ठीक कराने का निर्देश दिया गया है। शहर में भी टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति का निर्देश दिया गया है। ताकि किसी को भी परेशानी नहीं हो।
>
> **शेखर जमुआर उपायुक्त (गढ़वा)**

### पानी की कमी, परेशान लोग



उत्क्रमित मध्य विद्यालय लामी में खराब पड़ा जलमीनार



आमारोरा के मोहा टोला में चापाकल का फटा हुआ पाइप



उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां में खराब पड़ा जलमीनार एवं चापाकल



भंडरिया प्रखंड मुख्यालय इंदिरा चौक के पास जलमीनार और चापाकल वर्षों से खराब है



नल-जल योजना में अनियमितता बरकरार, नहीं मिल रहा लाभ

### बैशाख पूर्णिमा के दिन भंडारा का हुआ आयोजन



**केतार।** केतार स्थित मां चतुर्भुजी मंदिर परिसर में गुरुवार को बैशाख पूर्णिमा के अवसर पर भंडारा का आयोजन किया गया। इससे पूर्व श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन पूजन किया। इस अवसर पर मंदिर विकास समिति के पदाधिकारी श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई। मंदिर विकास समिति के संरक्षक रामविचार साहू ने कहा कि मां चतुर्भुजी मन्दिर में चैत्र माह से बैशाख पूर्णिमा तक लगने वाले दो माह का मेला सम्पन्न हो रहा है बैशाख पूर्णिमा के अवसर पर भव्य भंडारा में हजारो महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना के पश्चात महाप्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि आज बैशाख पूर्णिमा को बुद्ध पूर्णिमा और पीपल पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। बैशाख माह की पूर्णिमा के दिन गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था। इसलिए इसे बुद्ध पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, बुद्ध पूर्णिमा के दिन गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था जिन्हें भगवान विष्णु का दसवां अवतार भी मानते हैं।

### टैंपू की धक्के से मोटरसाइकल सवार घायल

**गढ़वा।** धुरकी थाना के सिसरी गांव निवासी सुनील सिन्हा का 35 वर्षीय पुत्र अमित कुमार सिन्हा टैंपू की धक्के से घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध मे बताया कि वह अपने घर से शहर की ओर आ रहा था। उसी बीच एक टैंपू ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया। घटना के बाद उसे इलाज के लिए आस पास के लोगो ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया है।

### चिनिया रोड में श्री बालाजी फैमली रेस्टोरेन्ट की हुई शुरूआत



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा शहर के चिनिया रोड में गुरुवार को श्री बालाजी फैमली रेस्टोरेन्ट की शुरुआत की गई। जिसका उद्घाटन संचालक ओमप्रकाश सिंह की पुत्री रानी एवं सानिया ने फीता काटकर किया। इस मौके पर श्री बालाजी फैमली रेस्टोरेंट संचालक ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि उनका लक्ष्य है उन्होंने कहा कि उनके रेस्टोरेंट में नाश्ता, खाना, फास्ट फूड,और मीठा सहित अन्य व्यवस्था उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि रेस्टोरेंट में गुणवता की गारंटी है। जो ग्राहक एक बार यहां पहुंचेगी। वह विभिन्न व्यंजनों के गुणवता से संतुष्ट होकर घर जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य है कि लोग अपने घर के फैमिली के साथ आकर यहां स्वादिष्ट भोजन कोल्ड ड्रिंक मिठाई चाऊमीन आदि यहां बैठकर खा सकते हैं।

## एक नजर

### कधवन गांव के युवक का अहमदाबाद में मौत



**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के कधवन गांव निवासी जयराम चौधरी का पुत्र कृष्णा चौधरी (23) की मृत्यु बुधवार की रात्रि में इलाज के दौरान अहमदाबाद (गुजरात) के एलजी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान हो गई। जानकारी के अनुसार बीस दिन पुर्व कृष्णा मजदुरी करने अपने बहनोई के साथ अहमदाबाद गया था। एक सप्ताह पुर्व उसका तबीयत खराब हो गया उसका बहनोई उसका इलाज एलजी हॉस्पिटल में करा रहा था। उसे कय- दस्त हो रहा था इसी दौरान तबीयत में कुछ सुधार होने के बाद कृष्णा हावड़ा- अहमदाबाद एक्सप्रेस से बुधवार को घर लौट रहा था। इसी बीच नादियाद जंक्शन पर अचानक तबियत खराब हो गया। वहां से उसका बहनोई का भाई एलजी हॉस्पिटल ले गया। जहां डाक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। खबर लिखे जाने तक युवक का शव पैतृक गांव कधवन नहीं पहुंचा है।

### महिला ने कीटनाशक खाकर की आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी राहुल कुमार की पत्नी शोभा कुमारी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास की। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि आपसी घरेलू किसी बात को लेकर शोभा कुमारी को उसकी सास ने डांट फटकार किया था। उसी बात से आक्रोशित होकर शोभा कुमारी ने कीटनाशक खा ली।

### जंगली सुअर के हमले से एक जख्मी

**गढ़वा।** रंका थाना क्षेत्र के दुदवाल गांव निवासी तस्मुदीन अंसारी का 50 वर्षीय पुत्र हसनु अंसारी को जंगली सुअर ने काट कर जख्मी कर दिया है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया कि हसबुन बीबी 45 वर्ष व हसनु अंसारी 50 वर्ष दोनो अपने घर से जंगल की ओर सुबह 8 बजे केंदू पता तोड़ने गए थे। उसी बीच एक जंगली सुअर ने हसबुन बीबी के उसके ऊपर हमला करने जा रहा था। उसी बीच जब हसनु अंसारी उसे बचाने गया तो सुअर ने उसके ऊपर हमला कर दिया। काफी देर हसनु अंसारी उससे बचने का प्रयास किया। शोर मचाने के बाद सुअर छोड़ कर भागा। घटना के बाद उसे उसे परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहा उसका इलाज चल रहा है। घटना में घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर जख्म का निशान कर दिया।

## भवनाथपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के तीन धुरंधर राजनीतिज्ञों की है अग्नि परीक्षा

**ताहिर अंसारी**



**अनंत प्रताप देव**



**भानुप्रताप शाही**



**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

भवनाथपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के तीन धुरंधर राजनीतिज्ञों की अग्नि परीक्षा है पलामू संसदीय चुनाव में प्रत्याशियों का जीत और हार । क्योंकि 5 महीने के बाद भवनाथपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सहित प्रदेश में उसका बिसात बिछना शुरू हो जाएगा । पलामू संसदीय चुनाव में उक्त तीन नेताओं की जीतोड़ मेहनत को उसी से जोड़कर देखा जा रहा है । वर्ष 2024 के मई माह में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के मतगणना होने में महज अब कुछ ही दिन का समय बच गया है । लेकिन पलामू संसदीय क्षेत्र के मतदाता से लेकर प्रत्याशी भी उस और टकटकी लगाए बैठे हैं । वही मतदान का परिणाम चाहे जिस प्रत्याशी के पक्ष में जाए वह निश्चित तौर पर पलामू संसदीय क्षेत्र का सांसद कहलाएगा । लेकिन भवनाथपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के तीन धुरंधर राजनीतिज्ञों की भविष्य भी उन्ही के परिणाम में सँहित होकर रह गया है । भवनाथपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से अलग-अलग पार्टी के बैनर तले राजनीति कर रहे वर्तमान विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही, झामुमो नेता सह पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव और ताहिर अंसारी अपने-अपने समर्थित पार्टी के प्रत्याशियों को जीत दिलाने को लेकर जी तोड़ मेहनत करने का काम किए हैं । उक्त नेताओं की ओर से किए गए मेहनत का परिणाम भी विजई हुए प्रत्याशियों के साथ होगा । वहां देखना दिलचस्प होगा कि भवनाथपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से लगातार दो बार से प्रतिनिधित्व करते आ रहे भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही की मेहनत कितना गुल खिला पता है । साथ ही अब तक अलग-अलग पार्टियों के टिकट पर चुनाव लड़े अनंत प्रताप देव व ताहिर अंसारी की संयुक्त मेहनत भी कितना कारगर हो पता है । मतदाताओं के रुझान के अनुसार इस बार के चुनाव में राजद प्रत्याशी ममता भुइयां और भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के बीच कांटे की टक्कर होने की बात बताई जा रही है । दो प्रत्याशियों के संघर्ष शील राजनीतिक लड़ाई में जो विजई होगा उसके समर्थक का गुल खिलना स्वाभाविक है । मालूम हो कि वर्ष 2019 में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप शाही 92 हजार मत लाकर बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ी ताहिर अंसारी की पत्नी सोगरा बेगम व बिना दल के निर्दलीय चुनाव लड़े पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव को पटखनी देने में सफलता हासिल कर ली थी । वहीं उक्त पार्टी के प्रत्याशियों को क्रमशः 52000 और 56000 मत प्राप्त हुए थे । उसके बाद भानु प्रताप शाही आज भी अपने पार्टी के साथ खड़े होकर पार्टी के समर्थित उम्मीदवार विष्णु दयाल राम के लिए जी तोड़ मेहनत करने का काम किए हैं ।

# जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से लोगों को हो रही है परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** पंचायत के पीपल चौक के पास गली में जलभराव होने से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। पानी निकासी न होने से आए दिन जब भी वर्षा होती है, गली में जलभराव हो जाता है। इस संबंध में ग्रामीण मुकेश जायसवाल, अरुण नगेसिया, सूरज जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, अशोक प्रसाद ने बताया कि यह समस्या जब भी वर्षा होती है, वर्षा का पानी पूरे गली में जमा हो जाता है। लेकिन इस ओर जनप्रतिनिधि के ध्यान नहीं जाने के चलते यह परेशानी सहन करनी पड़ रही है। गली का पानी बाहर न निकल कर गली में ही जमा हो जाता है। जिससे गली वासियों को घर से निकलना दुश्वार हो गया है। गली वासियों को इस कारण काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहां के ग्रामीणों ने जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। ताकि उन्हें इस परेशानियों से निजात मिल सके।



## कम बोरिंग, खराब मोटर होने से पांच जलमीनार बेकार, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पानी

**महुआडांड़।** प्रखंड के दुरूप पंचायत के ग्राम लुरगुमी कला में लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना अन्तर्गत जल जीवन मिशन के तहत पांच जलमीनार लगाया गया है। कम बोरिंग एवं अधिकांश टंकी में लगे मोटर खराब हो गये है। जिसे कारण ग्रामीणों की पानी सप्लाई नहीं हो रही है। इस संबंध में ग्रामीण रमजान आंसारी, अमरूदिन सुकना लोहरा, रूकशन बीबी, बलाकी देवी, रेहना सहित अन्य ग्रामीण ने बताया की घटिया मोटर के साथ साथ कम बोरिंग कर सभी जलमीनार का निर्माण किया गया है। शुरूआत के चार पांच दिन तक टंकी से पानी ढंग से मिला। जैसे जैसे गर्मी बढ़ी जल स्तर नीचे जाते ही सभी जलमीनार से पानी सप्लाई कम होते होते बंद हो गई। जब कभी भी इसकी शिकायत वार्ड सदस्य व मुखिया से करते है। सिर्फ आश्वासन दिया जाता की एजेंसी के सदस्य को बोलकर मरम्मत कार्य कराया जाएगा। लेकिन एक बार भी इन खराब पड़े जलमीनार को देखने नहीं आये। पानी की दिक्कत को देखते ग्रामीण ने प्रशासन से जल्द से जल्द मरम्मत की मांग की है।



## न्यूज बॉक्स

### बीजेपी प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने चुनाव के बाद किया इटखोरी-मयूरहंड का दौरा



**मयूरहंड/इटखोरी(चतरा)।** चतरा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह चुनाव के बाद गुरुवार को इटखोरी व मयूरहंड प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान श्री सिंह क्षेत्र का भ्रमण कर पार्टी कार्यकर्ताओं व जनता से मिलकर अभार जताया। इस दौरान भाजपा एवं आजसू कार्यकर्ताओं ने करमा चौक पर श्री सिंह का माला पहनाकर व गुलदस्ता भेंट कर भव्य स्वागत किया। जिसके बाद करमा, सेवाल, मायापुर सोकी समेत अन्य गांवों का दौरा किया और लोगों से मिलकर आभार जताते हुए कहा कि मैं आप लोगों के प्यार का ऋणी हूं। आपके हर सुख-दुख में मैं खड़ा रहूंगा। वहीं श्री सिंह गुरुआडीह स्थित मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। इस दौरान आजसू के चतरा जिला सचिव संतोष कुमार मेहता, मुकेश मेहता, गोपाल मेहता, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र नायक, समाजसेवी शिवकुमार सिंह, संजय सिंह, चुनाव प्रभारी बसंत नारायण सिंह, रसिक शिरोमणि आदि ने प्रत्याशी श्री सिंह का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इससे पूर्व भाजपा उम्मीदवार श्री सिंह इटखोरी प्रखंड के पितीज एवं इटखोरी पहुंचकर समर्थकों से मिलकर आभार व्यक्त किया। कई चौक चौराहे पर श्री सिंह का जोरदार स्वागत भी किया गया। इटखोरी व मयूरहंड में कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद श्री सिंह चुनाव प्रचार के लिए धनबाद रवाना हो गए।

### डायग्नोस्टिक सेंटर का प्रतिनिधियों ने किया उद्घाटन



**पत्थलगड़ा(चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित सुभाष चौक के सामने अंश डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ गुरुवार को समारोहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे जिप सदस्य रामसेवक दांगी व बरवाडीह मुखिया संदीप कुमार सुमन उर्फ महेश दांगी ने संयुक्त रुप से विधिवत फीता काट कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात प्रतिनिधियों ने सेंटर के पुष्पित-पल्लवित होने की कामना करते हुए कहा कि इस तरह हमारे प्रखंड क्षेत्र में सेंटर खुलने से क्षेत्र में मरीजों को किसी भी बीमारी से संबंधित जांच कराने की परेशानी से निजात मिलेगी। सेंटर के संचालक विकास कुमार व दीपेश कुमार ने बताया कि अब चतरा, हजारीबाग का चक्कर लोगों को बिमारियों के जांच के लिए नहीं काटना पड़ेगा। हमारे सेंटर में आधुनिक तकनीक से डायग्नोस्टिक किया जाएगा। साथ ही मरीजों के सुविधाओं का ख्याल रखा जाएगा। मौके पर एदला मुखिया, पत्रकार मो. सराजुल, बीजेपी प्रखंड अध्यक्ष सतीश कुमार के अलावे अन्य शामिल थे।

### मारपीट का जायजा लेने पहुंचे सांसद प्रत्याशी, न्याय दिलाने की दिया भरोसा



**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मसियातू पंचायत के 150 बूथ में मतदान के दिन 20 मई को भाजपा बूथ अध्यक्ष सोहराई उरांव से कुछ विशेष समुदाय के लोगो ने मार पीट कर दिया था जिससे सोहराई उरांव चोटिल हो गए थे। मामले की जानकारी मिलते ही भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह के अध्यक्षता में बालूमाथ मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा के अगुवाई में चतरा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मासियातु ग्राम सोहराई उरांव के घर पहुंच उसका हाल चाल जाना और हुई मारपीट मामले में घटना का विस्तृत जानकारी ली। साथ ही साथ पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए बालूमाथ एसडीपीओ और लातेहार एसपी से दूरभाष पर बात कर दोषियों को जल्द गिरफ्तारी एवं पीड़ित को उचित न्याय दिलाने की बात कही गई। साथ ही यह भी वरीय अधिकारियों को जानकारी दिया कि जिन लोगों ने सोहराय उरांव से मारपीट की है उनका मासियातु में कई अवैध भट्टे संचालित होते हैं। मौके पर समस्त मंडल टीम लातेहार जिला टीम के साथ सैकड़ों भाजपाई मौजूद रहे।

## एक नजर

### पुलिस को युवक का अज्ञात शव मिलने से सनसनी



**लातेहार।** लातेहार सदर थाना क्षेत्र के हेठ पोचरा पंचायत के मधुवाखाडु पुल के पास बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने एक शव देखा। इसके बाद आसपास लोगों में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना सदर थाना को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल अन्तः परीक्षण के लिए लाया गया। पुलिस के द्वारा ग्रामीणों से पूछताछ करने पर मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।आगे पुलिस ने लोगों से आग्रह करते हुवे कहा कि कोई व्यक्ति इस युवक को पहचानते हों तो इसकी सूचना लातेहार सदर थाना को दें।

### महुआडांड़ में 8 घंटे से बिजली गुल, गर्मी से लोग परेशान

**महुआडांड़।** महुआडांड़ में बुधवार दोपहर को बारिश और आंधी-तूफान चलने के कारण 8 घंटे से बिजली कटी रही। जिसके कारण उपभोक्ता उमस भरी गर्मी में परेशान है। जानकारी अनुसार तेज हवा चलने के कारण डुमरी रूट से आने वाले तार पर पेड़ की डालियां गिरने व नेतरहाट से महुआडांड़ आने वाली बिजली तार में फॉल्ट होने के कारण बिजली आपूर्ति बंद है हालांकि खराब बिजली फॉल्ट को दुरुस्त करने का कार्य किया जा रहा है। लोकल मिस्त्री ने बताया कि देर शाम तक बिजली आपूर्ति शुरू हो सकती है।

### अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, एक महिला गंभीर, रेफर

**पतरातू।** पीटीपीएस काली घाट के निकट गुरुवार को अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दिया, जिससे बाइक सवार महिला ललिता देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। जबकि बाइक चला रहे ललिता देवी के पति विश्वनाथ गंझू और उसके दो बच्चे चोटिल हो गए। विश्वनाथ गंझू, पत्नी ललिता देवी (20), दो बच्चों के साथ रिश्तेदार के घर से अपने गांव करमताड़, कल्याणपुर, टंडवा लौट रहा था। इसी क्रम में काली घाट के समीप ट्रेलर ट्रक से वह पास ले रहा था।

# सीएमडी ने मगध परियोजना का दौरा कर लिया खदान का जायजा

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** सेंट्रल कोलफिल्ड लिमिटेड(सीसीएल) के नये अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) निलेंदु कुमार सिंह ने गुरवार को सीसीएल के मगध परियोजना का दौरा किया। सीएमडी बनने के बाद निलेंदु कुमार सिंह का मगध परियोजना में पहला दौरा था। सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह सर्वप्रथम मगध परियोजना कार्यालय के प्रांगण में स्थित अवंतिका गेस्ट हाउस पहुँचे जहाँ पर मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक, नृपेन्द्र नाथ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। अवंतिका गेस्ट हाउस के सम्मेलन कक्ष में सीएमडी ने उपस्थित सभी अधिकारियों के साथ एक काली पूजा कर माँ काली का आशीर्वाद लिया। पूजा करने के बाद सीएमडी सबसे पहले मगध खदान का निरीक्षण करने पहुँच जहाँ उन्होंने परियोजना के व्यू पॉइंट से खदान को देखा और मौके पर उपस्थित महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ से परियोजना विस्तारीकरण के बारे में जानकारी ली। महाप्रबंधक ने सीएमडी को परियोजना के बारे में विस्तार पूर्वक बताया एवं परियोजना रिपोर्ट की जानकारी दी। सीएमडी ने कोयला उत्पादन, संप्रेषण और सुरक्षा को लेकर परियोजना के अधिकारियों से जानकारी ली और महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश भी दिये। वहीं उन्होंने सुरक्षित रूप से कोयला उत्पादन पर जोर दिया एवं स्थानीय अधिकारियों से परियोजना से संबंधित समस्याओं से भी अवगत हुए और समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान का भरोसा भी दिलाया। साथ ही परियोजना के विस्तार के लिए अपनी बात कही। खदान के निरीक्षण के बाद उन्होंने मगध खदान के अंतर्गत संचालित साइडिंग और निर्माणाधीन एनटीपीसी कोयला कन्वेयर का भी निरीक्षण कर अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर बातचीत की। उन्होंने हितधारकों के साथ भी बातचीत की और वांछित लक्ष्य प्राप्त करने का विश्वास व्यक्त किया। सीएमडी, महाप्रबंधक सहित अन्य अधिकारी एवं पूरी टीम अवंतिका गेस्ट हाउस पहुँची जहाँ एक बैठक के दौरान सीएमडी ने विभिन्न मुद्दों जैसे संचालन, उत्पादन, संप्रेषण, विस्तार योजना, सुरक्षा आदि पर चर्चा की तथा उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश एवं सुझाव दिए। इस दौरान मगध महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ, खान प्रबंधक मोहम्मद अकरम सहित कई सीसीएल वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

मौके पर दिए आवश्यक निर्देश एवं सुझाव



## गैस कनेक्शन धारी को ई-केवाइसी और बायोमेट्रिक करना हुआ जरुरी

नहीं करने पर गैस कनेक्शन हो जाएगी बंद



नवीन मेल संवाददाता

**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भारत गैस एजेंसी ग्रामीण वितरक के संचालक मुंसी साव ने सभी गैस कनेक्शन धारी ग्राहकों को भारत गैस पेट्रोलियम के आदेशानुसार सुचना जारी किया। उन्होंने ग्राहकों को सूचित करते हुए कहा कि भारत पेट्रोलियम मंत्रालय के आदेश अनुसार एक आवश्यक सूचना सभी गैस कनेक्शन धारी को सूचित किया जाता है कि आप अपना आधार कार्ड एवं गैस का पासबुक लेकर ऑफिस में जाकर जो लाभुक है वह अपना अंगूठा लगाकर ई केवाईसी करवाने का कृपा करें बायोमेट्रिक नहीं करने पर 31/7/2024 के बाद गैस कनेक्शन बंद हो जाएगी जिसका जिम्मेवारी गैस कनेक्शन का नहीं होगा। अपना गैस कनेक्शन में अपना मोबाइल नंबर जुड़वाने का कृपा करें। गैस बुकिंग नंबर 77 18912345 मे कॉल करने के बाद 1, 1, दो बार दवाए और 771095555मे मिस कॉल करें तथा 1800224344 पर व्हाट्सप से बुकिंग करें। जिस कनेक्शन धारी को पांच वर्ष हो गया है। उसके यहां गैस एजेंसी की तरफ से स्टाफ भेजा जा रहा है जांच के लिए आप अपना जांच सुरक्षा पूर्ण करवा ले। साथ मे गैस कनेक्शन का पाइप चेंज किया जाएगा जो 190 रुपया वाला पाइप आप सभी को 150 रुपया में दिया जाएगा। इसके अलावा और कोई भी चार्ज नहीं लगेगा। उज्जवला कनेक्शन वाले कम से कम 3 महीने में एक बार गैस जरूर भरवाए। जिस कंपनी का गैस कनेक्शन है उसी गैस एजेंसी से गैस भरवाए अगर आप ऐसा नहीं करते हैं और आपके यहां कोई घटना होता है तो उसका जिम्मेवार स्वयं होंगे। विशेष जानकारी के लिए गैस एजेंसी ऑफिस में इस नम्बर पर 9934770094, 6299424810 मे संपर्क करके बारियातु ब्लॉक रोड मिडील स्कूल के सामने गैस एजेंसी में आकर विशेष जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## धूमधाम से मनाया गया बाबा बनेश्वर शिव मंदिर का 17वां वर्षगांठ

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम राजडंडा स्थित बाबा बनेश्वर शिव मंदिर के 17वां वर्षगांठ बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह 8:00 बजे सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु बेलटोली नदी पहुंचे जहां पंडितों द्वारा मंत्र उच्चारण के बीच कलश में पवित्र जल भरा गया। जिसके बाद कलश यात्रा के साथ पूजा कार्यक्रम की शुरुआत की गई। यह कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पूरे नगर का भ्रमण करते हुए मंदिर पहुंचे इस दौरान पूरा क्षेत्र ऊं नमः शिवाय एवं हर हर महादेव के जयकारों से गुंज्यमान रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रद्धालु माता बहनों एवं बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मुख्य पुजारी समेत अन्य ब्राह्मणों के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ देवी देवताओं के आह्वान कर पूजन हवन कार्यक्रम कराया गया। इस अवसर पर विशेष पूजा अर्चना के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया। जहां सैकड़ो भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। संध्या आरती के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर पूजा समिति के अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद, कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार, बनासू प्रसाद, राजेश सोनी, पप्पू सोनी, राजू कुमार, रवि प्रसाद, शशिकांत प्रसाद, गणेश सोनी, समेत अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।



## विद्युत चोरी मामले में 7 के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के सिंदुआरी गांव में विद्युत विभाग द्वारा गुरुवार को छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान का नेतृत्व विभाग के कनीय अभियंता तरुण कुमार के द्वारा किया गया। इस क्रम में सात लोग विद्युत चोरी करते पकड़े गए। जबकि उपरोक्त सातों लोगों पर 1 लाख 24 हजार 284 रुपया बकाया बिल पाया गया। इस बाबत जेई द्वारा विद्युत चोरी को लेकर सिंदुआरी निवासी राजू यादव, पप्पू कुमार, ब्रह्मदेव दांगी, सतीश दांगी, अनिल दांगी, विनेश कुमार दांगी व वीरेंद्र दांगी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। साथ ही 72 हजार 198 रुपया का जुर्माना भी लगाया गया है। छापेमारी दल में विकास कुमार, महावीर दांगी, मनीष कुमार केसरी, विजय कुमार संतोष कुमार, पंकज कुमार, गोविंद कुमार आदि विद्युत कर्मी शामिल थे।



**लोस चुनाव**

### 81963 मतदाताओं में 53035 मतदाताओं ने ही डाले अपने मत

# वोट देने में पुरुषों से आगे रहीं महिला मतदाता

*बूथ सं 314 राप्रावि पतराटोली में सर्वाधिक 77.67 प्रतिशत मतदान तो वहीं बूथ सं 300 प्लस टू उच्च विद्यालय में सबसे कम 40.28 प्रतिशत मतदान*



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में चतरा लोकसभा का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। चंदवा प्रखंड क्षेत्र में चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने पर प्रखंड प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है। इस बार लोकसभा चुनाव में कुल 22 प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे थे। सभी प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है। अब प्रत्याशियों को चार जून का बेसब्री से इन्तेजार है। चंदवा प्रखंड में इस बार मतदान प्रतिशत 64.78 प्रतिशत दर्ज किया गया है जो कि 2019 के लोकसभा चुनाव से 5 प्रतिशत कम है। प्रखंड क्षेत्र में कुल मतदाताओं की सं 81963 थी जिसमें 53 हजार 35 मतदाताओं ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। इस बार महिला मतदाताओं ने पुरुषों को पीछे छोड़ दिया है। कुल 41152 महिला मतदाताओं में से 27345 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। वहीं 40811 पुरुष मतदाताओं में से 25690 ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। सबसे कम मतदान केंद्र की बात करें तो बूथ सं 300 प्लस टू उच्च विद्यालय में 40.28 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है यहां कुल मतदाताओं की सं 499 थी जिसमें 201 मत ही पड़े। वहीं दूसरे स्थान पर बूथ सं 333 राप्रावि जमीरा रही जहां 48.44 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है इस बूथ पर वोटरों की कुल सं 739 थी जिसमें महज 358 मत ही पड़े। तीसरे स्थान पर बूथ सं 320 मवि चंदवा रही यहां मतदान प्रतिशत 52.85 प्रतिशत दर्ज किया गया यहां 999 वोटर्स में 528 वोट ही पड़े। प्रखंड क्षेत्र में सबसे अधिक मतदान पड़ने वाले केंद्रों की बात करें तो बूथ सं 314 राप्रावि पतराटोली सबसे ऊपर रही यहां 77.67 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है यहां वोटरों की सं 694 थी जिसमें 539 मत पड़े। वहीं दूसरे स्थान पर बूथ सं 294 उमवि अंबाटांड़ (चकला) रहा यहां 76.88 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है यहां कुल मतदाताओं 813 में 613 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया है। तीसरे स्थान पर बूथ सं 309 राप्राथमि हिसरी रही यहां कुल मतदान प्रतिशत 75.34 दर्ज किया गया है। यहां कुल मतदाताओं 592 में 346 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया है।

## लातेहार में सबसे अधिक 66.45 % व चतरा विस में सबसे कम 60.73 % मतदान

कम ममदान किसको पड़ेगा भारी चर्चा जोरों पर




नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** चुनाव संपन होने के बाद चतरा कॉलेज चतरा में बनाये गये बज्रगृह में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में ईवीएम सील हो चुके हैं। ऐसे में अब जीत के आकलन में जुटे हैं समर्थक व कार्यकता। वहीं लातेहार में सबसे अधिक व चतरा विस क्षेत्र में सबसे कम मतदान पर आब चर्चा हो रही हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चतरा संसदीय सीट में इस बार वर्ष 2019 की अपेक्षा 2.04 प्रतिशत कम आर्नी 63.03 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं सबसे अधिक लातेहार विधानसभा क्षेत्र में 66.45 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं जबकी सबसे कम चतरा विधानसभा क्षेत्र में 60.73 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके अलावा सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में 63.91 प्रतिशत, मनिका विधानसभा क्षेत्र में 63.72 प्रतिशत व पांकी विधानसभा क्षेत्र में 61.22 प्रतिशत मतदान हुआ है। चतरा संसदीय क्षेत्र में कुल मतदाता 16 लाख 89 हजार 926 थे। जिसमें 61.22 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया गया है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में 65.7 प्रतिशत मतदान हुआ था। हालांकि इस वर्ष करीब 63.03 प्रतिशत मतदान हुआ है। ऐसे में क्षेत्र में चतरा में हुए कम मतदान व लातेहार में हुए अधिक मतदान पर चर्चा होने लगी है कि आखिर चतरा में वोट पड़े कम वोट व लातेहार में किए गए अधिक मतदान का लाभ किसे मिलेगा। इसका खुलासा तो 4 जून को मतगणना के बाद ही पता चलेगा, लेकिन इसपर चर्चा जोरो पर है।

## एक नजर

### भरनो में पुलिस ने 34 गोवंशीय मवेशी को किया जब्त

**भरनो।** भरनो पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के बूढ़ीपाठ और ललटोली गांव के बीच से गुप्त सूचना पर 34 गौवंशीय पशुओ को जब्त किया इस दौरान 7 किलो मीटर तक थानेदार के नेतृत्व में होमगार्ड के जवान और पुलिस के जवानों के द्वारा मवेशियों को हांकते हुए भरनो थाना लाया गया। इधर थानेदार अरविंद कुमार ने बताया की उन्हे गुप्त सूचना मिली थी की भरनो थाना क्षेत्र के लालटोली गांव में पशु तस्करों द्वारा कहीं बाहर से ट्रक में भरकर गौवंशीय पशुओं को लाया गया है, जिसे ट्रक से उतार कर रखा गया है और आगे सभी मवेशियों को दूसरे ट्रक में भरकर रांची ले जाने की तैयारी की जा रही है। इस पर भरनो पुलिस द्वारा वहां पहुंचकर छापेमारी करते हुए सभी 34 गौवंशीय पशुओं को जब्त कर लिया गया।


### बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर मानव कल्याण के लिए सामूहिक हवन

**कुडू।** गायत्री शक्तिपीठ लोहरदगा के तत्वावधान में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर कुडू में गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर मानव कल्याण के लिए सामुहिक हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गायत्री शक्तिपीठ के प्रतिमा देवी, अनिल भैया ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सभी को सामुहिक हवन कराया। इस मौके पर प्रधानाचार्य रूपेश कुमार सिंह, अध्यक्ष धीरज प्रसाद, कोषाध्यक्ष विनय कुमार, पूनम देवी, आरती देवी, प्रदीप साहू, अजय शर्मा, धनोज महतो, अशोक मिश्रा, सतेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में बच्चे व उनके अभिभावक सम्मिलित हुए।

### कीटनाशक खाकर महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित गुमला सदर थाना क्षेत्र के केसीपारा निवासी 28 वर्षीय महिला देवंती देवी ने गुरुवार की दोपहर कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। स्थिति खराब होने पर परिजन तत्काल उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। हालांकि महिला ने कीटनाशक का सेवन क्यों किया इसका अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। महिला दो-तीन दिन पूर्व अपने मायके केसीपारा आई थी।उसका ससुराल सदर थाना क्षेत्र के आंजन गांव में है। संभवतः पति से कुछ विवाद होने के कारण उसने यह कदम उठाया होगा। फिलहाल सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है उसकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है।

### बसिया में लोकसभा प्रत्याशी के पहल से लगा ट्रांसफार्मर



**बसिया।** प्रखंड अंतर्गत जोलो गांव में करीब डेढ़ माह से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण लोग अंधेरा में रहने को विवश थे। जिस कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, यह गांव हाथी प्रभावित गांव है। रात के अंधेरे में लोग घर से बाहर निकलने से डरते थे। लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव के पहल से ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसका उद्घाटन भाजपा एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष रामवतार भगत, पूर्व जिला अध्यक्ष देवेंद्र लाल उरांव, मंडल महामंत्री दिनेश लकड़ा के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। मौके पर कारू लकड़ा, मंगरा उरांव, अनिल साहू, लव कुमार, प्रहलाद लोहरा सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे। उद्घाटन के बाद ग्रामीणों के साथ एक बैठक किया गया। जिसमें मोदी जी के द्वारा कई योजनाओं के बारे में देवेन्द्र लाल उरांव, रामावतार भगत, दिनेश लकड़ा के द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया।

# लोगों को नहीं मिल रहा पानी, सरकारी चापाकलों पर है अवैध कब्जा

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** सरकारी चापाकलों पर अवैध कब्जा कहीं चापाकलों में लगा रहता है ताला कहीं घेराबंदी के अंदर हो गया सरकारी चापाकल चैनपुर प्रखंड में सरकारी चापाकलों पर गांव के दबंगों का इस कदर कब्जा होता है कि लोग इस प्रचंड गर्मी में प्यास बुझाने के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को विवश होते हैं। कहीं घेराबंदी के अंदर हो गया सरकारी चापाकल चैनपुर प्रखंड में सरकारी चापाकलों पर गांव के दबंगों का इस कदर कब्जा होता है कि लोग इस प्रचंड गर्मी में प्यास बुझाने के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को विवश होते हैं।दरअसल



चैनपुर प्रखंड में पीपल चौक में सरकारी चापाकल पर ताला जड़ा तथा विभिन्न ऐसी चापाकल है जो व्यक्तीगत रूप से मोटर या समरसेबल लगा कर अपने निज्जी कार्य होता है।

इस चापाकल से खास व्यक्ति के अलावा कोई भी ग्रामीण पानी नहीं ले सकते। इसके साथ ही चैनपुर पंचायत में विधायक निधि से गाड़े हुए चापाकल को अपना निजी चापाकल बता कर गृहस्वामी ने घेराबंदी कर ली।

इतना ही नहीं सरकारी चापाकल होने के नाते जब लोग पानी लाने पहुंचे तब मारपीट एवं गाली गलौज के साथ झूठे मुकदमे में फंसाने की भी धमकी दे डालते है। जिले में सरकारी चापाकलों की यह स्थिति शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांशत देखा जाता है।

चैनपुर पंचायत की मुखिया शोभा देवी से पूछने पर उन्होंने बताया कि पत्रकारों के माध्यम से मुझे इसकी जानकारी मिली है। इस तरह चापाकल में ताला लगाना कहीं से भी उचित नहीं है। पानी सभी के लिए जरुरी है जल्द ही चापाकल से ताला हटाया जाए।

**जिला प्रशासन के अधिकारी नहीं करते कार्रवाई: ग्रामीण**

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि लोगों की शिकायत पर भी विभाग और जिला प्रशासन के आला अधिकारी कोई कार्यवाही नहीं करते। यही कारण है कि सरकारी चापाकलों पर अवैध रूप से अधिपत्य जमाने का प्रचलन थमने के बजाएं और जोर पकड़ने लगा है। दिलचस्प बात यह है कि चुनाव सुरु होते ही सरकारी चापाकलों में प्रत्याशियों के द्वारा संबरसिबल लगा कर वोटरों को प्रभावित करने का भी खेल सरेआम होता है। सरकारी चापाकलों के दुरुपयोग से भले ही राजनीतिक रसूख वाले वोट के ठेकेदारों का एकलौता स्वार्थ पूरा हो जाता है। लेकिन आम लोग योजना के क्रियान्वयन के बाद भी वास्तविक लाभ से वंचित हो जाते हैं।

# अधिकारियों की लापरवाही से लाखों की दवाईयां बेकार

- *बाल विकास परियोजना के तहत कुपोषण से मुक्ति पाने की थी दवाईयां*
- *संबंधित पदाधिकारी ने वितरण का आदेश ही नहीं पारित किया*
- *संबंधित पदाधिकारी द्वारा वितरण आदेश नहीं देने के कारण हुआ एक्सपायर*



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत बिशुनपुर प्रखंड के बाल विकास परियोजना कार्यालय में रखे लाखों रुपए के दवाई एक्सपायर हो गई। स्वास्थ्य विभाग के उच्च पदाधिकारियों की अकर्मण्यता और शिथिलता के कारण लाखों रुपया के विभिन्न प्रकार की दवाईयों के वितरण का आदेश जारी नहीं हुआ, और रखे-रखे दवाईयां एक्सपायर हो गईं। इसके बाद प्रखण्ड के ग्रामीण उग्र हो गए, उन्होंने ऐसे लापरवाह पदाधिकारी के वेतन से कटौती कर नुकसान की भरपाई करने की मांग की है। प्रखण्ड के सैकड़ों ग्रामीण जच्चा-बच्चा, शिशु और नवजात शिशु कुपोषण के शरीर होकर जीवन और मृत्यु से संघर्ष कर रहे हैं। बिशुनपुर प्रखंड के बाल विकास परियोजना कार्यालय की सुपरवाइजर नीलमणि ने बताया की वर्ष 2019 - 2020 के आसपास की उक्त सभी दवाईयां, जो बिशुनपुर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में कुपोषण से संबंधित लोगों के बीच वितरण के लिए आई थीं एक्सपायर हो गई हैं। संबंधित पदाधिकारी ने उक्त सभी दवाओं को वितरित करने के लिए अपने आदेश नहीं दिये। इसे लेकर स्थानीय ग्रामीणों में काफी आक्रोश और गुस्सा है और उन्होंने इसकी जांच के लिए गुमला जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से गुहार लगाते हुए, संबंधित दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करते हुए, उसके वेतन के पैसे से भरपाई कराने की मांग की है। साथ, गुमला जिले के अन्य बाल विकास परियोजना कार्यालयों में भी जांच करने की मांग की है। ग्रामीणों ने आशंका व्यक्त करते हुए कहा है कि कहीं जिले में इस तरह के और भी घटनाएं तो नहीं हुई हैं।

### सदर अस्पताल में सुरक्षा गाड्र्स के नहीं रहने से हो रही मरीजों व परिजनों को परेशानी

**गुमला।** जिला का एकमात्र सदर अस्पताल गुमला में सुरक्षा गाड्र्स के नहीं रहने से सदर अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था चरमरा गई है जिससे मरीज सहित आम लोगों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सुरक्षा गाड् के नहीं रहने से परिसर में अव्यवस्था का माहौल हो गया है। जानकारी के अनुसार सदर अस्पताल में कुल 10 सुरक्षा गार्ड कार्यरत हैं विगत 10 से 12 दिनों से उन्हें चुनावी कार्य को लेकर अन्यत्र भेज दिया गया है। अस्पताल में एक भी सुरक्षा गार्ड नहीं होने से अस्पताल में सामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया है। लोग परिसर में नशापान करना शुरू कर दिए हैं इसके अलावा वाहनों को भी अवस्थित ढंग से लगाया जाता है जिससे लोगों में विवाद भी उत्पन्न हो रहा है। वही लोग नशा कर सदर अस्पताल पहुंच रहे हैं जहां चोरी व छेड़खानी की घटनाएं भी हो रही है वहीं ड्यूटी में तैनात डाक्टर की सुरक्षा भी नहीं हो पा रही है जिसको लेकर लोग कई तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से सुरक्षा गार्ड को ड्यूटी पर तैनाती की मांग की है।

# अंजुमन इस्लामिया सुंदरू ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह



- *मैट्रिक-इंटर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 32 छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित*


**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू - लोहरदगा।** कुडू के सुदरू गांव में अंजुमन इस्लामिया सुंदरू के तत्वावधान मे गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे मैट्रिक और इंटर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 32 बच्चों को सम्मानित किया गया। सदर मौलाना परवेज की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी के प्रभारी प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने कहा कि समाज की बेहतरी की सोच रखने वाला, अनुशासित, परिश्रमी और सदैव सीखने की जिज्ञासा रख परिश्रम करने से कोई भी मुकाम हाशिल किया जा सकता है। उन्होंने मैट्रिक और इंटर परीक्षा में छात्र-छात्राएं सोच-विचार कर आगे कैरियर का चुनाव करे। आज बहुत सारी रोजगार परक पाठ्यक्रम भी उपलब्ध हैं। जिससे सम्मानजनक रोजगार हासिल की जा सकती है। कार्यक्रम में शायर कारी नेसार दानिश ने बच्चों को पढ़ाओ नज्म पढ़कर अभिभावकों को बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। अंजुमन इस्लामिया सुंदरू के सेक्रेटरी मास्टर रिजवान असद ने कहा कि क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित करने और उनकी उर्जा सकारात्मक दिशा में लगाने के लिए अंजुमन सदैव प्रयत्नशील रहा है। कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षक हसन अंसारी, मौलाना इस्हाक, मो. नौशाद ने विभिन्न क्षेत्रों में कैरियर संभावनाओं की विस्तृत जानकारी बच्चों को दी।।कार्यक्रम का संचालन हाफिज मंजर इमाम एवं धन्यवाद ज्ञापन अंजुमन के संरक्षक शमसुल अंसारी ने किया। मौके पर खजांची हाफिज अख्तर, पूर्व सचिव जसीम अंसारी, शाईन पब्लिक स्कूल सुंदरू के प्रधानाचार्य अल्ताफ हुसैन, वकील खान, सुशील उरांव, अर्जुन बैठा, तौजिर अंसारी,आसिम अंसारी, इंटर साइंस की परीक्षा में राज्य स्तर पर पांचवी रैंक प्राप्त करने वाली छात्रा तस्कीन कौसर सहित कई छात्र-छात्राएं और सैकड़ों अभिभावक उपस्थित थे।

# बच्चों की शरारत से पेड़ में लगी आग, पेड गिरने से दो घर ध्वस्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला के सिसई थाना स्थित सकरौली उरांव टोला के छोटे-छोटे बच्चों ने अनजाने में एक बड़ी घटना को अंजाम दे दिया। गांव में एक विशाल इमली का पेड़ था जिसमें मधुमक्खियों ने छत्ता डाला हुआ था। तीसरी-चौथी कक्षा के बच्चों के एक झुंड की नजर इस मधु के छत्ते पर पड़ी और वे मधु का स्वाद लेने मचल पड़े। फिर क्या था मशाल जलाकर, इमली पेड़ से मधु का छत्ता निकाला गया और सभी ने मनभर मधु खाया। लेकिन इस क्रम में मशाल पेड़ पर ही छोड़ दिया। इसके कुछ देर बाद इमली पेड़ में आग लग गई। ग्रामीणों ने देखा इमली पेड़ में आग लग गई है और आग फैल रही है। ग्रामीण ों ने इसकी सूचना सिसई थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सिसई थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें, अग्निशामन सेवा विभाग को को सूचना दी। दमकल गाड़ी गांव में पहुंची पर घटनास्थल तक जाने के लिए सड़क नहीं होने के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा। इमली पेड़ में लगी आग देखते ही देखते विकराल हो गई। कुछ देर बाद इमली पेड़ जलकर मंगरी देवी के घर पर गिर गया। जिससे उसका घर ध्वस्त हो गया और धर्मा उरांव के घर को भी आंशिक क्षति पहुंची। पीड़ित लोगों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मुआवजे की मांग की है।



*मधु के छत्ते से मधु खाने के लिए मशाल से मधुमक्खियों को भगाया और मशाल पेड़ पर छोड़ दिया*

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म, जान से मारने की धमकी, एसपी से न्याय की गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत एक गांव निवासी नाबालिग लड़की ने पुलिस अधीक्षक गुमला को आवेदन सौंप कर दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। एसपी को दिए आवेदन में नाबालिग लड़की ने कहा मेरी उम्र 16 वर्ष है। और 12वीं कक्षा में पढ़ाई करती हूं। प्रतिदिन की तरह घर से विद्यालय क्लास करने जाती हूं। बीच रास्ते में महताब शाह नामक युवक मुझे रास्ते में अक्सर छेड़छाड़ करता है। 30 अप्रैल को करीब 4:30 बजे मैं अपने भैंस को पानी पिलाने गई थी। इसी दौरान रास्ते में महताब शाह जबरदस्ती मेरा हाथ पकड़ कर जंगल में ले गया। मैंने विरोध किया तो मेरे साथ मारपीट की और उठाकर जमीन पर पटक दिया और मेरे साथ जबरन दुष्कर्म किया। रात 12:00 बजे तक वह लगातार मेरे साथ दुष्कर्म करता रहा। इसके बाद धमकी देते हुए कहा यह बात किसी को नहीं बताना नहीं तो तुम्हारे परिवार को गोली मार कर हत्या कर दूंगा। इसके बाद मैं किसी तरह भाग कर अपने बड़े पिताजी के घर गई और 1 मई 2024 को सुबह 6:30 बजे अपने घर आई। वही साहस करके रात की घटना की जानकारी माता-पिता को दी। डर से पूरा परिवार चुपचाप थे। फिर घर में राय विचार के बाद साहस करके 7 मई को सुरसांग थाना में आरोपी के विरुद्ध लिखित आवेदन दी। परंतु 22 दिन बीत जाने के बाद भी सुरसांग थाना के द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। फिलहाल में महिला बाल सुधार गृह में हूं।

### नाबालिग युवती से टेंगरा जामटोली निवासी पर शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण करने कि शिकायत

**बसिया।** थाना क्षेत्र की एक नावालिक युवती ने टेंगराजामटोली निवासी बंधु इंदवार पर शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण करने कि शिकायत को लेकर बसिया थाना में मामला दर्ज कराया हैं। इस संबंध में पीड़िता ने बसिया थाना में दिए आवेदन पर आरोप लगाया है की बंधु इंदवार 2022 में जबरन मुझे अपने घर ले गया और मेरे साथ दुष्कर्म किया। कहा कि यह बात किसी को नहीं बताना नही तो तुमको जान से मार देंगे। इस लिए में डर से किसी को कुछ भी नही बताई। बंधु इंदवार जब मन करता मुझे जबरजस्ती अपने घर ले जाता और मेरे साथ संबंध बनाता जब मै इसका विरोध करती तो मुझे मारने पीटने लगता। कहता कि में तुम्ही से शादी करूंगा। अगर तुम किसी और से शादी करोगी तो तुमको जान से मार दूंगा। यह कहकर मुझे धमकी देता था।गांव में बदनामी के डर से किसी को कुछ बताने से डरती थी। मैं जब भी स्कूल जाती तो मुझे रास्ते मे रोककर मेरे साथ छेड़छाड़ करता एवम गलत काम करता था। परेशान होकर यह बात में अपने घर वालो को बताई। तो मेरे घरवाले बंधु इंदवार को समझने के लिए उसके घर गए। उस समय वह घर पर नहीं था। मेरे परिवार वालों ने उसके पिता को कहा कि आप अपने बेटे को समझा देना। यह कहकर मेरे माता-पिता घर चले आए। अभी फिलहाल 6 महीना पहले भी वह मुझे कर्मा के दिन अखाड़ा से उठाकर गांव के बगल वाले आम के बगीचे में ले जा रहा था तब मैं काफी शोर की लेकिन डीजे साउंड के कारण किसी को भी कुछ पता नहीं चला और मेरे साथ वहां भी गलत काम किया।

## झारखंड के शैक्षणिक विकास में विद्या भारती का योगदान विषयक संगोष्ठी सह सम्मान समारोह

# लक्ष्य की प्राप्ति का मार्ग है 'जीवन में अनुशासन' : एलएन तिवारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में तरुण एवं कन्या भारती के मंत्रीमंडल का शपथ ग्रहण समारोह, टॉप 10 प्रतिभा सम्मान समारोह, झारखंड के शैक्षणिक विकास में विद्या भारती का योगदान विषयक संगोष्ठी सह सम्मान समारोह और मनोहर अभिव्यक्ति का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गयो अतिथियों का स्वागत और सम्मान का काम प्रीति कुमारी गुप्ता ने किया, सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ, उत्सर्ग पत्रिका और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल के द्वारा तरुण भारती और कन्या भारती के प्रधानमंत्री अनीश साहू एवं कनकदीप और मंत्रिमंडल में सम्मिलित सभी भैया-बहनों को शपथ दिलाई गई। कविता दीदी जी के द्वारा बाल संसद की भूमिका रखी गई मौके पर आरएसएस प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल ने कहा कि अपने लक्ष्य से न भटकते हुए अपने लक्ष्य को पाना है और अपने देश को आगे बढ़ाना है, और प्रतिभा का सम्मान हर क्षेत्र में आवश्यक है।

### विज्ञान व कला जैक परीक्षा के विद्यालय टॉप 10 भैया बहनों को किया सम्मानित

विज्ञान एवं कला जैक परीक्षा 2024 विद्यालय टॉप 10 भैया-बहनों एवं उनके अभिभावकों का सम्मान किया गयो विज्ञान टॉप 10 में पहला स्थान ईशा कुमारी (90%, जिला रैंक-3), दूसरा स्थान रिया कुमारी (87.8%, जिला रैंक-7), तीसरा स्थान उत्कर्ष शुक्ला (87%,जिला रैंक-8), चौथा स्थान अंकित कुमार साहू (85.4% जिला रैंक-12), पांचवा स्थान अवंतिका कुमारी पुजारी (84.4%), छठा स्थान रोहित कुमार साहू (80.2%), सातवां स्थान साईर अबूशिब रजा(79.6%), आठवां स्थान प्रतीक कुमार (79.2%), नवां स्थान लाल अभिषेक नाथ शाहदेव (77.8%), एवं दसवां स्थान पूर्णिमा कुमारी (77.6%) ने प्राप्त किया। 12वीं कला टॉप 10 में प्रथम स्थान प्रेरणा तिग्गा(83.6%), दूसरा स्थान अमर उरांव (82.8%), तीसरा स्थान नेहा कुमारी (81%) ,चौथा स्थान रोशनी उरांव(80.8%), पांचवा स्थान पूनम कुमारी (80.6%), छठा स्थान अमन टोप्पो (80.4%), सातवां स्थान चंदन महतो (79.8%), आठवां स्थान मनीष भगत (78.8%), नवां स्थान प्रिया कुजूर(77.8%) एवं दसवां स्थान प्रफुल्लित केरकेट्टा (76.8) ने प्राप्त किया। झारखंड के शैक्षिक विकास में विद्या भारती का योगदान विषयक संगोष्ठी सह सम्मान समारोह में दीपक मुखर्जी,अवनी वर्मा, क्युम़ खान, राहुल कौशल और संजीव रंजन को सम्मानित किया गया।

### महाविद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका का विमोचन

महाविद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका 'मनोहर अभिव्यक्ति' का विमोचन सभी अतिथियों के द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। इस त्रैमासिक पत्रिका 'मनोहर अभिव्यक्ति' के संपादक रितेश कुमार पाठक ने कहा कि इस पत्रिका के निर्माण में प्राचार्य महोदय और सभी आचार्य दीदी जी का बहुमूल्य सहयोग प्राप्त हुआ।

## न्यूज बॉक्स

### चितरी अंबा टोली में सिंचाई कूप निर्माण के दौरान मिट्टी धसने से चार मजदूर दबे



**लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड के अंतर्गत चितरी अम्बा टोली में सिंचाई कूप निर्माण के दौरान 11:00 बजे मिट्टी धसने से चार मजदूर दब गए हैं। इस बात की जानकारी मिलते ही लोहरदगा लोकसभा इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत चितरीअंबा टोली पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिये। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संयम रहने की सलाह दिए। मौके पर ग्रामीणों ने श्री भगत से बचाव एवं राहत कार्य में तेजी लाने के लिए पोकलेन से कार्य करने की बात कहें। मौके पर उपस्थित लोहरदगा अनुमंडल पदाधिकारी से श्री भगत ने वार्ता कर पोकलेन उपलब्ध कराने का आग्रह किये। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ बचाव एवं राहत कार्य में लगी है। चार जेसीबी से मिट्टी खुदाई हो रहा है तथा पोकलेन को भी मंगाया जा रहा है।

**सुखदेव भगत ने चितरी अंबा टोली पहुंचकर बचाव एवं राहत कार्य का जायजा लिया**

### अवैध बालू परिवहन मामले में तीन ट्रैक्टर जब्त



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी डॉड़ू पंचायत अन्तर्गत एकागुरी मेढ़ो बालू घाट से अवैध बालू परिवहन करने की गुप्त सूचना पर प्रशिक्षु एसपी सह सेन्हा थाना प्रभारी वेदांत शंकर को मिलते ही पुलिस बल के द्वारा बालू के अवैध खनन एव परिवहन की गुप्त सूचना पर कारवाई करते हुए। तीन ट्रैक्टर को मेढ़ो कोयल नदी से जब्त कर सुरक्षित सेन्हा थाना में रखा गया है। वही बताया जाता है की मेढ़ो कोयल नदी से बालू माफियाओं द्वारा बालू का अवैध खनन कर परिवहन किया जा रहा है।

### मोटरसाइकिल के धक्के से वृद्ध महिला की मौत

**बिशुनपुर।** थाना क्षेत्र के बाजार टांड़ के समीप तुमसे गांव निवासी 58 वर्षीय वृद्ध संचरिया देवी को एक मोटरसाइकिल सवार ने जोरदार धक्का मार दी। जिससे वृद्धा संचरिया देवी का दाहिना पैर टूट गया साथ ही सिर में गंभीर चोट लगी जिससे संचरिया मौके पर बेहोश हो गई। वहीं घटना के बाद मोटरसाइकिल सवार ने वृद्धा को बेहोशी अवस्था में टेंपो में उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर पहुंचा जहां प्राथमिक उपचार उपरांत घायल महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर गुमला रेफर कर दिया गया। परंतु सदर गुमला ले जाने पूर्व ही वृद्धा महिला ने दम तोड़ दी।

### बोरांग जंगल में बाघ ने हमला कर महिला को किया घायल, इलाज के लिए रिम्स रेफर

कसमार गांव के ग्रामीण तेंदुपत्ता संग्रह करने गए थे जंगल





**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत बिशुनपुर थाना स्थित कसमार ग्राम स्थित बोरांग जंगल में अपने ग्रामवासियों के साथ तेंदूपत्ता संग्रह करने के क्रम में कसमार ग्राम निवासी एक वृद्ध महिला बिलासो देवी पर बाघ ने एकाएक हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। उसके सिर और चेहरे को गंभीर रूप से नोच डाला हैं। बिलासो देवी की चिल्लाने की आवाज सुनकर, अन्य तेंदूपत्ता संग्राहकों ने उक्त घटना को देखकर उपस्थित सभी ग्रामीणों ने लाठी, टांगी आदि हथियार लेकर जोरदार आवाज लगाते हुए बाघ को खदेड़ कर भगा दिया। बाद में घटना की जानकारी 108 एंबुलेंस को दी गई, और आनन-फानन में उक्त वृद्ध महिला को इलाज के लिये बिशुनपुर उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां गुमला सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिये, रांची रिम्स रेफर कर दिया गया हैं।

### लोहरदगा डालसा सचिव व प्रधान मजिस्ट्रेट ने किया संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण

**लोहरदगा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष अरविंद कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार लोहरदगा डालसा सचिव राजेश कुमार एवं प्रधान मजिस्ट्रेट जूविनाइल जस्टिस बोर्ड जया स्मिता तिर्की ने गुमला स्थित संप्रेक्षण गृह का दौरा किया। गुमला संप्रेक्षण गृह में कुल 76 बच्चे बंद हैं। जिसमें गुमला के 41, सिमडेगा के 6 और लोहरदगा के 29 बच्चे शामिल हैं। लोहरदगा में बच्चों का संप्रेक्षण गृह नहीं होने के कारण गुमला में ही लोहरदगा के बच्चे संसीमित है। डालसा सचिव ने एक-एक कर बच्चों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना तथा प्रधान मजिस्ट्रेट ने भी बच्चों के केस के प्रगति के बारे में जानकारी दी। लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तरफ से बच्चों को लैंगिक अपराध एवं नशापान मुक्ति संबंधित बातों की जानकारी दी गई।

### वज्रपात होने से लोग काफी परेशान, एक मवेशी की मौत

**कैरो।** बेमौसम बारिश के साथ वज्रपात होने से लोग काफी परेशान है। गुरुवार दोपहर में तेज गर्जन के साथ हुए वज्रपात ने थाना क्षेत्र के सढाबे गांव निवासी मंगल उरांव की भैंस को चपेट में ले लिया। जिससे भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। किसान मंगल उरांव ने बताया की रोज की तरह वो अपने मवेशियों को चराने के लिए कोयल नदी के तरफ ले गया था उसी दौरान अचानक से तेज गर्जन के साथ आसमान में बिजली चमकी और वज्रपात के झटके से भैंस गिर गई जाकर देखा तो भैंस मर चुकी थी। उन्होंने ने कहा मेरा परिवार मवेशी पर ही निर्भर है परिवार का जीवनयापन इसी से होता है। वज्रपात से इतना बड़ा नुकसान होने से परिवार के सामने आर्थिक स्तिथि खराब होने की संभावना बढ़ गई। कुडू प्रखंड के हेंजला में भी दोपहर हुई जोरदार बारिश और वज्रपात के चपेट में आने से हेंजला निवासी किसान महावीर राम के गाय की मौत हो गयी।

### महात्मा बुद्ध सत्य व अहिंसा के प्रवर्तक थे : सुरेश चंद्र पांडे

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में महात्मा बुद्ध की जयंती मनाई गई। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा महात्मा बुद्ध सत्य एवं अहिंसा के पुजारी थे। उनका जीवन हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है। प्राणी मात्र के प्रति दया भाव मानव जीवन का सर्वश्रेष्ठ धर्म है। सम्राट अशोक के बौद्ध धर्म अपनाने के बाद उसके पुत्र महेंद्र एवं पुत्री संघमित्रा के द्वारा संपूर्ण विश्व में सत्य एवं अहिंसा का प्रचार किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य गणेश प्रसाद साहू ने बालक सिद्धार्थ की दयालुता का बखान करते हुए घायल हंस की रक्षा की कहानी रोचकता पूर्वक प्रस्तुत किया।

## एक नजर

### करंट से महिला झुलसी, रेफर

**गिरिडीह।** गावां ब्लॉक मोड़ के पास एक महिला रेखा देवी पति संतोष चौधरी करंट लगने से झुलस गई। आनन फानन में महिला को गावां सामुदायिक स्वास्थ्य लाया गया। जहाँ चिकित्सा पदाधिकारी डॉ चंद्रमोहन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद गिरिडीह रेफर कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार उक्त स्थल पर स्थित ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट से आग लग गया। आग लगने की सूचना पर रेखा देवी अपने मोटर को बंद करने गई थी। लेकिन स्विच बोर्ड में करंट दौड़ने के कारण उसकी चपेट में आ गई व गंभीर रूप से घायल हो गई।

### हृदय की गति रुकने से हुई एक की मौत

**मेराल।** प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी के ससुर लखेया गांव निवासी राम केवल राम 62 वर्ष का निधन गुरुवार के प्रातः करीब 4:00 बजे हृदय गति रुक जाने से हो गया। जानकारी के अनुसार बुधवार की मध्य रात्रि में उन्हें पेट तथा सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई, आनन-फानन में उन्हें गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां करीब 4:00 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनकी असामयिक निधन से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर मुखिया संघ के अध्यक्ष रामसागर महतो, झामुमो नेता अजय प्रसाद गुप्ता, विनोद प्रसाद, प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, उमाशंकर तिवारी, जितेंद्र चतुर्वेदी, भाजपा नेता महेंद्र प्रसाद, बसपा नेता ज्ञानी राम सहित मेराल प्रखंड के कई पंचायत प्रतिनिधियों तथा झामुमो नेताओं, कार्यकताओं ने असामयिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। उनका अंतिम संस्कार यूरिया नदी के शंकर घाट पर किया गया।

### बुद्ध पूर्णिमा पर कई जगहों पर हुये कार्यक्रम

**मेराल।** प्रखंड में बुद्ध पूर्णिमा पर कई जगह कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों ने उन्हें नमन किया। थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में जहां विशेष हवन पूजन का आयोजन किया गया वहीं मेराल पूर्वी पंचायत सचिवालय के सभागार में जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ राम कुंवर बौद्ध के द्वारा महात्मा बुद्ध की स्तुति करने के पश्चात मुखिया रामसागर महतो, मनदीप सिंह, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, डॉ लालमोहन, रामाधार राम, मदन यादव आदि ने संयुक्त रूप से कैंडल जलाकर तथा पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुखिया रामसागर महतो ने महात्मा बुद्ध की जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताएं रास्ते पर चल कर अपने जीवन का मार्ग प्रशस्त करने पर बल दिया। राम कुंवर बौद्ध ने कहा भगवान बुद्ध की माने तो जीवन कल्याण मय हो सकता है। गौतम बुद्ध ने कहा है कि कर्तव्य करो, जैसा कर्तव्य करोगे वैसा फल मिलेगा। याचना करने से कुछ नहीं मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ लालमोहन के द्वारा किया गया।

### अवैध बिजली जला रहे घरों में छापेमारी

**भंडरिया गढ़वा।** भंडरिया प्रखंड मुख्यालय में बिजली कमीयों के द्वारा अवैध बिजली जला रहे घरों में किया छापामारी 8 अवैध बिजली जला रहे लोगों पर कनीय अभियंता दीपक कुमार ने भंडरिया थाने में कराई प्राथमिकी दर्ज। होने वालों में भंडरिया के अनिल प्रजापति, रविंद्र पासवान, गंगा साहु मुमताज अंसारी भोला प्रजापति दयानंद पाठक के नाम है शामिल है मौके पर कनीय अभियंता दीपक कुमार, सिकन्दर कुमार लाइनमैन सोबरन सिंह मौजूद थे।

# गिरिडीह व डुमरी विधानसभा क्षेत्र के मतदानकर्मियों को मिला प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

छठे चरण के तहत गिरिडीह लोकसभा में 25 मई को होने वाले मतदान को लेकर मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को लोकसभा क्षेत्र के गिरिडीह विधानसभा व डुमरी विधानसभा क्षेत्र के मतदान कर्मियो का अंतिम ट्रेनिंग सर जेसी बॉस मॉडल स्कूल में दिया गया। इस क्रम में सर जेसी बोस उच्च विद्यालय में सभी सेक्टर के मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों का ब्रीफिंग करते हुए उनके दायित्व के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में अपने जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से समझें और दायित्व का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शिता से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का अच्छे से अध्ययन कर लें और अपने कार्यों का निष्पादन कुशलता पूर्वक करें। कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कराने के लिए पर्याप्त संख्या में माइक्रो आब्जर्वर की तैनाती की गई है, साथ ही बूथों पर वेब कास्टिंग की व्यवस्था भी की गई है। वहीं एसपी दीपक कुमार शर्मा ने चुनाव के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर काम करने की बात कही।

### जामाडोबा में स्कॉर्पियो के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

**धनबाद।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा में बैंक ऑफ इंडिया के समीप पुटकी-जामाडोबा सड़क पर गुरुवार की सुबह एक तेज रफ्तार स्कॉर्पिओ की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई. वहीं, बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान भागाबांध के कपूरगढ़ा निवासी मो। अशरफ उर्फ राहुल (25 वर्ष) के रूप में हुई। घायल राहुल साव एसएनएमएमसीएच धनबाद में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों ने स्कॉर्पियो चालक जीतेंद्र तुरी उर्फ रंजीत को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर पुटकी-जामाडोबा मुख्य सड़क को तीन घंटे जाम रखा।

## सी पी चौधरी के समर्थन में सुदेश ने इसरी बाजार से वनांचल चौक तक की पदयात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह लोकसभा के एनडीए प्रत्याशी चन्द्रप्रकाश चौधरी के समर्थन में गुरूवार को आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने इसरी बाजार से वनांचल चौक तक पदयात्रा कर क्षेत्र के मतदाताओं से अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।आजसू सुप्रीमो ने कहा कि आजसू शुरू से ही सामाजिक न्याय एवं सामाजिक समरसता का पक्षधर रहा है क्योंकि हम समाज के सभी वर्गों को साथ में लेकर चलते हैं। कहा कि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं जिसमें आजसू पार्टी का पूर्ण समर्थन रहेगा। कहा कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से हमारा प्रत्याशी रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगा। कार्यक्रम में श्री महतो के साथ आजसू विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी, भाजपा नेता प्रदीप साहू, आजसू नेता छक्कन महतो, जिप सदस्य प्रदीप मंडल, भाजपा नेता कामाख्या गिरि, भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार, जिप सदस्य सुनीता कुमारी, डीलचन्द महतो, मोहन महतो, सुनील महतो,पप्पू कुमार आदि काफी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता और समर्थक शामिल थे।



## वैन-प्रचार वाहन के माध्यम से आमजनों को वोट करने के प्रति किया गया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत 32गिरिडीह और 33 डुमरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु व्यापक जन जागरूकता को लेकर प्रचार वाहन और एलईडी जागरूकता वाहन के माध्यम से कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। डिजिटल वैन और प्रचार वाहन में माइकिंग के माध्यम से गांव, कस्बों, टोलों में जाकर लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। खासकर वैसे बूथों में जहां पूर्व में मतदान प्रतिशत कम रहा है। इस दौरान आमजनों को मतदान तिथि 25 मई को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। वाहन के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है कि लोकतंत्र का महापर्व आ चुका है। हमारे यहां चुनाव होने वाले है। जिसमें हम सबको हिस्सा लेना है और मजबूत लोकतंत्र के लिए अपना अमूल्य योगदान देना है। साथ ही बताया जा रहा है कि लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने के लिए आमजनों का मतदाता सूची में नाम होना आवश्यक है। इसके साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी फोटो युक्त वोटर आईकार्ड की आवश्यकता होगी। आयोग द्वारा जारी वोटर आईडी कार्ड के अलावा भी वह अन्य पहचान पत्रों का इस्तेमाल कर अपने वोट के अधिकार का इस्तेमाल कर सकते है।

**ये हैं वैकल्पिक**

1. आधार कार्ड
2. मनरेगा जाब कार्ड
3. बैंको, डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटो युक्त पासबुक
4. श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड
5. ड्राईविंग लाइसेंस
6. पैन कार्ड
7. एनपीआर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड
8. भारतीय पासपोर्ट।
9. फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज।
10. केंद्र/राज्य सरकार लोकउपक्रम पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त या पहचान पत्र।
11. सांसदों/विधायकों विधानपरिषद सदस्यों को जारी किए गए पहचान पत्र।

## छलका निर्माण में अवैध पत्थर और घटिया बालू का उपयोग



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड के मुकुंदपुर गांव के सूर्य नारायण वन में वन विभाग के द्वारा लगभग दस लाख रुपए की लागत छलका (चैक डैम)निर्माण कराया जा रहा है। छलका निर्माण कार्य में घटिया बालू और सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा है।साथ ही नारायण वन के जंगलों से वन कर्मियों के द्वारा अवैध पत्थर का उत्खनन कराकर छलका निर्माण कार्य में लगाया जा रहा है। इसके अलावा ट्रैक्टर मालिकों द्वारा रात्रि में भी जंगल से अवैध पत्थर का उत्खनन कर विभिन्न गांवों में उच्ची कीमतों में बिक्री किया जा रहा है। लेकिन वन विभाग मूकदर्शक बनी हुई है।

**क्या है नियम**

वन विभाग वन क्षेत्र में कोई कार्य कराता है तो रॉयल्टी जमाकर वन क्षेत्र से पत्थर चुनकर निर्माण कार्य में लगा सकता है। लेकिन वन क्षेत्र से पत्थर का उत्खनन नहीं करा सकते हैं। लेकिन मुकुन्दपुर के नारायण वन में नियम कानून को ताक पर रखकर वन विभाग के कर्मी पहाड़ी से पत्थर का उत्खनन करा रहे हैं।

जबकि छलाका निर्माण में कार्य कर रहे मजदूरों ने बताया की हम लोगो को बहुत कम मजदूरी पर कार्य कराया जा रहा है।

अवैध पत्थर उत्खनन मामले में पुछे जाने पर रेंजर प्रमोद कुमार ने बताया की टेलीफोन पर वर्जन देने से इंकार करते हुए कहा की जो छापना है छाप दिजीए।

## दस वर्षों में मोदी सरकार ने किया चहुंमुखी विकास पूरा होगा 400 पार का लक्ष्य : मनीष जायसवाल

### मनीष जायसवाल ने डुमरी में की भाजपाइयों से मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

हजारीबाग संसदीय लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सह विधायक मनीष जायसवाल बुधवार की संध्या हजारीबाग से गिरिडीह जाने के क्रम में डुमरी में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रशांत जायसवाल के आवास में कुछ देर के लिए रूके। जिनका स्वागत अंग वस्त्र देकर किया गया। इस दौरान उन्होंने गिरिडीह लोकसभा चुनाव के सम्बन्ध में बातचीत की। साथ ही मौजूद एनडीए नेताओं के साथ चुनावी मंत्रणा की।

इस दौरान उपस्थित मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में देश का जो चहुंमुखी विकास हुआ है वह सब जगजाहिर और उल्लेखनीय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 400 पार के लक्ष्य को देश की जागरूक मतदाता अवश्य ही प्राप्त करा देगी। कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व क्षमता एवं विभिन्न देशों के साथ राजनीतिक,व्यापारिक एवं कुटनीतिक संबंध के कारण भारत का नाम वैश्विक स्तर पर पूरे गर्व से लिया जाता है। कहा कि राम मंदिर बनने से पर्यटन को बढ़ावा मिला। वहीं रोजगार के द्वार खुले। कहा कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी सीपी चौधरी जी रिकॉर्ड मतों से विजयी होंगे क्योंकि भाजपा और आजसू के एक एक कार्यकर्ता जहां पूरे समर्पण भाव से जनसंपर्क अभियान में जूटे हैं। वहीं उनके द्वारा किया गया विकास का कार्य उन्हें जीत दिलाएगा। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रशांत जयसवाल, भाजपा नेता जिवाधन महतो एवं निर्मल जायसवाल, आजसू के केन्द्रीय सचिव सह जिप सदस्य बैजनाथ महतो छोटू आदि उपस्थित थे।

## मंदिर प्रबंधन समिति के कार्यकारिणी का हुआ गठन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

पंच मंदिर डुमरी में ग्रामीणों द्वारा कमल मोहन जायसवाल की अध्यक्षता में पंच मंदिर प्रबंधन समिति के गठन हेतु एक बैठक बुधवार रात्रि को किया गया।

मंदिर परिसर में आहुत बैठक में मंदिर के आसपास के आसपास के लिए सम्मिलित हुए।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रतिदिन पुजारी सुनील पाण्डेय द्वारा प्रातः तथा संध्या की आरती हनुमान मंदिर में साउंड स्पीकर माइक के द्वारा होगी।वहीं हरेक दिन मंदिर की धुलाई एवं साफ सफाई ग्रामीणों के द्वारा की जाएगी। जिसकी जिम्मेवारी नरेश साव तथा संजय सिंह ने ली। वहीं प्रत्येक मंगलवार को महाआरती होगी। महाआरती के प्रसाद वितरण कोई भी श्रद्धालु अपने सामर्थ्य और श्रद्धा के अनुसार किसी भी तरह का प्रसाद वितरण कर सकेंगे।इस कार्य के लिए प्रत्येक ग्रामीण को महीने के 01 से 05 तारीख के बीच 100 रुपए की सहयोग राशि पंच मंदिर प्रबंधन समिति को तय समय सीमा केअंदर देना है। हीं मंदिर का एक बैंक खाता खुलवाने का निर्णय लिया गया। और जैसे ही बैंक अकाउंट खुल जाएगा पंच मंदिर में क्यूआर कोड लगा दिया जाएगा ताकि सहयोग राशि को ऑनलाइन के माध्यम से भी लिया जा सके। इस सहयोग राशि को पुजारी का वेतन, आरती का प्रसाद,आरती के लिए पूजा का सामान, मंदिर के रख रखाव और सफाई व्यवस्था के लिए खर्च किया जाएगा। जबकि प्रत्येक रविवार को सामूहिक रुप से मंदिर की साफ सफाई करने का निर्णय लिया गया। उपरोक्त विधि व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने

हेतु ग्रामीणों द्वारा पंच मंदिर प्रबंधन समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पियुष कुमार उपाध्यक्ष धनंजय बरनवाल सचिव संजय सिंह उपसचिव भोला अग्रवाल कोषाध्यक्ष कमल मोहन जायसवाल एवं सह कोषाध्यक्ष अधीर बरनवाल को बनाया गया जबकिकार्यकारी अध्यक्ष धर्मजय जायसवाल एवं उपाध्यक्ष युवराज को बनाया गया वहीं कार्यकारिणी समिति के सदस्यों में शुभम जायसवाल, अमन आर्य, संतोष अग्रवाल, आर्यन राज, शम्मी जायसवाल, रवीन्द्र बरनवाल, सुमित चौधरी, उदय बरनवाल, नकुल अग्रवाल, नरेश साव, भोला बिन्द,ज्ञानी अग्रवाल, राम जयसवाल, कुंदन बरनवाल, निखिल बरनवाल, बिरेन्द्र नाथ झा, गोलू बरनवाल,राजेश कुमार अग्रवाल, राजेश रजक को शामिल किया गया। बैठक में भगवान दास, सच्चिदानन्द अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अजीत अग्रवाल, अविनाश राज, संतोष अग्रवाल, रोहित गुप्ता, गोपी अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, पप्पू सिंह, टिंकू साव, राजेश अग्रवाल, दीपक जयसवाल आदि उपस्थित थे।

### गायत्री परिवार का विश्वव्यापी गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ अभियान

**गढ़वा ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर विश्वव्यापी गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ व उपासना कार्यक्रम के तहत पूरे जिले में लोगों के घर-घर जाकर यज्ञ संपन्न कराया गया. गढ़वा शहर और आसपास के गांवों में भी गायत्री परिवार के महिला-पुरूष कार्यकताओं ने यज्ञ संपन्न कराया और उसके महत्व के विषय में जानकारी दी. गायत्री परिजनों ने कार्यक्रम की शुरूआत अपने घर में यज्ञ करके किया. इसके बाद वे दूसरे के घरों में पहुंचकर यज्ञ कराये. इस अवसर पर स्थानीय मंदिरों में भी सामूहिक यज्ञ किया गया. इसके कारण गुरूवार को सुबह से ही शहर के लगभग सभी मुहल्लों में गायत्री मंत्र गूंज रहा था. इस दौरान लोगों को यज्ञ और उपासना के महत्व को भी बताया गया. यज्ञ संपन्न कराने में गायत्री परिवार के जिला समन्वयक विनोद पाठक, संतन मिश्र, डॉ आलोक रंजन दूबे, सत्या चौबे आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## न्यूज बॉक्स

### चार दिनों से गिरा है बिजली का तार व खंभा सूचना पर भी नही पहुंच रहे बिजलीकर्मी



**गिरिडीह।** गावां प्रखण्ड स्थित पिहरा पूर्वी पंचायत के खास पिहरा गांव में बिजली का तार व खंभा 21 मई से गिरा हुआ है। मुख्य पथ पर रात्रि 12 बजे अर्थिंग का तार टूट कर गिर गया। देर रात को ही ग्रामीणों ने बांस के लकड़ी के सहारे उसे लपेट कर एक स्थान पर ऊँचा कर के रख दिया है। उसमें कभी कभी करंट भी दौड़ रहा है। वहां से कुछ दूर आगे आंगनबाड़ी केंद्र घटवार टोला के पास मुख्यपथ पर ट्रैक्टर चालक के लापरवाही से बिजली का खंभा मुख्यपथ पर बीचोबीच गिर गया। हालांकि तार में इस समय करंट प्रभावित हो रहा है। जो दुर्घटना का सबब बना हुआ है। सड़क पर खंभे के गिर जाने से उक्त रास्ता तीन दिनों अवरुद्ध हो गया। तार के गिरने से लगभग दो दर्जन घरों में बिजली की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा स्थानीय मिस्त्री को कई बार सूचना दिए जाने के वावजूद भी उसे दुरुस्त नही किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीण राजकुमार सिंह, नागेश्वर साव, कृष्णदेव सिंह, पप्पू यादव आदि ने तार को जोड़ने व खंभे को दुरुस्त करने का मांग विभाग से की है।

### अवैध रूप से आवास और दुकानदारों को नोटिस एक जून को खाली करने का मिला निर्देश



**भवनाथपुर।** सेल प्रबंधन के द्वारा आवासीय परिसर में रह रहे अवैध रूप से आवास और दुकानदारों को नोटिस तामिला कर एक जून से अवैध अतिक्रमण खाली करने का निर्देश दिया है। अन्यथा अवैध रूप से रह रहे लोगों को अतिक्रमण मुक्त करने में होने वाली खर्च और बिजली बिल वसूलने का लीगल रूप से कड़ी चेतावनी दिया गया। सेल के द्वारा भूसंपदा पदाधिकारी बुलू दीगल के द्वारा नोटिस जारी करते ही लोगों में हड़कम मच गया है। बताते चलें की सेल में बी टाईप,सी टाईप,डी टाईप,ई टाईप,एफ टाईप, सीडी टाईप, ई एफ टाईप में लगभग आठ सौ आवास निर्मित है जिसमे सेल अधिकारी,कर्मचारी,डीएवी स्कूल,शिशु विद्या मंदिर,चिल्ड्रेन पैराडाइज स्कूल, सीआईएसएफ के अधिकारी जवान,भारतीय स्टेट बैंक, पोस्ट ऑफिस, ट्रेड यूनियन, कांट्रैक्टर सहित आवास एलॉटमेंट है। कई आवास फर्जी यूनियन,राजनीतिक पार्टी के साथ साथ करीब तीन सौ आवास में अवैध कब्जा है। आवासों में बाहरी लोगों के द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर रहने के साथ साथ बिजली का भी उपयोग फ्री में कर रहे है। बिजली अवैध रूप से जलाने में क्षेत्र के आसपास झोपड़ी पटी,सिंदुरिया के लोगों के कारण सेल का लाखों रुपया का अधिक खर्च बैठे बैठाये नुकसान सहना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर सेल प्रबंधन के द्वारा समय समय पर कई बार लोगों को बिजली और अवैध अतिक्रमण खाली करने की चेतावनी दी गई है। परंतु लोगों को दुकान और आवासों में फ्री सुविधा मिलने के कारण अवैध रूप से कब्जा किए आवास को खाली करने में दिलचस्पी नही है।

### नपं में विकास के नाम पर सरकारी राशि की जमकर लूट, कमीशन के आगे गुणवत्ता गौण

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर नपं में विकास के नाम पर सरकारी राशि की जमकर लूट हुई है। लूट इस कदर हुई है कि यहां लाखों रुपये की लागत से बना पीसीसी पथ बनने के तीन माह के भीतर ही क्षतिग्रस्त हो गया है। यूं कहें तो सड़क निर्माण में गुणवत्ता के बजाय कमीशनखोरी की प्राथमिकता दी गई। कमीशन के आगे गुणवत्ता गौण हो गई। नतीजा सड़क बनने के कुछ माह बाद ही सड़क के उड़े परखच्चे चीख चीख कर कमीशनखोरी की व्यथा कथा सुना रहे हैं। इसके बावजूद नगर पंचायत इससे अनभिज्ञ है। जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर दो में गत मार्च माह में लगभग दस लाख रुपये की लागत से महेंद्र प्रसाद के घर से सुधीर प्रजापति के खेत तक लगभग 7 सौ फीट पीसीसी पथ का निर्माण कराया गया है। संवेदक के द्वारा घटिया सड़क निर्माण कराये जाने के कारण निर्माण कार्य पूर्ण होने के एक माह के भीतर ही सड़क बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। जबकि उक्त पथ पर बाईक का भी परिचालन नहीं हुआ है। अगर उक्त सड़क पर बड़े वाहनों का परिचालन हो जाय तो सड़क का नामोनिशान मिट जायेगा। ग्रामीण आलोक प्रसाद गुप्ता, संजय दास, लखन दास, पिंटू दास, कमलेश कुमार ने बताया कि यह सड़क होली बाद बना है। सड़क निर्माण में घटिया मैटेरियल और बालू की जगह भसी का उपयोग किया गया। सड़क की मोटाई भी प्राक्कलन के अनुसार नहीं किया गया। जिससे सड़क कई जगहों पर क्षतिग्रस्त हो गया है। सड़क के किनारे अभी तक मिट्टी फिलिंग भी नहीं किया गया है।

### लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम के अध्यक्ष चुने गए डॉ असजद अंसारी




**गढ़वा।** लायन्स क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम की बैठक नए सत्र 24-25 के नए पदाधिकारियों के चयन हेतू क्लब के अध्यक्ष कंचन साहू की अध्यक्षता में क्लब के उपाध्यक्ष ला डॉ असजद अंसारी के आवास पर रखी गई। इस बैठक में मुख्य रूप से नए सत्र के पदाधिकारियों के चयन और सत्र 23-24 के कार्यों की समीक्षा की गई। इस बैठक में सभी सदस्यों के सर्वसम्मति से नए सत्र 24-25 के लिए ला डॉ असजद अंसारी को चुना गया। वही ला उपेंद्र ठाकुर को सचिव एवं ला अनिल सोनी को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा अन्य पदों के लिए भी सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें उपाध्यक्ष1ः ला राकेश पाल, उपाध्यक्ष2ः ला ज्योति प्रकाश, उपाध्यक्ष3ः ला राजेश गुप्ता, पीआरओः ला संतोष कश्यप, मेंबरशिप चेयरमैनः ला मिथिलेश ठाकुर, क्लब एडमिनिस्ट्रेशनः ला विश्वास गुप्ता, टाइमरः ला देवेंद्र गुप्ता, ट्विस्टरः ला पूनम कांस्यकार, एनवायरमेंट ऑफिसरः ला अरुण सोनी को बनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जोन चेयरपर्सन ला उमेश अग्रवाल ने नए सत्र के नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि लायन्स क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम द्वारा पूरे गढ़वा जिला में अच्छा कार्य किया जा रहा है इनके द्वारा वृक्षारोपण कार्य की सराहना पूरे डिस्ट्रिक में की गई। जो की एक ऐतिहासिक कार्य रहा। इसके लिए वर्तमान के अध्यक्ष कंचन साहू के कार्यों की सराहना करते हुए पूरे टीम को बधाई दी। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष ला कंचन साहू ने नवनियुक सभी पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा की ला डॉ असजद अंसारी के नेतृत्व में क्लब और बेहतर कार्य करेगी। इस मौके पर ला डॉ असजद अंसारी ने कहा कि क्लब के सभी सदस्यों ने जो भरोसा मेरे ऊपर किया है मैं उसपर खरा उतरने का कोशिश करूंगा और उन्होंने ने कहा की नए सत्र में पूरे जोश के साथ हमलोग कार्य करेंगे। इस मौके पर क्लब के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# बिहार में नीतीश सुस्त पीएम चुस्त

***लोकसभा*** चुनाव 2019 में एक नारे धरती गूंजे आसमान, मोदी-नीतीश-पासवान की गूंज लोगों के कानों में इस कदर घर कर गई कि उसने बिहार की 40 में से एक सीट बट्टे के रूप में काट कर बाकी की पूरी 39 एनडीए के हिस्से में थमा दी। इस बार भी कमोबेश गठबंधन वही है, लेकिन परिस्थितियां नई है। 2019 से 2024 के बीच नीतीश कुमार की फ्लिप-फ्लॉप नीति ने राजनीति को तो दिलचस्प बनाए ही रखा, बिहार की सियासत को दिल्ली के केंद्र में भी लाए रखा। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले एक बार फिर नीतीश कुमार का एनडीए में आ जाना और दर्जनों बार सार्वजनिक मंच पर ये कहना कि बीच में इधर उधर चले गए थे। लेकिन अब हम कहीं नहीं जाएंगे। यहीं रहेंगे। हालांकि विपक्ष की तरफ से उनकी प्रमाणिकता पर कभी सवाल उठाए जाते हैं। फिर कभी उनके आशीर्वाद की बात कही जाती है। ये दर्शाता है कि नीतीश कुमार की जरूरत सत्ता पक्ष या विपक्ष दोनों को है। लेकिन इस चुनाव के आगाज के साथ ही नरेंद्र मोदी से लेकर नीतीश कुमार बिहार में कैंपेन कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही पीएम मोदी ने जमुई से मिशन 2024 की शुरूआत की थी। उसके बाद से अभी तक बिहार में 10 जनसभाएं वो कर चुके हैं। लेकिन बिहार के सीएम नीतीश कुमार इस बार चुनाव प्रचार में सुस्त दिखाई पड़ रहे हैं। बीच में उनके बीमार होने की खबर भी सामने आई। कुल मिलाकर देखा जाए तो 2019 के मुकाबले में वो कम जनसभाएं कर रहे हैं। राजनीति के जानकारों का मानना है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में नीतीश कुमार फ्रंट फुट पर खेलते नहीं नजर आ रहे हैं। यही वजह है कि पीएम मोदी का बिहार पर इस बार अधिक फोकस है। पीएम मोदी उम्मीदवारों के पक्ष में ही नहीं बल्कि जदयू और सहयोगी दलों की सीटों पर भी जनसभाएं करने पहुंच रहे हैं। बिहार एनडीए पहली बार ऐसा दिख रहा है कि नीतीश कुमार के हाथ में नहीं बल्कि पूरी कमान प्रदेश में भी पीएम मोदी के हाथों में है। वैसे आपको याद होगा कि साल 2020 के विधानसभा चुनाव में भी नीतीश कुमार की सक्रियता शुरूआत के दो चरणों की वोटिंग के दौरान कम नजर आई थी। लेकिन एनडीए ने इसको भांपते हुए बाद में नीतीश को फ्रंट फुट पर उतारा और इसका लाभ विधानसभा चुनाव में एनडीए को हुआ था । 2019 में राज्य की 40 लोकसभा सीटों में से एनडीए के खाते में 39 सीटें आई थी। 2014 में भी एनडीए को 31 सीटें मिली थी। 2024 में एक बार फिर एनडीए की कोशिश है कि राज्य की सभी 40 सीटें उनके खाते में आ जाएं। पीएम मोदी 10 जनसभा कर चुके हैं। अंतिम दो चरण के लिए प्रधानमंत्री की चार सभा प्रस्तावित है। कुल 16 जनसभाएं इस बार पीएम मोदी की बिहार में हो सकती है। उल्लेखनीय है कि पीएम पद के लिए हुई राजनीतिक यात्रा की एक दशक पहले शुरूआत मोदी ने पटना के गांधी मैदान से की थी और लोग अभी भी याद करते हैं कि कैसे बम धमाकों से भगदड़ को रोकने के लिए उन्होंने उसे पटाखे बताया था । बिहार राजनीतिक रूप से बहुत ही परिपक्व राज्य माना जाता है ऐसे में नीतीश कुमार का यह कदम चर्चा में है और लोग इसे एक बड़ा संदेश मान रहे हैं । असलियत क्या है उसका पता अब चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद ही पता चलेगा। वैसे चुनाव परिणाम से अनेक नए समीकरण बनने और राजनीतिक उठापटक से भी इनकार नहीं किया जा सकता पर विकास या जातीय जनगणना और परिवारवाद या मोदी का जादू के अलावा पासवान परिवार का भविष्य भी नए सिरे से परिभाषित हो सकता है जिसमें लालू परिवार का असर या बेअसर भी शामिल है।

सराहनीय लेख

# भीषण गर्मी के बढ़ते प्रभाव पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत



विजय केसरी



***हिंदी*** दैनिक 'राष्ट्रीय नवीन मेल' के मुख्य पृष्ठ पर 'आग बरसाती गर्मी भविष्य की गंभीर चेतावनी और खतरा भी' शीर्षक से आलेख पढ़ा। आपने बिल्कुल सही दर्ज किया है कि दिल्ली के तापमान में लगातार काफी वृद्धि हो रही है। यह भीषण गर्मी निरंतर बढ़ती चली जा रही है। आपने प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली के जारी रिपोर्ट का भी हवाला दिया है। निश्चित तौर पर दिल्ली सहित पूरे देश के लिए एक भयावह स्थिति पैदा होती चली जा रही है। आपने एक गंभीर और ज्वलंत विषय की ओर देशवासियों का ध्यान आकर्षित किया है। मेरी दृष्टि में आग बरसाती गर्मी के लिए हम सभी जिम्मेदार हैं। कहीं न कहीं हम सबों से ही पर्यावरणीय भूल हो रही है। हम सब जानकर भी अंजान बने हुए हैं। हम सबों ने जंगलों को काट कर कंक्रीट के मकान जरूर बना लिए हैं। मकान में सारी सुविधाएं कर लिए हैं। देश के कुछ चुनिंदा लोगों ने अपने लिए कमरे और गाड़ियां ए.सी. कर ली हैं। क्या ऐसी व्यवस्था से खुद को भीषण गर्मी से निजात पा सकते हैं? ए.सी.का लाभ कुछ घंटे तक ही सीमित रहता है। यह एक अस्थाई व्यवस्था है। इस व्यवस्था से हटकर भीषण गर्मी और भीषण लू के बढ़ते प्रभाव पर गंभीरता पूर्वक विचार करने की जरूरत है। हम सब इस भीषण गर्मी को कैसे कम कर सकते हैं? देश में लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं। यह विषय चुनावी मुद्दा होना चाहिए। लेकिन पक्ष और विपक्ष दोनों के नेताओं ने एक पंक्ति भी इस गंभीर विषय पर नहीं बोला। हमारे नेता गण ए.सी.घर में रहते हैं। ए.सी कार पर में चलते हैं। उनसे मेरा सीधा सवाल है कि शेष देश लोग तपती गर्मी में काम करने के किस छांव मैं आश्रय लें? हम सबों ने पहले ही अपनी सुख सुविधा के लिए पेड़ पौधों को काटकर रेगिस्तान बना दिया है। आज देश भर के करोड़ों मजदूर भीषण गर्मी में काम करने के लिए मजबूर है। ? इन मजदूरों की आवाज सुनेगा कौन ? 1947 में जब देश को आजादी मिली थी, हमारी आबादी लगभग 32 करोड़ के आसपास थी। आज देश की आबादी बढ़कर 140 करोड़ के आसपास पहुंच गई है। हमारे पास जमीन उतने ही हैं । लेकिन हमारी आबादी बेतहाशा बढ़ती चली जा रही है। इसलिए जरूरी है कि सबसे पहले देश की बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण लगाई। जहां तक हमारी आबादी पहुंच गई है, इससे अधिक आगे नहीं बढ़े। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। अगर ऐसा नहीं होता है, तब हम सब लाख कोशिशें कर लें, आग बरसाती गर्मी से निजात नहीं पा सकते हैं। जनसंख्या वृद्धि का सीधा संबध हमारे संसाधनों से है। हमारी जनसंख्या जितनी बढ़ेगी, उनके लिए भोजन, आवास अन्य सामग्रियों की जरूरत पड़ेगी। मनुष्य के जीवन निर्वाह की ये सामग्रीय हम सबों को खेत, खलिहानों और जंगलों से प्राप्त होती है। विकास के नाम पर जंगलों की कटाई हो रही है। सड़कों के निर्माण के लिए बेतहाशा जंगल काटे जा रहे हैं। इस संबंध में केंद्र सरकार के वन मंत्रालय ने वादा किया था कि सड़क निर्माण में जितने जंगल कट रहे हैं, उसी अनुपात में पौधे लगाए जाएंगे। वन विभाग के ये दावे कागजी ही साबित हुए हैं। मेरी दृष्टि में सबसे पहले देश की बढ़ती जनसंख्या पर रोक लगाई जाए। जनसंख्या नियंत्रण के लिए एक कानून बनाया जाए। विकास के नाम पर जो जंगलों की अवैध कटाई हो रही है, उस पर तत्काल रोक लगाई जाए। जंगल फिर से लगाया जाएं । कंक्रीट के बने घरों में छोटे-छोटे पौधे कैसे लगाए जाएं । इसकी तकनीक हम सबों को विकसित देशों से लेनी चाहिए। विकसित देशों में बने घरों में बहुत ही शानदार तरीके से छोटे-छोटे पौधे लगे मिलते हैं, जो देखने में भी सुंदर होते हैं, और हमारे पर्यावरण को भी बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। यहां यह लिखना जरूरी हो जाता है कि केंद्र सरकार हर वर्ष करोड़ों रुपए वन रोपण में खर्च करती है। लेकिन इस खर्चे का आउटपुट क्या उभर कर सामने आता है? इस पर केन्द्र सरकार को ध्यान देने की जरूरत है। जंगलों पर हमारी निर्भरता कम से कम हो, इस विषय पर ध्यान करने की जरूरत है। देश के जितने भी पहाड़ है सभी यथावत रहें, ऐसी योजना बनाई जाए। जंगलों को कोई नुकसान नहीं पहुंचे। कड़े कानून बनाने की जरूरत है। वरिष्ठ पत्रकार, लेखक सुनील बादल ने आग बरसाती गर्मी भविष्य की गंभीर चेतावनी और खतरा भी आलेख के माध्यम से भीषण गर्मी का जिक्र किया है। साथ ही मैं यह लिखना उचित समझता हूं कि गर्मी से आम जनजीवन तो परेशान हैं ही दूसरी ओर देश में पीने के पानी की जबरदस्त की किल्लत देखी जा रही है। पानी का भूगर्भ जल स्तर धीरे-धीरे नीचे चला जा रहा है। हजारीबाग, चतरा, लातेहार ,गढ़वा, डाल्टनगंज, पलामू आदि जिलों में पानी का स्तर बहुत नीचे चला गया है। एक ओर भीषण गर्मी है, दूसरी ओर पीने के पानी की बेहद किल्लत है। हाल के बर्षों में दूध 15 रूपए लीटर मिला करते थे। आज इसी झारखंड 20 रूपए लीटर पीने के पानी के बोतल बिक रहे हैं। एक दिन अगर नगर पालिका / नगर निकाय द्वारा पानी की सप्लाई रुक जाती है,तब हाहाकार मच जाता है। यह सब बड़ी जनसंख्या के परिणाम है। इसलिए मैं, प्रस्तुत आलेख के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री से आगरू करता हूं कि जनसंख्या नियंत्रण पर कानून बनाया जाना चाहिए । ताकि प्राकृतिक संसाधनों जो हमारे जीवन के आधार हैं, उसे संरक्षित किया जा सके। अंत में मैं राष्ट्रीय नवीन मेल के कार्यकारी संपादक सह वरिष्ठ पत्रकार सुनील बादल जी को धन्यवाद प्रेषित करता हूं कि हर दिन राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से एक नए विचार के साथ उपस्थित होते हैं। ऐसे विचार जनजागृति की दिशा में मिल के पत्थर साबित होंगें।

**मनुष्य के जीवन निर्वाह की ये सामग्रीय हम सबों को खेत, खलिहानों और जंगलों से प्राप्त होती है। विकास के नाम पर जंगलों की कटाई हो रही है।**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### सभी नेताओं अफसरों की संपति की जांच हो

**राज्य के सभी मंत्री/ पूर्व मंत्री/ सचिव/ उपसचिव/ विशेष सचिव/ अवर सचिव स्तर के सभी अधिकारियों की निजी चल अचल संपत्ति की जांच करे ईडी।**



विजय शंकर नायक

***उपरोक्त*** बातें आज संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड, छत्तीसगढ प्रभारी विजय शंकर नायक ने आई.ए.एस सह सचिव मनीष कुमार को ईडी के द्वारा सम्मन भेजने पर आज अपनी प्रतिक्रिया उक्त बाते कही। इन्होंने आगे कहा कि आज जितने भी लोक निर्माण विभाग से संबंधित विभाग हैं चाहे भवन निर्माण विभाग हो चाहे ग्रामीण कार्य विभाग हो चाहे पथ निर्माण विभाग हो चाहे खान एवं भूततत्व विभाग हो वन विभाग हो पेयजल एवं स्वच्छता विभाग हो शिक्षा चिकित्सा विभाग हो स्वास्थ्य विभाग हो जल संसाधन विभाग हो ग्रामीण विकास विभाग हो आज इन सभी विभागों में लूट की खुली छूट है। प्राक्कलन घोटाला जारी है, टेंडर के नाम पर ठेकेदार अभियंता और मंत्री के गठबंधन से कमीशन खोरी का बड़ा नेटवर्किंग काम कर रहा है जिसकी इडी को जांच करना चाहिए। श्री नायक ने आगे कहा कि आज लोक निर्माण विभाग से संबंधित जितने भी विभाग हैं सब में नौकरशाह अभियंता ठेकेदार और मंत्री के गठबंधनों ने झारखंड के विकास की राशि को दोनों हाथों से लूटने का काम किया है जिसके कारण ही आज 40% झारखंड में कमीशन खोरी जारी है और आज विकास के नाम पर सरकारी रूपयों की लूट हो रही है जिसे देखने वाला आज कोई नही है। इन्होंने इडी के पदाधिकारीयों को बधाई देते हुए कहा कि ईडी के पदाधिकारी ने ही आज झारखंड में लूट-कमीशन खोरी को खत्म करने के दिशा में बेहतरीन और लाजवाब काम कर रही है जब भी ईडी छापा मार रही है करोड़ों करोड़ रुपया बरामद करके दिखाने का काम कर रही है और लूट का भांडा फोड़ कर रही है जो स्वागत योग्य कदम है जिसकी जितनी तारीफ की जाए कम है आज भ्रष्ट राजनेताओं एवं नौकरशाहो पर इसी के कारण इडी का भय बना हुआ है और यह झारखंड जैसे गरीब राज्य के लिए जो भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है उस गरीब राज्य के लिए यह शुभ संकेत है।

**राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी, झारखंड छत्तीसगढ़, संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी**

भ्रष्टाचार

# नकली खाद पदार्थों का प्रचलन, उभरती त्रासदी जैसा



डॉ. रमेश ठाकुर


***नकली*** वस्तुओं का व्यापार और बिक्री एक वैश्विक समस्या बनकर उभरी है। खाद्य सुरक्षा मानकों और उनके विनियमों का अनुपालन कंपनियां नहीं कर कायदे-कानूनों को ठेंगा दिखाने लगी हैं। शिकायतकर्ताओं पर कंपनी वाले हमलावर होते हैं। समझने की जरूरत है कि आखिर ऐसा हो क्यों रहा है? दरअसल, इसके पीछे एक खास वजह है। वजह के किरदार हैं दो धड़े। अव्वल, ठेकेदार और दूसरे कांट्रेक्टर? ठेकेदार के रूप में वह संस्था जो इन पर अंकुश लगाने का नाटक करती है और कांट्रेक्टर सरकारी मशीनरी जो राजस्व के नाम पर मोटा माल वसूल कर अपनी आंखों पर पट्टी बांध लेती हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण दोनों अगर कमर कस लें, तो किसी कंपनी की हिम्मत नही, जो खाद पदर्थों में गड़बड़ी भी कर सकें। गौरतलब है, नकली और पायरेटेड ब्रांड की बाढ़ ने भूमिगत व्यापार बनाकर वैश्विक अर्थव्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित किया हुआ है। डुप्लीकेट मसालों का मसला अगर सार्वजनिक नहीं हुआ होता, तो ये मुद्दा चर्चाओं में आता ही नहीं? ऐसा प्रतीत होता है जैसे भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण पूरी तरह से निष्क्रिय हो गया है। समय-समय पर होने वाली छापेमारी, मॉनेटरिंग, धरपकड़ और शिकायतों की तत्काल प्रभाव से जांच करवाना, अब नहीं होता। एक बार लाइसेंस वितरण करने के बाद फाइल को धूल चाटने के अलमारी में दबा दिया जाता है। जब रिन्यूवल का समय आता है तभी कुंभकर्णी नींद खुलती है, क्योंकि उस वक्त फिर से फीस लेनी होती है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण और कंपनियों के बीच सीधी सांठगांठ रहती है। शिकायतें ऊपर तक नहीं पहुंची, बीच में ही मैनेज कर ली जाती है। ऐसी स्थिति में कंपनियां लोगों के जीवन से खिलवाड़ नहीं करेंगी तो क्या करेंगी? प्राधिकरण और कंपनियों के बीच दोस्ती के चलते ही मैगी खाने से बच्चे बीमार पड़े, मसालों से पेट खराब हुआ, कोल्ड ड्रिंक पीने से पेट की आते सूज गई जैसी खबरें मीडिया में दिनोंदिन बढ़ रही हैं। कंपनियां जब से बेलमाग हुई हैं तभी से खाद् पदार्थों में नक्कालों ने बिना डरे कब्जा कर लिया है। नकली प्लास्टिक चावल, गधे-घोड़े की लीद से जीरा बनाना अब आम बात है। दरअसल, इस तरह की खबरें लोगों को तभी पता चली हैं, जब ये गोरखधंधे कहीं न कहीं पकड़े गए।

**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण दोनों अगर कमर कस लें, तो किसी कंपनी की हिम्मत नही, जो खाद पदर्थों में गड़बड़ी भी कर सकें।**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से

chanakyagyaann
♫ Pritam · World Record 175*




247 likes

## X-से

Chandan Sharma
@ChandanSharmaG
Follow

कुछ गद्दार एक देशद्रोही गुलफिशा फातिमा के लिए छाती पिटते हुए दिनों की गिनती कर रहें हैं कि मेरी खाला इतने दिनों से जेल में बंद हैं।

इस गद्दार गुलफिशा के बारे में आपको बताता हूं।
24 फरवरी, 2020 को दिल्ली में सांप्रदायिक दंगा हुआ, CAA के समर्थकों और इसका विरोध करने वालों के बीच हिंसा नियंत्रण से बाहर हो गई, इसमें 53 लोग मारे गए और लगभग 200 घायल हो गए

इन दंगों में पब्लिक और प्राइवेट प्रॉपर्टी का काफी नुकसान हुआ था, नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली जिले के जाफराबाद, सीलमपुर, भजनपुरा, ज्योति नगर, करावल नगर, खजूरी खास, गोकुलपुरी, दयालपुर और न्यू उस्मानपुर समेत 11 पुलिस स्टेशन के इलाकों में 23 फरवरी के बाद दंगाइयों ने जमकर उत्पात मचाया था

दिल्ली पुलिस के मुताबिक दंगों के पीछे बड़ी साजिश थी, दंगों के मास्टरमाइंड जानते थे कि अमेरिकी राष्ट्रपति के भारत दौरे के दौरान दंगों पर इंटरनेशनल मीडिया का ध्यान जाएगा और इससे दुनियाभर में भारत की बदनामी होगी, अमेरिकी राष्ट्रपति के भारत विजिट के दौरान चक्का जाम का प्लान बनाया गया था, वो भी ऐसे इलाकों में जो कम्यूनल तौर पर बेहद संवेदनशील इलाके थे

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# लोक कल्याण से प्रेरित पत्रकारिता



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

***मीडिया*** का क्षेत्र बहुत व्यापक हो गया है। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक के साथ अब सोशल मीडिया की भी बाढ़ है। लेकिन यह सब तभी तक सार्थक है, जब तक इनके सामाजिक सरोकार भी है। इसके निर्वाह के लिए भारतीय संस्कृति के प्रति आग्रह आवश्यक है। भारत में देवर्षि नारद ने ही पत्रकारिता का प्रादुर्भाव किया था। उनके चौरासी सूत्र आधुनिक पत्रकारिता के संदर्भ में भी प्रासंगिक हैं। उनकी सभी बात आज की मीडिया पर न केवल लागू होती है, बल्कि उनपर अमल से मीडिया को आदर्श रूप दिया जा सकता है। लेकिन आधुनिक वामपंथी खेमे पत्रकारों ने भारतीय संस्कृति की घोर अवहेलना की। उदारीकरण और वैश्वीकरण ने नया संकट पैदा किया है। ऐसे में राष्ट्रवादी पत्रकारिता के महत्व को बनाये रखने की चुनौती है। इसमें धीरे धीरे सफलता भी मिल रही है। देश इस समय आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। यह संयोग है कि इस दौरान राष्ट्रवादी विचार से प्रेरित अनेक संगठन व संस्थान भी अपना अमृत वर्ष मना रहे हैं। कुछ समय पहले विद्यार्थी परिषद द्वारा अपनी स्थापना के सात दशक होने पर ध्येय यात्रा पुस्तक का लोकार्पण नई दिल्ली में किया गया। राष्ट्र भाव की पत्रकारिता के अनुरूप कार्य करने की आवश्यकता है। भविष्य की चुनौतियों का समाना करते हुए लोगों तक गुणवत्तापूर्ण समाचार प्रेषित करना आवश्यक है। भारतीयता को विशेष महत्व देते हुए सत्य, संवाद और सेवा को अपना ध्येय बनाना होगा। वर्तमान समय में पत्रकारिता कई चुनौतियों का समाना कर रही है। प्रिंट, विजुअल और डिजिटल मीडिया के साथ ही लोगों का दृष्टिकोण बदला है। इन चुनौतियों का सामना करते हुए हुए राष्ट्रवादी पत्रकारिता प्रगति करेगी। पत्रकारिता को धर्म मानकर काम करने वाले ही सफल होते है। राष्ट्रवादी पत्रकारों ने इसी विचार के अनुरूप कार्य किया है। पत्रकारिता के क्षेत्र में आदर्श अपेक्षित हैं। उनके पालन से ही समाज व राष्ट्र का हित सुनिश्चित होता है। समाचार सम्प्रेषण में स्पष्टता व गुणवत्ता रहनी चाहिए। इससे प्रामाणिकता कायम होती है। साथ ही समाज का भी कल्याण होता है। उसी के आधार पर देश का लोकतंत्र स्वस्थ बना रहेगा। देश के लोकतंत्र का स्वस्थ बने रहना समग्र विकास के लिए आवश्यक शर्त है। समाज जागरूक होकर सही दिशा में चलता है तभी लोकतंत्र सफल होता है। इसी धारणा से कार्य करना चाहिए। आज ऐसी ही ध्येयवादी पत्रकारिता की आवश्यकता है। आज के समय में यह भूमिका और भी अधिक बड़ी हो जाती है। आने वाले समय में भारत का सटीक और सही चित्रण विश्व पटल में रखने की बड़ी भूमिका निभानी होगी। वस्तुतः भारतीय पत्रकारिता का वामपंथी विचारों ने नुकसान किया है। इसके लिए वामपंथियों ने अपना स्वरूप भी बदला है। कार्ल मार्क्स ने आर्थिक आधार समाज की व्याख्या की थी। उसने समाज को दो वर्गों में बांटा था। पहला पूंजीपति और दूसरा सर्वहारा। पूंजीपति सदैव सर्वहारा का शोषण करता है। दोनों में संघर्ष चलता रहता है। यह वामपंथियों, मार्क्सवादियों, माओवादियों, नक्सलियों का मूल चिंतन रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**



बोधि वृक्ष

# स्वर्ण मंदिर अमृतसर का इतिहास और अन्य जानकारी




***अमृतसर*** का स्वर्ण मंदिर केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया का मशहूर मंदिर है। ये सिख धर्म के मशहूर तीर्थ स्थलों में से एक है। इस मंदिर का ऊपरी माला 400 किलो सोने से निर्मित है, इसलिए इस मंदिर को स्वर्ण मंदिर नाम दिया गया। बहुत कम लोग जानते हैं लेकिन इस मंदिर को हरमंदिर साहिब के नाम से भी जाना जाता है। कहने को तो ये सिखों का गुरुद्वारा है, लेकिन मंदिर शब्द का जुड़ा इसी बात का प्रतीक है कि भारत में हर धर्म को एकसमान माना गया है। यही वजह है कि यहां सिखों के अलावा हर साल विभिन्न धर्मों के श्रद्धालु भी आते हैं, जो स्वर्ण मंदिर और सिख धर्म के प्रति अटूट आस्था रखते हैं। इस मंदिर के चारों ओर बने दरवाजे सभी धर्म के लोगों को यहां आने के लिए आमंत्रित करते हैं। तो चलिए हम आपको आज इसी स्वर्ण मंदिर से जुड़ी कई दिलचस्प और रोचक बातें बताते हैं। खासतौर से अगर आप पहली बार स्वर्ण मंदिर जा रहे हैं, तो हमारा ये आर्टिकल आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित होगा। यहां आपको स्वर्ण मंदिर का इतिहास, दर्शन करने का समय, यहां के मुख्य आकर्षण और मंदिर से जुड़ी कुछ रोचक बातें भी जानने को मिलेंगी।

(क्रमशः)

टेक वर्ल्ड

# IRCTC के मास्टर लिस्ट फीचर का उपयोग कर




IRCTC Master List Feature IRCTC के वेबसाइट और मोबाइल ऐप के माध्यम से उपलब्ध है। इसके माध्यम से यात्री अपने टिकट की बुकिंग को तत्काल में भी कर सकते हैं। इस फीचर के जरिए, यात्री को टिकट की बुकिंग के लिए लंबी कतारों में खड़ा होने की आवश्यकता नहीं है। यहां बताया जा रहा है कि इस फीचर का इस्तेमाल कैसे किया जा सकता है। आईआरसीटीसी वेबसाइट पर लॉग इन करें: सबसे पहले, यात्री को IRCTC की वेबसाइट पर लॉग इन करना होगा। ट्रेन टिकट बुक करने के लिए तत्काल श्रेणी चुनें। लॉग इन करने के बाद, वे अपनी यात्रा की जानकारी भरेंगे, और फिर 'तत्काल' ऑप्शन का चयन करेंगे। आईआरसीटीसी मास्टर लिस्ट टूल का उपयोग करके सदस्यों का चयन करें। टिकट बुक करने के बाद पेमेंट की प्रक्रिया पूरी करें। यह टूल समय बचाता है और आपको विंडो खुलते ही ट्रेन टिकट ऑर्डर करने की सुविधा देता है।

**यात्रा की जानकारी दें:** यात्री को अपनी यात्रा की जानकारी जैसे कि यात्रा की तिथि, गंतव्य, और यात्रा करने वाले स्टेशन का नाम देना होगा।

(क्रमशः)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# केमिकल फैक्ट्री में विस्फोट के बाद लगी आग, 6 की मौत और 48 घायल



**एजेंसी। ठाणे (महाराष्ट्र)**

ठाणे के डोंबिवली में एमआईडीसी परिसर में स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में गुरुवार को तीन विस्फोटों के बाद भीषण आग लग गई। इस घटना में छह लोगों की मौत हो गई और 48 अन्य घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया, थोड़े-थोड़े अंतराल पर तीन विस्फोट हुए। विस्फोट इतने जबरदस्त थे कि आसपास के घर हिल गए और कुछ घरों के शीशे टूट गए। भयभीत स्थानीय लोग घरों से निकलकर बाहर आ गए। विस्फोटों की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनी गई। कुछ ही मिनटों बाद, फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। हवा में धुएं के घने बादल छाए देखे गए। सूचना मिलने पर आधा दर्जन फायर टेंडर, पानी के टैंकर और बचाव दल मौके पर पहुंचे। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा, विस्फोट और आग लगने की घटना में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। जबकि 48 अन्य को फैक्ट्री से बचाया गया और पास के अस्पतालों में पहुंचाया गया। विस्फोट लंच के समय अमुदान केमिकल कंपनी लिमिटेड के बॉयलर में हुए।

जिला अधिकारियों ने पुलिस के साथ बचाव अभियान चलाने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्थानीय फायर ब्रिगेड को लगाया है।

## न्यूज बॉक्स

### बुद्ध पूर्णिमा पर स्नान के लिए गंगा के तटों पर भीड़, लोगों ने किए रामलला के दर्शन

**नई दिल्ली।** बुद्ध पूर्णिमा का पर्व आज देशभर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में जलतीर्थ मां गंगा के तटों पर लोग आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित कर रहे हैं। अयोध्याधाम में भगवान रामलला के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक्स हैंडल पर लोगों को बुद्धपूर्णिमा की बधाई दी है। भाजपा ने लिखा है, "समस्त देशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं।" बिहार के गया में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर शोभा यात्रा का आयोजन किया गया है। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में इस अवसर पर सारनाथ के मूलगंध कुटी विहार मंदिर में श्रद्धालुओं और बौद्धों की भारी भीड़ जुटी है। अयोध्या में श्रद्धालुओं ने सरयू घाट पर पूजा-अर्चना की है। साथ ही राम मंदिर में दर्शन के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। प्रयागराज में श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई है। वाराणसी में भी लोगों ने मां गंगा में पवित्र स्नान किया है। उत्तराखंड के हरिद्वार में श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई है। अयोध्याधाम में श्रीराम मंदिर में 'जय प्रसन्न हनुमान' पाठ का आयोजन किया गया है।

### नारायणपुर जिले की सीमा पर नक्सलियों से जवानों की मुठभेड़

**रायपुर/नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले की सीमा पर अबुझमाड़ क्षेत्र में बस्तर फाइटर और एसटीएफ जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़ की खबर है। घटनास्थल पर रुक-रुक कर लगातार फायरिंग हो रही है। नारायणपुर पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने मुठभेड़ की पुष्टि की। पुलिस को जानकारी मिली थी कि अबुझमाड़ क्षेत्र के रेकावाया क्षेत्र में बड़े हार्डकोर नक्सली बैठक कर रहे हैं। सूचना मिलते ही बीजापुर, दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले की सीमा पर तीनों जिलों से एक हजार से ज्यादा जवान ऑपरेशन पर निकले।

### अगले सप्ताह इजराइल का दौरा करेंगी निक्की



**तेल अवीव।** रिपब्लिकन पार्टी की नेता और अमेरिकी राष्ट्रपति पद की पूर्व उम्मीदवार निक्की हेली अगले हफ्ते इजरायल का दौरा करेंगी। इस दौरे में निक्की हेली के साथ नेसेट के इजरायल सदस्य डैनी डैनन भी होंगे,जो संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के राजदूत थे। हेली भी संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत के रूप में काम कर चुकी हैं। वह अपनी इस यात्रा में किबुत्ज बेरी और कफर अजा क्षेत्रों सहित दक्षिण इजरायल का दौरा करेंगी जो गाजा की सीमा पर लगते हैं।

### बंगाल के तट पर रविवार को पहुंचेगा चक्रवात रुमेल, कई राज्यों में आंधी-तूफान की आशंका

**कोलकाता।** बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवर्ती तूफान रुमेल धीरे-धीरे मजबूत होकर पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के तटीय क्षेत्रों की ओर बढ़ने लगा है। मौसम विभाग (आईएमडी) की तरफ से गुरुवार को दी गई जानकारी के मुताबिक बंगाल की खाड़ी के ऊपर निम्न दबाव बढ़ता जा रहा है और रविवार शाम तक भीषण चक्रवाती तूफान के रूप में बांग्लादेश और आसपास के पश्चिम बंगाल तटों तक पहुंच जाएगी। इसके प्रभाव से तेज आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश होगी। इस प्री-मॉनसून सीजन में बंगाल की खाड़ी में यह पहला चक्रवात है। हिंद महासागर क्षेत्र में चक्रवातों के नामकरण की प्रणाली के अनुसार, इसे रुमेल नाम दिया गया है। यह शुक्रवार सुबह तक मध्य बंगाल की खाड़ी पर दबाव में तब्दील हो जाएगा। आईएमडी की वैज्ञानिक मोनिका शर्मा ने बताया कि यह शनिवार सुबह चक्रवाती तूफान में बदल कर तेज हो जाएगा और रविवार शाम तक गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में बांग्लादेश और निकटवर्ती पश्चिम बंगाल तट पर पहुंच जाएगा। आईएमडी के अनुसार, रविवार को चक्रवात की गति 102 कि.मी. प्रति घंटे हो सकती है। मौसम कार्यालय ने 26 मई को पश्चिम बंगाल, उत्तरी ओडिशा, मिजोरम, त्रिपुरा और दक्षिण मणिपुर के तटीय जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी है।

**बेंगलुरु रेव पार्टी मामला**

### दो तेलुगु अभिनेत्रियों में ड्रग की हुई पुष्टि

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में 20 मई को एक फार्म हाउस में आयोजित रेव पार्टी में शामिल हुईं दो तेलुगु अभिनेत्रियों के ब्लड टेस्ट रिपोर्ट में ड्रग के सेवन की पुष्टि हुई है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया, बेंगलुरु में इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी क्षेत्र में स्थित जीएम फार्म हाउस में रेव पार्टी आयोजित की गई थी। पार्टी में शामिल होने वाले 98 लोगों के ब्लड सैंपल जांच के लिए गए। रिपोर्ट में 86 लोगों में ड्रग के सेवन की पुष्टि हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 50 से ज्यादा पुरुषों और करीब 30 महिलाओं में ड्रग के सेवन की पुष्टि हुई। सीसीबी पुलिस अधिकारियों की विशेष शाखा इन सभी को नोटिस भेजने और पूछताछ के लिए बुलाने की तैयारी कर रही है। रेव पार्टी में शामिल एक अभिनेत्री ने एक वीडियो बनाकर दावा किया था कि वह हैदराबाद में थीं। उसने रेव पार्टी में अपनी मौजूदगी से इनकार कर दिया था।

# चिलचिलाती धूप में बाबा विश्वनाथ के दर पर लगा रहा भक्तों का तांता

**एजेंसी। वाराणसी**

काशी विश्वनाथ धाम में सभी रिकॉर्ड टूट गए हैं। इस महीने अभी तक तपती गर्मी में भी दो करोड़ श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वनाथ का दर्शन-पूजन किया है। बीते तीन महीनों में श्रद्धालुओं की जिस तरह से भीड़ उमड़ रही है, वो अपने आप में अप्रत्याशित है। पिछले एक साल में करीब एक करोड़ लोगों ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए हैं। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक मार्च में 95,63,432, जबकि, अप्रैल में 49,88,040 श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ के दर्शन कर चुके हैं। वहीं, 20 मई तक 35,99,214 श्रद्धालु अपनी हाजिरी लगा चुके हैं।




श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के अध्यक्ष प्रोफेसर नागेंद्र पांडे ने प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि पहले गर्मियों की छुट्टियों में लोग बर्फीली जगहों पर जाते थे और हर साल सैलानियों का नया रिकॉर्ड कायम होता था। अब भारतीय जनमानस यह सोच रही है कि गर्मियों की छुट्टियों में बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन किया जाए। इसका प्रमाण यह है कि पिछली बार की तुलना में इस बार दोगुनी संख्या में श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने आ रहे हैं। श्रद्धालुओं की संख्या में और ज्यादा इजाफा देखने को मिलेगी।

उन्होंने कहा कि मई महीने तक लगभग दो करोड़ जनता आ चुकी है। भक्तजन अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर बाबा विश्वनाथ का दर्शन कर रहे हैं। सनातन परंपरा में मौजूदा समय सुखद अनुभूति का प्रमाण है। जिसका प्रमाण काशी विश्वनाथ धाम हैं। सावन का महीना आते-आते यह संख्या दोगुनी हो जाएगी। भारतीय जनमानस के हृदय में बाबा विश्वनाथ बस चुके हैं। मैं बाबा विश्वनाथ से श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण करने को लेकर प्रार्थना करता हूं।

## आज का राशिफल

**मेष** — शुभांक 5-6-9
कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**वृषभ** — शुभांक 2-6-8
अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**मिथुन** — शुभांक 4-7-9
यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान की कोशिश करेगा।

**कर्क** — शुभांक 1-3-5
लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगे।

**सिंह** — शुभांक 2-6-8
दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा।

**कन्या** — शुभांक 3-7-8
विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वत: ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करे। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**तुला** — शुभांक 3-5-7
शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** — शुभांक 5-6-8
आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी।

**धनु** — शुभांक 2-6-8
धनु : व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**मकर** — शुभांक 4-6-7
समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**कुम्भ** — शुभांक 3-5-8
मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**मीन** — शुभांक 2-5-7
जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगे।

# बांग्लादेशी सांसद की हत्या के लिए पांच करोड़ की सुपारी दी गई, 12 मई को आए थे कोलकाता



**एजेंसी। कोलकाता**

बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या में बड़ा खुलासा हुआ है। बंगाल सीआईडी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि सांसद अनार के दोस्त ने ही हत्या के लिए लगभग पांच करोड़ रुपये की सुपारी दी थी। बांग्लादेश के गृहमंत्री असदुज्जामां खान ने बुधवार को कहा था कि अनार 13 मई से लापता हैं। वे कोलकाता में थे। तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

सीआईडी के आईजी अखिलेश चतुर्वेदी ने बताया कि यह एक सुनियोजित हत्या है। सांसद के एक पुराने मित्र ने ही उन्हें मारने के लिए सुपारी दी थी। करीब पांच करोड़ की सुपारी थी। उनका दोस्त एक अमेरिकी नागरिक है, जिसका कोलकाता में एक फ्लैट है। एक दिन पहले उन्होंने कहा था कि अभी तक विदेशी सांसद का शव बरामद नहीं हो पाया है। क्या पुलिस को फ्लैट में खून के धब्बे मिले हैं। इस सवाल पर सीआईडी के अधिकारी ने बताया कि हमारी फोरेंसिक टीम घटनास्थल की जांच कर रही है। इस बारे में बोलना अभी जल्दबाजी होगी।

**इलाज के लिए कोलकाता आए थे बांग्लादेशी सांसद**

बांग्लादेशी सांसद इलाज के लिए कोलकाता आए थे। उप उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सांसद अजीम 12 मई को कोलकाता पहुंचे थे और शहर के उत्तरी इलाके में बारानगर में अपने दोस्त के घर पर ठहरे थे। 13 मई को वह किसी से मिलने गए लेकिन वापस नहीं लौटे। मामले का खुलासा 18 मई को हुआ, जब बांग्लादेशी सांसद के परिचित गोपाल बिस्वास ने थाने में उनके लापता होने की जानकारी दी। अनार कोलकाता में बिस्वास के घर पर ही रुके थे। बिस्वास ने दावा किया कि सांसद 17 मई से उनके संपर्क में नहीं थे। इसलिए उन्होंने एक दिन बाद गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। उनके फोन से परिवार के सदस्यों को संदेश भेजे गए थे कि वह नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। उनका कोई पता नहीं है।

**कैब ड्राइवर हिरासत में**

पश्चिम बंगाल पुलिस की आपराधिक जांच (सीआईडी) एजेंसी ने कोलकाता के न्यू टाउन के पॉश आवासीय परिसर में किराए के फ्लैट में रहने वाले बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम की रहस्यमय मौत के मामले में गुरुवार को एक कैब ड्राइवर को हिरासत में लिया। बांग्लादेश में तीन बार सांसद रहे अजीम आठ दिनों से लापता थे। वह 12 मई को इलाज के लिए कोलकाता आए थे और शहर के बारानगर में अपने मित्र गोपाल विश्वास के घर पर रुके थे। लेकिन, 14 मई को वह बिस्वास को यह बताकर बाहर गए कि वह उसी दिन लौट आएंगे। लेकिन वह नहीं लौटे और उनका मोबाइल फोन भी बंद रहा।

### स्वाति के पूर्व पति ने की केजरीवाल का नार्को टेस्ट कराने की मांग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल के पूर्व पति नवीन जयहिंद ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नार्को टेस्ट कराए जाने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने स्वाति मालीवाल के साथ हुई पिटाई को आम आदमी पार्टी में जारी मौजूदा घमासान से जोड़ा। प्रेसवार्ता के दौरान नवीन जयहिंद ने कहा, आप में राजनीतिक घमासान अपने चरम पर पहुंच चुका है। आप में वर्चस्व की लड़ाई तेज हो चुकी है। स्वाति के पूर्व पति ने कहा, पहले संजय सिंह ने मीडिया के सामने प्रेसवार्ता कर यह स्वीकार किया था कि स्वाति मालीवाल के साथ गलत हुआ है और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

# 115 निर्वाचन क्षेत्रों में 2019 की तुलना में वोट डालने वाले मतदाताओं की कुल संख्या में आई कमी

*केरल, मप्र, राजस्थान, तमिलनाडु, महाराष्ट्र व उप्र के सबसे ज्यादा संसदीय क्षेत्रों में मतदाताओं की कुल संख्या में कमी पाई गई*

**-ब्यूरो। नई दिल्ली**

सात चरणों वाले लोकसभा चुनाव 2024 का पांच चरणों का मतदान हो चुका है। 427 संसदीय क्षेत्रों के आंकड़ों के विश्लेषण से लगता है कि 115 (27%) में 2019 की तुलना में कम लोग वोट करने आए। इसमें बात मतदान प्रतिशत की नहीं हो रही है,बल्कि मतदान करने वाले मतदाताओं की कुल संख्या की हो रही है। क्योंकि भारत के इतिहास में शायद ही ऐसा कभी हुआ हो। यह कहना है ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस के चेयरमैन व कांग्रेस के डाटा एनालिस्ट प्रवीण चक्रवर्ती का। चक्रवर्ती ने 'द हिंदू' अखबार में एक लेख के मार्फत आंकड़ों का विश्लेषण किया है और इस पर सवाल भी खड़ा किया है। प्रवीण का तर्क है कि हर पांच वर्ष में मतदाताओं की संख्या बढ़ती ही है। ऐसे में मतदान का प्रतिशत ऊपर-नीचे हो सकता है, लेकिन मतदान करने वालों की कुल संख्या में कमी हैरान करने वाली है। यदि 2024 के चुनावों की बात की जाए तो लगभग एक-तिहाई निर्वाचन क्षेत्रों में 2019 के चुनावों की तुलना में मतदान करने वालों की संख्या घटी है। इस बार मतदान प्रतिशत के आंकड़ों को लेकर भी विवाद हो गया है। अंतिम आंकड़े जारी करने में देरी और शुरूआती और अंतिम आंकड़ों में अंतर को लेकर चुनाव आयोग सवालों के घेरे में है। लेकिन, प्रवीण चक्रवर्ती का कहना है कि मतदान प्रतिशत से ज्यादा सटीक आंकड़ा मतदाताओं की कुल संख्या का है। इसके पीछे वह तर्क देते हैं कि मतदान प्रतिशत मतदाता सूची में मतदाताओं की कुल संख्या पर आधारित होता है। मतदाता सूची रजिस्टर्ड नए मतदाताओं की संख्या के साथ-साथ लिस्ट से हटाए गए (मृत या माइग्रेटेड मतदाताओं आदि) की संख्या पर निर्भर करती है। ये सूची कितनी पुख्ता होगी, यह इस बात पर निर्भर होगा कि चुनाव आयोग ने किस स्तर तक नए मतदाता लिस्ट में जोड़े हैं, और मृत या दूसरे क्षेत्र में जा चुके मतदाताओं को हटाया है। इस लिहाज से कितने लोग मतदान करने आए, इस संख्या के आधार पर चुनाव का आकलन करना ज्यादा तर्कसंगत है। इनमें से किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में 2014 में कुल मतदाताओं की संख्या में गिरावट नहीं हुई थी, और 2019 में केवल 19 में ऐसा हुआ था। चक्रवर्ती बताते हैं की केरल, मप्र, राजस्थान, तमिलनाडु, महाराष्ट्र व उप्र के सबसे ज्यादा संसदीय क्षेत्रों में मतदाताओं की कुल संख्या में कमी पाई गई है। प्रवीण चक्रवर्ती कहते हैं की चुनाव आयोग को इसका कारण समझाना चाहिए।

**इस चुनाव में अब तक चार फिसदी बढ़ा मतदान**

पांचवें चरण तक 2024 के चुनाव में 505 मिलियन से अधिक लोगों ने मतदान किया जबकि 2019 में 485 मिलियन लोगों ने मतदान किया था, जोकि केवल 4% की वृद्धि है। 2014 की तुलना में 2019 में इन्हीं निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान करने वाले कुल मतदाताओं में 12% की वृद्धि दर्ज हुई थी। ऐसे में यह साफ है कि पिछले चुनावों की तुलना में वर्तमान चुनाव में मतदाताओं की कुल संख्या में महत्वपूर्ण गिरावट आई है। प्रवीण चक्रवर्ती के मुताबिक इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि 115 निर्वाचन क्षेत्रों में 2019 की तुलना में मतदाताओं की कुल संख्या में गिरावट आई है, जो भारत जैसे देश में आश्चर्यजनक है।

| चुनावी वर्ष | कुल मतदान (प्रतिशत) |
|---|---|
| 1951 | 45.67 |
| 1957 | 47.74 |
| 1962 | 55.42 |
| 1967 | 61.04 |
| 1971 | 55.27 |
| 1977 | 60.49 |
| 1980 | 56.92 |
| 1984-85 | 64.01 |
| 1989 | 61.95 |
| 1991-92 | 55.88 |
| 1996 | 57.94 |
| 1998 | 61.97 |
| 1999 | 59.99 |
| 2004 | 58.07 |
| 2009 | 58.21 |
| 2014 | 66.44 |
| 2019 | 67.40 |

**ब्रिटेन में चुनाव**

## प्रधानमंत्री के आग्रह पर किंग चार्ल्स ने संसद भंग करने की अनुमति प्रदान की

# 4 जुलाई को मध्यावधि चुनाव, सुनक ने गिनाईं उपलब्धियां

**एजेंसी। लंदन**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को जुलाई में समय से पहले आम चुनाव कराने का आह्वान कर सबको चौंका दिया। 10, डाउनिंग स्ट्रीट स्थित अपने आवास के बाहर पत्रकारों को संबोधित करते हुए पीएम सुनक ने कहा कि उन्होंने पहले किंग चार्ल्स से 30 मई को संसद भंग करने के लिए कहा था और इसकी अनुमति दे दी गई। अब तय हो गया कि चुनाव 4 जुलाई को होंगे। यह देखते हुए कि पिछले पांच वर्षों में देश को द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे चुनौतीपूर्ण समय से जूझते देखा गया है, सुनक ने अपनी घोषणा से पहले कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि देश ने उन चुनौतियों से लड़ाई लड़ी है और इससे उन्हें ब्रिटिश होने पर गर्व हुआ है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था अभी भी बढ़ रही है, मुद्रास्फीति सामान्य हो गई है, ब्याज दरें कम हो गई हैं और सरकार की योजना काम कर रही है। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि वह मानते हैं कि कई लोगों के लिए चीजें आसान नहीं हैं।
हाल के काउंसिल चुनावों में कंजर्वेटिवों के निराशाजनक प्रदर्शन के मद्देनजर 14 साल बाद सत्ता में लौटने की कोशिश कर रही पुनर्जीवित लेबर पार्टी के बीच भारतीय मूल के सुनक ने लोगों से कहा कि अब सवाल यह है कि आप किस पर भरोसा करते हैं।

उन्होंने कहा, यह ब्रिटेन के भविष्य का फैसला करने का समय है और यह तय करने का कि क्या आप अपने द्वारा बनाए गए भविष्य का निर्माण करना चाहते हैं या उसी स्तर पर वापस जाने का जोखिम उठाना चाहते हैं।

सुनक ने यह भी स्वीकार किया कि वह यह दावा नहीं कर सकते और न ही करेंगे कि सत्ता में रहते हुए उन्हें सब कुछ ठीक मिला, लेकिन उन्हें इस बात पर गर्व है कि उन्होंने क्या हासिल किया और भविष्य में क्या किया जा सकता है। उन्होंने अपनी उपलब्धियों में एनएचएस को रिकॉर्ड फंडिंग देना, बच्चों की पढ़ाई के स्तर में सुधार करना, ऊर्जा सुरक्षा को पर्यावरण हठधर्मिता से ऊपर रखना और रक्षा खर्च बढ़ाना बताया।



**यह एक ऐसा क्षण जिसकी देश को जरूरत**

घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए लेबर पार्टी के प्रमुख कीर स्टार्मर ने कहा कि यह एक ऐसा क्षण है, जिसकी देश को जरूरत है और वह इसका इंतजार कर रहा है। उन्होंने चुनाव अभियान को बेहतर भविष्य सुरक्षित करने का अवसर बताते हुए कहा कि यह समुदायों और देश को बदलने का समय है। स्टार्मर ने कहा कि लेबर पार्टी पिछले कुछ वर्षों में बदल गई है और देश के लिए ऐसा करने का मौका मांगती है, यह वादा करते हुए कि वह ब्रिटेन को कामकाजी लोगों की सेवा में वापस लाएगी। उन्होंने वादा किया कि यह नदियों में सीवेज बहाए जाने, ए एंड ई में इलाज के लिए इंतजार कर रहे लोगों जैसी चीजों को उलट देगा और बढ़ती बंधक और खाद्य कीमतों की प्रवृत्ति को उलट देगा।









## न्यूज | बॉक्स

### टेक्सास में खेली जाएगी लीजेंड्स इंटरकॉन्टिनेंटल टी 20 लीग, दिग्गज खिलाड़ी लेंगे हिस्सा




**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज ब्रेट ली, इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर ग्रीम स्वान, श्रीलंका के आक्रामक बल्लेबाज तिलकरत्ने दिलशान और भारतीय विकेटकीपर पार्थिव पटेल दुनिया के पूर्व दिग्गजों के साथ सात टीमों की लीजेंड्स इंटरकॉन्टिनेंटल टी20 (एलआईटी-20) लीग में खेलते दिखेंगे। इस लीग का आयोजन टेक्सास के मूसा स्टेडियम में 16 से 28 अगस्त तक होगा। अमेरिका स्थित यूएसए स्थित ब्रोसिड स्पोर्ट्स एलएलसी ने गुरुवार को ली, स्वान, दिलशान और पार्थिव की उपस्थिति में लीग की घोषणा की। इस लीग खिताब के लिए इंडो किंग्स, एशियन एवेंजर्स, यूरो रेंजर्स, अमेरिकन मावेरिक्स, ट्रांस-तस्मान टाइटन्स, अफ्रीकन लायंस और कैरेबियन वाइकिंग्स के बीच मुकाबला होगाएलआईटी-20 एकल राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें लीग चरण के आखिर में शीर्ष चार टीमें नॉकआउट चरण में आगे बढ़ेंगी। इस दौरान कुल 24 मैच खेले जायेंगे जिसमें लीग चरण में रोजाना दो मैचों का आयोजन होगा। सेमीफाइनल 27 अगस्त जबकि फाइनल 28 अगस्त को खेला जायेगा। इस मौके पर पार्थिव ने कहा, ह्यजब भी खेलने का मौका मिलता है तो यह काफी रोमांचक होता है। किसी भी खिलाड़ी के लिए मैदान में रहने से बेहतर कुछ भी नहीं होता है। अपने समय के खिलाड़ियों के साथ फिर से खेलना शानदार होगा।' दिलशान ने कहा, ह्यइस तरह की लीग से हम बीते दिनों की याद को ताजा करते हैं और इस खेल के प्रशंसक भी हमें खेलते हुए देखना चाहते हैं।'ब्रेट ली ने कहा, ह्यमेरे लिए यह खेल के साथ अपने पुराने साथियों के साथ मिलने का मौका होगा जिनके खिलाफ और जिनके साथ हम खेले हैं। मैदान के अंदर हमारे बीच प्रतिस्पर्धा होती है लेकिन बाहर हम सभी एक दूसरे के दोस्त हैं। इस लीग में कुछ कमाल के खिलाड़ी खेलेंगे।'

### स्कॉटलैंड ने यूरो 2024 के लिए 28 खिलाड़ियों की अस्थायी टीम घोषित की

**एडिनबर्ग।** स्कॉटलैंड ने बुधवार को जर्मनी में आगामी यूरो 2024 के लिए अपने 28-खिलाड़ियों की अस्थायी टीम की घोषणा की। चोटों के कारण स्कॉटलैंड की तैयारियों में बाधा उत्पन्न होने के कारण, मुख्य कोच स्टीव क्लार्क ने 15 जून से शुरू होने वाले इस प्रतिष्ठित आयोजन के लिए 28 खिलाड़ियों की अस्थायी टीम घोषित की। स्कॉटलैंड को 7 जून को रात 11 बजे तक विस्तारित टीम में 26 खिलाड़ियों की कटौती करनी होगी। यह उसी दिन होगा, जब क्लार्क की टीम अपना अंतिम अभ्यास मैच फिनलैंड के खिलाफ खेलेगी। गोलकीपर क्रेग गॉर्डन को टीम में जगह मिली है, 41 वर्षीय खिलाड़ी ने दिसंबर 2022 में डबल लेग ब्रेक के बाद एक्शन में वापसी की। साथ ही, गॉर्डन, जेंडर क्लार्क, एंगस गन और लियाम केली को भी गोलकीपरों की सूची में शामिल किया गया है।

#### यूरो 2024 के लिए स्कॉटलैंड की टीम

- **गोलकीपर :** जेंडर क्लार्क, क्रेग गॉर्डन, एंगस गन, लियाम केली।
- **डिफेंडर्स :** लियाम कूपर, ग्रांट हैनली, जैक हेंड्री, रॉस मैकक्रॉरी, स्कॉट मैककेना, रयान पोर्टियस, एंथोनी राल्स्टन, एंडी रॉबर्टसन, जॉन सॉटर, ग्रेग टेलर, कीरन टियरनी।
- **मिडफील्डर :** स्टुअर्ट आर्मस्ट्रांग, रयान क्रिस्टी, बिली गिल्मर, रयान जैक, केनी मैकलीन, जॉन मैकगिन, कैलम मैकग्रेगर, स्कॉट मैकटोमिने।
- **फॉरवर्ड :** चे एडम्स, बेन डॉक, लिंडन डाइक्स, जेम्स फॉरेस्ट, लॉरेंस शैंकलैंड।

# मलेशिया मास्टर्स : कड़े मुकाबले में यू जिन को हराकर सिंधू क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**एजेंसी। कुआलालंपुर**
दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने गुरुवार को यहां कड़े मुकाबले में कोरिया की सिम यू जिन को तीन गेम में हराकर मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने कोरिया की दुनिया की 34वें नंबर की खिलाड़ी यू जिन को महिला एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में 59 मिनट में 21-13 12-21 21-14 से हराया। यू जिन के खिलाफ सिंधू की यह तीसरी जीत है।

**चोट से उबरने के बाद वापसी करते हुए हैदराबाद की 28 साल की सिंधू शीर्ष फॉर्म हासिल करने में नाकाम रही है।**




पिछले साल अक्टूबर में लगी घुटने की चोट से उबरने के बाद वापसी करते हुए हैदराबाद की 28 साल की सिंधू शीर्ष फॉर्म हासिल करने में नाकाम रही है। पांचवीं वरीय सिंधू अगले दौर में शीर्ष वरीय हेन युई से भिड़ेंगी। चीन की इस खिलाड़ी ने पिछले महीने निंग्बो में एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप में सिंधू को हराया था। पिछला खिताब 2022 में सिंगापुर ओपन में जीतने वाली सिंधू का दुनिया की छठे नंबर की खिलाड़ी के खिलाफ रिकॉर्ड अच्छा है। भारतीय खिलाड़ी ने हेन युई के खिलाफ छह में से पांच मुकाबले जीते हैं। सिंधू ने मुकाबले में धीमी शुरूआत की और पहले गेम में 3-7 से पिछड़ गई।

### ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने से .01 सेकंड से चूकीं ज्योति याराजी

**जिवासकीला।** एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता ज्योति याराजी ने मोटोनेट जीपी एथलेटिक्स मीट में अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ स्पर्धा जीत ली, लेकिन मात्र .01 सेकंड से पेरिस 2024 ओलम्पिक के लिए क्वालिफाई करने से चूक गईं। सत्र की अपनी तीसरी आउटडोर प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए याराजी ने 12.78 सेकंड का समय लिया जबकि पेरिस ओलंपिक का क्वालिफिकेशन मार्क 12.77 सेकंड है।

### पेरिस ओलंपिक से पहले जर्मनी में प्रशिक्षण लेंगी सिंधु

**नई दिल्ली।** शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों की तैयारी के लिए क्रमशः जर्मनी और फ्रांस में प्रशिक्षण लेंगे, खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने वित्तीय सहायता के लिए उनके संबंधित प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। एमओसी ने सिंधु के हरमन-न्यूबर्गर स्पोर्ट्सचूले में प्रशिक्षण के लिए सारब्रुकन, जर्मनी जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। पेरिस जाने से पहले वह अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ एक महीने से अधिक समय तक वहां प्रशिक्षण लेंगी। दूसरी ओर, लक्ष्य, जो पेरिस में पुरुष एकल स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करेंगे, ओलंपिक खेलों से पहले 8 से 21 जुलाई तक अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ द हाले डेस स्पोर्ट्स पासेर्मेन में प्रशिक्षण लेंगे। मंत्रालय की विज्ञप्ति में कहा गया है, एमओसी ने मंत्रालय की लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत उनके हवाई किराया, बोर्डिंग/आवास लागत, स्थानीय परिवहन शुल्क, वीजा शुल्क, शटलकॉक खर्चों के वित्तपोषण को मंजूरी दे दी है।

# दिनेश कार्तिक ने आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा




**नई दिल्ली।** महेंद्र सिंह धोनी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का अंतरराष्ट्रीय करियर भले ही परवान नहीं चढ़ा हो लेकिन उन्होंने अपने प्रदर्शन से इस खेल के प्रशंसकों के दिलों पर राज किया। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का प्रतिनिधित्व करने वाले कार्तिक ने बुधवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एलिमिनेटर मैच में हार के बाद अंतरराष्ट्रीय और आईपीएल करियर को अलविदा कह दिया।

आईपीएल ऐसा मंच है जहां कार्तिक की मांग कभी कम नहीं हुई। अपने 20 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर में कई बार टीम से अंदर-बाहर होने वाले कार्तिक ने भारत के लिए 26 टेस्ट, 94 एकदिवसीय और 60 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। पिछले कुछ समय से कमेंटेटर की भूमिका निभाने वाले कार्तिक ने 38 साल की उम्र में भी विकेट के पीछे अपनी फिटनेस और बल्ले से चतुराई भरे शॉट खेल कर खुद को आज के दौर में भी प्रासंगिक बनाये रखा। आईपीएल के इस सत्र में बल्ले से दमखम दिखाने के बाद कार्तिक ने खुद को राष्ट्रीय टीम के लिए उपलब्ध करार दिया था लेकिन भारतीय चयनकताओं ने युवा प्रतिभा को मौका देने का मन बना लिया था। कार्तिक ने इस साल फरवरी मार्च में भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला के दौरान संन्यास लेने का मन बना लिया था लेकिन उनकी योजना के बारे में दुनिया को तब पता चला जब इंग्लैंड के माइकल एथरटन ने एक पॉडकास्ट में गलती से इसका खुलासा कर दिया।

## 16 साल की सौम्या ने एवरेस्ट फतह किया



**नई दिल्ली।** सोलह साल की काम्या कार्तिकेयन माउंट एवरेस्ट के शिखर पर नेपाल की तरफ से पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बन गई हैं। नेवी चिल्ड्रन स्कूल, मुंबई की 12वीं कक्षा की छात्रा की इस उपलब्धि पर भारतीय नौसेना ने गुरुवार को उन्हें बधाई दी। काम्या ने अपने पिता और नौसेना अधिकारी कमांडर एस. कार्तिकेयन के साथ 20 मई को 8,849 मीटर ऊंचे पर्वत शिखर को फतह करने का कारनामा कर दिखाया था। नौसेना ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, काम्या ने सात में से छह महादेशों के सबसे ऊंचे पर्वत शिखरों पर पहुंचने में अदम्य और सतत साहस का परिचय दिया है। भारतीय नौसेना सभी सात महादेशों के सर्वोच्च शिखरों पर फतह हासिल कर ऐसा करने वाली सबसे कम उम्र की लड़की बनने की उनकी महत्वाकांक्षा के लिए युवा काम्या को शुभकामनाएं देती है। काम्या का अगला लक्ष्य इस साल दिसंबर में अंटार्कटिका का माउंट विनसन मैसीफ को फतह करना है। यह मुकाम हासिल करते ही वह सभी सात महादेशों के सर्वोच्च शिखरों पर पहुंचने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की लड़की बन जाएंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरवरी 2020 के 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा था कि छोटी उम्र की काम्या कार्तिकेयन सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

### मकाबी तेल अवीव ने इजरायली बास्केटबॉल नियमित सीजन में पहला स्थान हासिल किया

**जेरूसलम।** इजरायली चैंपियन मकाबी तेल अवीव ने बुधवार रात इजरायली प्रीमियर लीग में हापोएल तेल अवीव पर 88-82 से घरेलू जीत हासिल की। इसके साथ ही मकाबी ने लीग में 27 मैचों में अपनी 23वीं जीत दर्ज की, जिससे वह 8 टीमों की अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। वहीं, हापोएल, अब 21-7 जीत-हार की रिकॉर्ड के साथ, दूसरे स्थान से प्लेऑफ में प्रवेश करेगा। दक्षिणी तेल अवीव में मेनोराह मिवतचिम एरिना में 10,000 प्रशंसकों के सामने, हापोएल ने ब्रायन अंगोला के बेहतरीन खेल की बदौलत पहले क्वार्टर के अंत में 20-16 की बढ़त ले ली।

# मैच फिक्सिंग में फंसे दांबुला थंडर्स फ्रेंचाइजी को किया गया टूर्नामेंट से बाहर

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत में इस समय क्रिकेट जगत की सबसे बड़ी लीग आईपीएल खेली जा रही है। इस बीच श्रीलंका से एक बड़ी खबर सामने आई है। श्रीलंका में भी आईपीएल की तरह ही लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) खेली जाती है। हाल ही में इस लीग के लिए ऑक्शन हुआ था, लेकिन अब खबर है कि इस लीग की एक फ्रेंचाइजी का मालिक मैच फिक्सिंग में फंस गया है। इसके चलते श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने इस फ्रेंचाइजी को एलपीएल से बाहर कर दिया है।



श्रीलंका क्रिकेट ने दांबुला थंडर्स फ्रेंचाइजी को लंका प्रीमियर लीग से बाहर करने का बड़ा फैसला लिया है। इस टीम के मालिक तमीम रहमान को मैच फिक्सिंग के संदेह में गिरफ्तार किया गया है। बांग्लादेशी मूल के ब्रिटिश नागरिक तमीम रहमान लंका प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी दांबुला थंडर्स के मालिक हैं। उन्हें अदालत के आदेश के बाद कोलंबो के भंडारनायके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था। खेल मंत्रालय में खेलों से संबंधित अपराधों को रोकने के लिए गठित विशेष जांच इकाई के एक अधिकारी ने उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि की है। कोलंबो की मजिस्ट्रेट अदालत ने रहमान को 31 मई तक हिरासत में भेज दिया है।

**श्रीलंका क्रिकेट का बयान**
एसएलसी ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि लंका प्रीमियर लीग ने दांबुला थंडर्स फ्रेंचाइजी को तुरंत प्रभाव से रद्द करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय फ्रेंचाइजी के स्वामित्व से संबंधित हालिया घटनाक्रम और इंपीरियल स्पोर्ट्स ग्रुप के संस्थापक तमीम रहमान के खिलाफ कानूनी मुद्दों के बाद लिया गया है।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# शेयर बाजार में जबरदस्त उछाल सेंसेक्स-निफ्टी नई ऊंचाई पर





**एजेंसी। मुंबई**
गुरुवार के कारोबारी सत्र के दौरान शेयर बाजार में शुरूआती सुस्ती बावजूद जबरदस्त उछाल आया। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी अपने नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। जहां सेंसेक्स 75,405.15 के नए हाई पर पहुंच गया। वहीं निफ्टी भी पहली बार 22940.30 पर पहुंच गया। कारोबारी सत्र के दौरान एनएसई निफ्टी अपने नए ऑल टाइम हाई पर पहुंचते हुए पहली बार 22900 का स्तर पार कर गया। दूसरी ओर, सेंसेक्स भी मजबूत उछाल के साथ एक बार फिर 75000 का स्तर पार कर गया। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही बेंचमार्क इंडेक्स में लगभग 1.50% की बढ़त के साथ कारोबार करते दिखे।

**▸ बाजार की उछाल पर जानकार क्या कह रहे?**
जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज की सोनी पटनायक के अनुसार 21800 के स्तर से बाजार में 1000 अंकों की रैली दिखी। ऐसा इसलिए हैं क्योंकि बिकवाली करने वाले सिस्टम से बाहर हो गए हैं और एफआईआई लॉन्ग में पोजिशन ले रहे हैं। शॉर्ट रेशियो 26% लॉन्ग कारण उछला है। निफ्टी फ्यूचर्स में आज अब तक इंट्राडे आधार पर 2.5% ताजा लॉन्ग दिखा है। निफ्टी महत्वपूर्ण प्रतिरोध को पार करने में कामयाब रहा। आज यह साप्ताहिक समाप्ति के बाद 22800 का स्तर और मौजूदा स्तर से महीने के अंत तक 23000 अंक की ओर बढ़ सकता है। दूसरी ओर, बैंकनिफ्टी का प्रदर्शन थोड़ा कमजोर है।

**▸ आरबीआई के सरकार को बंपर लाभांश देने के फैसले का बाजार पर दिखा असर**
आज जब शेयर बाजार कारोबार के लिए खुला तो निवेशकों के पास दो केंद्रीय बैंक गवर्नरों की गतिविधियों पर नजर टिकाने के विकल्प थे। एक एक दुनिया के सबसे शक्तिशाली जेरोम पॉवेल जो अमेरिकी फेडरल रिजर्व चलाते हैं, और दूसरे भारत के केंद्रीय बैंक आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास। बुधवार को जारी फेड मिनट्स में मुद्रास्फीति पर प्रगति की कमी पर फेड अधिकारियों की चिंताओं को नजरअंदाज करते हुए निवेशकों ने सरकार के लिए भारत के केंद्रीय बैंक द्वारा घोषित 2.1 लाख करोड़ रुपये के बंपर लाभांश पर ध्यान देने का विकल्प चुना। नतीजतन, सेंसेक्स 1,100 अंकों से अधिक उछलकर 75,400 के ऊपर एक नई ऊंचाई पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी भी 1% से अधिक बढ़कर 22,900-स्तर के नए सर्वकालिक रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया।
इससे पहले घरेलू बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी में गुरुवार को सपाट शुरूआत हुई। हालांकि शुरूआती सुस्ती के बाद बाजार ने छलांग मारी और सेंसेक्स-निफ्टी बढ़त के साथ कारोबार करते दिखे। सुबह 9 बजकर 58 मिनट पर सेंसेक्स 251.72 (0.33%) अंकों की बढ़त के साथ 74,472.78 पर जबकि निफ्टी 79.00 (0.35%) अंक चढ़कर 22,676.80 पर कारोबार करता दिखा। इससे पहले फेडरल रिजर्व की मिनट्स में महंगाई पर चिंता जाहिर करने की सूचना सार्वजनिक होने के बाद बाजार में सपाट कारोबार होता दिखा था।
सेंसेक्स के शेयरों में एशियन पेंट्स, इंडियन बैंक, एलएंडटी, एक्सिस बैंक और भारती एयरटेल बढ़त के साथ खुले। दूसरी ओर, पावर ग्रिड, सन फार्मा, जेएसडब्ल्यू स्टील और टाटा स्टील के शेयरों में गिरावट दिखी। अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की अनिश्चितता के बीच निफ्टी आईटी इंडेक्स के शेयर 0.23% तक मजबूत हुई। इसमें कोफोर्ज, एलटीटीएस और परसिस्टेंट सिस्टम्स के शेयरों का योगदान रहा।
एकल शेयरों में जुबलिएंट फूड वर्क्स के शेयर शुरूआती कारोबार में 5% तक उछले। डोमिनोज की भारत में फ्रेंचाइजी कंपनी के मुनाफे में चौथी तिमाही के दौरान वृद्धि दिखी। उसके बाद यह उछाल आया। सेक्टरवार देखें तो निफ्टी बैंक, रियल्टी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और निफ्टी गैस व ऑयल के शेयर बढ़त के साथ खुले। दूसरी ओर निफ्टी ऑटो, एफएमसीजी, मीडिया, मेटल और फार्मा सेक्टर के शेयरों में नरमी दिखी।

# एक्सपोर्ट बैन हटने के बाद भारत ने विदेश में बेच डाली 45,000 टन प्याज

**एजेंसी। नई दिल्ली**
सरकार ने मई की शुरूआत में प्याज के निर्यात पर से प्रतिबंध हटा गया था। बैन हटने के अब तक 45,000 टन से अधिक प्याज का निर्यात किया गया है। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत दुनिया में प्याज का सबसे बड़ा एक्सपोर्टर है। सरकार ने पिछले साल दिसंबर में प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था और फिर सुस्त उत्पादन के कारण कीमतों में वृद्धि के बाद मार्च में इसे बढ़ा दिया था। निर्यात पर बैन हटने के बाद प्याज पर प्रति टन पर 550 अमेरिकी डॉलर का न्यूनतम निर्यात मूल्य लगाया गया था। इस हिसाब से देखें तो भारत ने कुछ ही दिनों में करीब 2,06,08,63,200 रुपये का प्याज एक्सपोर्ट किया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की



सचिव निधि खरे ने बताया कि प्रतिबंध हटने के बाद से 45,000 टन से अधिक प्याज का निर्यात किया गया है। अधिकतर निर्यात पश्चिम एशिया और बांग्लादेश को किया गया। सरकार ने चुनाव के दौरान प्याज की कीमतें कम रखने के लिए चार मई को प्रतिबंध हटा दिया था। हालांकि, प्रति टन पर 550 अमेरिकी डॉलर का न्यूनतम निर्यात मूल्य (टएढ) लगाया गया था। खरे ने कहा कि इस साल अच्छे मॉनसून के पूवार्नुमान से जून से प्याज सहित खरीफ (ग्रीष्मकालीन) फसलों की बेहतर बुवाई सुनिश्चित होगी।

# भुगतान सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए पेटीएम ने शुरू किया नया विज्ञापन

**एजेंसी। नई दिल्ली**
प्रमुख भुगतान और वित्तीय सेवा कंपनी पेटीएम की मालिक वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) ने गुरुवार को कंपनी के विश्वसनीय भुगतान उत्पादों और अनुभव को प्रदर्शित कर यूजर्स के जुड़ाव को बढ़ाने के लिए एक नया विज्ञापन अभियान शुरू किया।
यह अभियान यूपीआई मनी ट्रांसफर, स्कैन और पे, अग्रणी साउंड बॉक्स, पेटीएम यूपीआई लाइट वॉलेट, यूपीआई पर क्रेडिट कार्ड, रिचार्ज और बिल भुगतान के साथ-साथ पेटीएम ऐप पर उपलब्ध अन्य भुगतान उपकरणों को बढ़ावा देता है। यह रिकवरी के लिए पेटीएम के प्रमुख फोकस क्षेत्रों को दशार्ता है।
ये अब आगे बढ़ते हुए पेटीएम के भुगतान जीएमवी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनेंगे। उदाहरण के लिए, यूपीआई जो पहले पेटीएम के भुगतान जीएमवी में 70 प्रतिशत का योगदान देता था, अब जीएमवी में 80 से 85




प्रतिशत का योगदान दे रहा है।
कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, हम खुद को वित्त वर्ष 2025 में ठोस विकास के लिए तैयार कर रहे हैं। हम मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था में और अधिक लोगों को लाने और इस देश के हर कोने में यूपीआई, भुगतान क्यूआर कोड और साउंड बॉक्स जैसे भुगतान बुनियादी ढांचे का प्रसार करने के लिए पहले से कहीं अधिक प्रतिबद्ध हैं। इसमें कहा गया है, हमारा विज्ञापन अभियान हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। जब भी भारत अपने भविष्य की योजना बनाएगा, हम उसके केंद्र में होंगे और जैसे-जैसे आप जीवन में आगे बढ़ेंगे, पेटीएम हमेशा आपके साथ रहेगा।
अपने मुख्य व्यवसाय के रूप में भुगतान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, पेटीएम ने अपने वित्त वर्ष 24 के परिणामों की घोषणा करते हुए कहा कि उसने अपने भुगतान जीएमवी और सदस्यता व्यापारियों में सुधार देखना शुरू कर दिया है। यह वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही से शुरू होने वाले प्रमुख मैट्रिक्स में सुधार प्रदर्शित करने के लिए तत्पर है और मुख्य भुगतान व्यवसाय में बाजार हिस्सेदारी हासिल करने के लिए निवेश किया गया है। पिछले वर्षों में, पेटीएम ने 'मेड-इन-इंडिया' पेटीएम साउंड बॉक्स और क्यूआर कोड जैसे उत्पादों के साथ उद्योग में पहला नवाचार लाया। इसने भारतीय डिजिटल भुगतान उद्योग के लिए माहौल तैयार किया। कंपनी ने पेटीएम के मुख्य व्यवसाय के प्रमुख पहलुओं को उजागर करने के लिए विज्ञापन फिल्मों की एक श्रृंखला शुरू की है।




## जयंत ने नोटिस का दिया जवाब किसी ने मुझसे संपर्क नहीं किया

# यह रवैया सामूहिक प्रयासों को कमजोर करने वाला, कार्यकर्ता निराश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मौजूदा भाजपा सांसद जयंत सिन्हा ने पार्टी के नोटिस का जवाब दिया है। जयंत सिन्हा ने अपने जवाब में कहा है कि किस तरह झारखंड भाजपा के नेताओं और पदाधिकारियों ने उन्हें नजरअंदाज किया। सिन्हा ने इस बात पर आपत्ति जतायी है कि उन्हें जो नोटिस दिया गया, उसे मीडिया में क्यों सार्वजनिक किया गया। उन्होंने प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू के इस रवैये को पार्टी के समर्पित कार्यकताओं को निराश करने वाला और पार्टी के सामूहिक प्रयासों को कमजोर करने वाला बताया। साथ ही कहा कि पार्टी के प्रति निष्ठा और कठिन परिश्रम के बाद भी उन्हें अन्यायपूर्ण तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। जयंत सिन्हा ने पत्र में लिखा है कि अगर पार्टी चाहती कि वह चुनावी गतिविधियों में भाग लें, तो उनसे संपर्क जरूर करती। दो मार्च को उन्होंने सक्रिय राजनीति से खुद को किनारा करने की घोषणा कर दी थी। इसके बाद पार्टी के किसी भी वरिष्ठ पदाधिकारी या सांसद-विधायक ने उनसे संपर्क नहीं किया। ना ही पार्टी के कार्यक्रम, रैली या संगठन की बैठकों में आमंत्रित किया। यदि बाबूलाल मरांडी उन्हें कार्यक्रमों में शामिल करना चाहते थे, तो निश्चित रूप से उन्हें आमंत्रित कर सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। जयंत सिन्हा ने अपने दो पन्नों के पत्र में लिखा है कि भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने 29 अप्रैल को नामांकन रैली (एक मई) में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। उस वक्त वह दिल्ली में थे। देर से आमंत्रित करने की वजह से उनके लिए रैली में आना संभव नहीं था। वह दो मई को हजारीबाग आते ही सीधे मनीष जायसवाल के घर पहुंचे। वह घर पर नहीं थे। तब उन्होंने मनीष जायसवाल के परिवार को अपना संदेश और शुभकामनाएं दी। वह तीन मई तक हजारीबाग में रहे, लेकिन मनीष जायसवाल से उनका कोई संपर्क नहीं हुआ।

### पोस्टल बैलेट से किया मतदान, अन्यायपूर्ण तरीके से निशाना बनाया जा रहा



जयंत सिन्हा ने आगे लिखा है कि जहां तक वोट नहीं करने की बात है, तो उन्होंने पोस्टल बैलेट के जरिये अपना वोट किया है। इसके बाद निजी प्रतिबद्धताओं के कारण 10 मई को विदेश चला गया। अंत में उन्होंने लिखा है कि हम निश्चित ही किसी भी समय व्यक्तिगत रूप से या फोन पर बात कर सकते थे, ताकि आपके किसी भी संदेह को दूर किया जा सके। हजारीबाग लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी के पदाधिकारी होने के नाते आप कभी भी मुझसे संपर्क कर सकते थे। चुनाव समाप्त होने के बाद इस तरह का पत्र भेजना समझ से परे है। उन्होंने लिखा है कि मैंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुझे सक्रिय चुनावी कर्तव्यों से मुक्त करने का आग्रह किया है ताकि मैं भारत और विश्व भर में वैश्विक जलवायु परिवर्तन से निपटने और उसका सामना करने के लिए जारी प्रयासों पर ध्यान केंद्रित कर सकूं। इसके साथ ही मैं आर्थिक और शासन संबंधी विषयों पर पार्टी के साथ काम करना सहर्ष जारी रखूंगा।

# निर्दोष हेमंत को जेल भेजा और भ्रष्टाचारी हिमंता को सीएम बना दिया : पवन खेड़ा

**ब्यूरो रिपोर्ट । रांची**

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया, जिसमें पीएम मोदी और भाजपा पर जमकर निशाना साधा । कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि पीएम और भाजपा के सामने जो झुकता नहीं है, वह सीधे जेल जाता है और जो शरण में आ जाता है वह सीएम और डिप्टी सीएम बन जाता है। झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन भाजपा के सामने नहीं झुके तो उन्हें फर्जी केस में जेल भेज दिया गया, वहीं कई घोटाले के आरोपी हिमंता बिस्वा सरमा भाजपा की शरण में चले गए, तो उन्हें सीएम बना दिया। एनसीपी नेता शरद पवार के भतीजे अजीत पवार के खिलाफ भी पीएम खूब आरोप लगाते थे, लेकिन भाजपा की शरण में जाते ही उन्हें महाराष्ट्र का डिप्टी सीएम बना दिया। उनकी पार्टी के प्रफुल्ल पटेल पर भी पीएम खूब बोलते थे, लेकिन उनके शरण में जाते ही चुप हो गए। पीएम मोदी के इसी नीति के कारण देश की जांच एजेंसियों पर से भरोसा उठ गया है।



### खुद को भगवान का अवतार मान रहे हैं मोदी

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि हर कोई भगवान का भक्त होता है, लेकिन पीएम मोदी खुद को भी भगवान से भी उपर मानते हैं और खुद को भगवान का अवतार कहते हैं। उनके प्रवक्ता कहते हैं कि भगवान जगन्नाथ भी पीएम मोदी के भक्त हैं। ऐसा कह कर इन लोगों ने हिन्दूओं की भावना को आहत किया है। भाजपा अब पूरी तरह से अहंकार की पार्टी हो गई है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि पीएम मोदी जिस तरह इंटरव्यूह दे रहे हैं, उससे कपिल शर्मा की कॉमेडी शो की टीआरपी पीछे छूट गया है।

**दस साल के निवेश का रिटर्न मांग रही जनता :** कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि देश में आम चुनाव का दौर जारी है, पिछले दस साल से देश की जनता ने पीएम मोदी पर भरोसा जताया है, जो एक तरह निवेश है और अब जनता पीएम मोदी से दस साल का रिटर्न मांग रही है, तो मोदी और भाजपा के नेता जनता को ही आंखें दिखा रही है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि वे 18 राज्यों का भ्रमण कर चुके हैं और 19 राज्य झारखंड में आए हैं, हर तरफ लोगों में पीएम मोदी के खिलाफ गुस्सा और आक्रोश है। पवन खेड़े ने दावा किया कि अगर गलती से भाजपा फिर से जीत कर आती है, तो यह लोग देश में दोबारा चुनाव नहीं होने देंगे. यह चुनाव आखिरी चुनाव होगा और यह लोग संविधान को खत्म कर देंगे।

आमने सामने

# पिछड़े वर्ग के आरक्षण पर ममता ने डाका डालकर मुसलमानों को दिया : आदित्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्य सभा सांसद आदित्यभ साहू ने कहा कि पिछड़ों के आरक्षण को लेकर कोलकता हाईकोर्ट ने बुधवार को ऐतिहासिक फैसला दिया। ममता बनर्जी ने 118 मुसलमान जातियों को बिना किसी पिछड़ेपन का सर्वे कराए ओबीसी का आरक्षण दे दिया, जिस पर किसी ने याचिका लगाई और कोर्ट ने इसका संज्ञान लेकर 2010 से 2024 तक जितने प्रमाणपत्र ममता बनर्जी सरकार ने जारी किए थे उसके स्थगन का आदेश दिया है। उन्होंनि कहा कि ममता बनर्जी ने पिछड़े वर्ग के आरक्षण पर डाका डालकर उनका हक मुसलमानों को दिया है। ओबीसी आरक्षण पर आया हाई कोर्ट का यह फैसले स्वागतयोग्य है। हालांकि, ममता बनर्जी कहती हैं कि मैं इस फैसले को नहीं मानती। उन्हों ने कहा कि कोई मुख्यमंत्री, संवैधानिक पद पर होने के बावजूद कहीं ऐसा हो सकता है कि वो हाई कोर्ट के आदेश को न मानें। आज किस प्रकार की मानसिकता से बंगाल का लोकतंत्र गुजर रहा है। मैं इसकी घोर निंदा करता हूं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हाई कोर्ट के फैसले का अमल हो और पिछड़े वर्ग को उनका अधिकार मिले न कि तुष्टीकरण और वोट बैंक की नीति के कारण उसका लाभ उन्हें मिले जो पिछड़े नहीं हैं। रामकृष्ण मिशन की संपत्तियों में हुई तोड़फोड़ पर बोलते हुए भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि भारत सेवाश्रम संघ वह संस्था है, जिसके कारण आज पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा है। ममता बनर्जी को शायद नहीं मालूम कि भारत सेवाश्रम संघ के संस्थापक स्वामी प्रणवानन्द अगर ना होते तो पश्चिम बंगाल भारत का नहीं बांग्लादेश का हिस्सा होता। जबकि आज ममता बनर्जी भारत सेवाश्रम संघ, इस्कॉन, रामकृष्ण मिशन इस प्रकार की संस्थाओं को बदनाम कर रही हैं ताकि वो मुसलमान मतदाताओं को खुश कर कर सकें।



### धर्म के आधार पर नहीं दिया जा सकता आरक्षण

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि देश में संविधान के अनुसार धर्म के नाम पर आरक्षण नहीं दिया ज सकता है, लेकिन इंडी गठबंधन के के लोग संविधान की अवहेलना कर मुसलमानों को आरक्षण दे रहे हैं। बंगाल की तरह तेलंगाना और कर्नाटक में ओबीसी के आरक्षण पर डाका ड़ालने का काम कांग्रेस पार्टी भी कर रही है। बंगाल में ममता बनर्जी ने भी एससी, एसटी के आरक्षण पर डाका ड़ालकर उनका हक मुसलमानों को दे रही है। भाजपा इसका विरोध करती है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर रांची में लगाया धारा 144 लागू

**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र 25 मई को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक चुनाव होना है। इसे लेकर गुरुवार को सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने सदर अनुमंडल अंतर्गत धारा-144 लागू किया है। यह निषेधाज्ञा 23 मई की शाम पांच बजे से 25 मई के रात 9 बजे तक लागू रहेगा। जारी आदेश में कहा गया है कि मतदान के क्रम में प्रत्याशियों , उनके सहयोगियों और असामाजिक तत्वों द्वारा बूथों पर बलपूर्वक कब्जा करने, बोगस मतदान कराने की चेष्टा किया जा सकता है। ऐसे कार्यक्रमों से विरोधियों के बीच परस्पर विद्वेष और प्रतिद्वंदिता के कारण विधि-व्यवस्था और जन सामान्य की भावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही इस अवसर का लाभ अवांछनीय तत्वों के जरिये उठाया जा सकता है, जिससे विधि-व्यवस्था की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। पांच से अधिक व्यक्तियों को उक्त क्षेत्र के मतदान केन्द्र भवनों के 200 मीटर की परिधि में जमा होने या चलने पर पाबंदी।

# मुगल सल्तनत खत्म हो गयी पर अभी भी झारखंड में बरकरार : प्रतुल शाहदेव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कांग्रेस के संवाददाता सम्मेलन पर पलटवार करते हुए कहा कि ईडी ने हेमंत सोरेन के जमानत के मुद्दे पर जो पिटिशन सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की है उससे बहुत चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। ऐसा लगता है कि झारखंड में समय थम सा गया है ।मुगल विदा हो गए। लेकिन यहां मुगलिया सल्तनत अभी भी जारी है। ईडी के पिटिशन के अनुसार जहांपनाह का दरबार लगा करता था। सारे सलाहकार जुटते थे और खजाने को लूटने की योजना बनती थी ।उसके बाद सुनियोजित तरीके से खजाने और प्रजा की जमीन की लूट होती थी। यही नहीं जहांपनाह के मातहत काम करने वाले अधिकारियों के यहां भी दरबार लगता था। बालाएं के साथ अधिकारी जाम छलकाते हुए नृत्य करते थे। प्रतुल ने गुरुवार को कहा की जिस आदिवासी मूलवासी को इन्होंने सत्ता में भागीदारी का वादा किया था, उसी की गाढ़ी कमाई को पूर्ववर्ती सरकार डकार गई। मौजूदा सरकार में भी इस कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है। ईडी के पिटीशन के पॉइंट 54 में इस पूरे प्रकरण का जिक्र है जिसका डिजिटल एविडेंस भी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में हेमंत सोरेन के मामले में दिए पिटीशन के प्वाइंट 51 में स्पष्ट उल्लेख है कि सिर्फ ग्रामीण विकास विभाग में टेंडर में कमीशन का 3000 करोड़ का घोटाला हुआ।जिसके तार सीधे तौर पर आलमगीर आलम से जुड़े हैं जो इनके सहयोगियों ने भी लिखित बयानों में स्वीकार किया है।इन सब बातों पर झामुमो और कांग्रेस खामोश है। प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस इस बात पर भी खामोश है कि ईडी ने अपने इसी पिटीशन में यह स्पष्ट किया है कि बढ़गाईं की 8.86 एकड़ जमीन पर हेमंत सोरेन का ही कब्जा था। ईडी ने अपने पिटीशन में स्पष्ट किया है कि सर्किल ऑफिसर मनोज कुमार, पिंटू के आप्त सचिव उदय शंकर प्रसाद, पूर्व सीओ शैलेश कुमार और केयरटेकर संतोष पाहन ने गवाही देकर उस जमीन को हेमंत सोरेन की बेनामी जमीन बताया है। प्रतुल ने कहा कि इसे ही संस्थागत भ्रष्टाचार कहा जाता है जब पूरी की पूरी राज्य सरकार एक होकर लूट का खेल करती है। प्रतुल ने कहा कांग्रेस आज राम भक्त होने का दावा कर रही है।



# चुनाव को लेकर अलग-अलग स्थानों पर किया फ्लैग मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को मतदान होना है। शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने को लेकर गुरुवार को पुलिस ने रांची में अलग-अलग जगहों पर फ्लैग मार्च निकाला। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने अलबर्ट एक्का चौक से लेकर लोअर बाजार सहित अन्य क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला। इसके अलावा कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में राजधानी के संवेदनशील इलाके मोहाजिद नगर, निजाम नगर सहित कई इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया। सिटी एसपी ने बताया कि फ्लैग मार्च के दौरान आम लोगों से बिना किसी डर-भय के वोट करने की अपील की गयी। उन्होंने बताया कि 25 मई को रांची में मतदाता निर्भीक होकर अपने मत का प्रयोग कर सकें, इसके लिए रांची पुलिस पूरी तरह से तैयार है। गुरुवार को राजधानी के हर थाना क्षेत्र की पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। उन्होंने कहा कि अक्सर चुनाव के दौरान समाज में अफवाहों या असंवेदनशील बातों को बढ़ावा दिया जाता है, जिसे रोकने के लिए अलग-अलग थाना क्षेत्रों की पुलिस टीम द्वारा फ्लैग मार्च किया जा रहा है। दूसरी ओर मतदान को लेकर जिला पुलिस की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी किये गये हैं। मतदान को लेकर जिला पुलिस के अलावा अर्द्ध सैनिक बल, सीआरपीएफ, जैप, आईआरबी सहित अन्य बलों को भी तैनात किया गया है। मतदान के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी ना हो, इसे लेकर सभी पदाधिकारियों को कई निर्देश दिये गये हैं।



## लोकसभा चुनाव | बूथ से दो किमी या अधिक की दूरी पर हैं तो मिलेगी यह सुविधा

# मतदाताओं को उपलब्ध कराया जाएगा वाहन : रवि

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने गुरूवार को दुमका और जामताड़ा जिले के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर मतदाता बूथ से दो किमी या इससे अधिक दूरी पर रहते हों तो उन्हें वोटिंग के लिए प्रशासन की ओर से वाहन उपलब्ध कराया जाएगा। इस दौरान सीईओ ने दुमका जिले के आदर्श मध्य विद्यालय, गांधीनगर एवं राजकीय केंद्रीय बालिका मध्य विद्यालय, दुमका का निरीक्षण कर मतदान संबंधी की गई तैयारियों का आकलन किया। उन्होंने मतदान को लेकर मतदान केन्द्रों की तैयारी की मामूली कमियों को शीघ्र दूर करने का निर्देश दिया। सीईओ ने जामताड़ा के कुण्डहित प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सटकी का भी निरीक्षण किया। यहां की एक स्थानीय निवासी 74 वर्षीय वरीष्ठ महिला मतदाता आलोका गोराई सहित सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। आलोका गोराई मतदान के लिए पूरा उत्साहित थीं। उन्होंने बताया कि उनके लोकसभा क्षेत्र में एक जून को मतदान होना है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सामुदायिक कपासडंगला, उत्क्रमित मध्य विद्यालय केन्दुआ एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय बादलपुर स्थित मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान कक्ष की संरचना, बिजली एवं पंखा की व्यवस्था को देखा। साथ ही मतदान केन्द्र परिसर के शौचालय को स्वच्छ रखने एवं रनिंग वाटर की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निदेश दिया।




### मतदान केन्द्र जागरूकता समूह की सूची तैयार

सीईओ ने बीएलओ द्वारा संधारित अपसेंट, सिफ्ट, डेथ (एएसडी), वोलेंटियर, मतदान केन्द्र जागरूकता समूह की सूची का अवलोकन किया। साथ ही एएसडी सूची का मिलान कराते हुए ग्रामीणों के समक्ष इसका सत्यापन भी कराया। उन्होंने मतदान दिवस के दिन मतदाताओं के सहयोग के लिए वोलेंटियर की सेवा लेने संबंधी जानकारी ली और बीएलओ से वोलेंटियर की आयु के संबंध में पूछताछ किया। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन वोलेंटियर की सेवा से मतदान करने आने वाले मतदाताओं को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर तैयारी की गयी है।

## इंडी गठबंधन के पक्ष में मतदान करें : राजद

**रांची ।** झारखण्ड प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बताया कि 2024 लोकसभा आम चुनाव के छठवें चरण में वोट के लिए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बिहार, झारखंड एवं तमाम देशवासियों से अपील किया है। कहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तानाशाही रवैया के खिलाफ तथा देश में प्रचंड बेरोजगारी, महंगाई, महिला सुरक्षा, संविधान, आरक्षण, किसान-मजदूर, ओल्ड पेंशन स्कीम व लोकतंत्र को बचाने के लिए बीजेपी के खिलाफ इंडिया गठबंधन को भारी मतों से वोट देकर जिताने का काम करें, क्योंकि देश के 50 % युवा, महिला परिवर्तन के लिए संकल्पित हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी ने राजधानी के कई इलाकों में किया जनसंपर्क

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर झारखंड प्रभारी प्रोफेसर रूपम यादव रांची के कांग्रेस के प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के समर्थन में सेक्टर 3 धुर्वा, हिनू, डोरंडा , कांटाटोली, बहू बाजार, हरमू , रातू रोड, विद्यानगर ,अशोक नगर, अरगोड़ा बस्ती कांग्रेस पार्टी के समर्थन में प्रचार कर भारी से भारी मतों से वोट देकर कांग्रेस पार्टी को जीतने का आह्वान किया। नुक्कड़ सभा में प्रोफेसर रूपम यादव ने आम जनता से कहा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार आम जनता के हित में कोई कार्य नहीं किया। बेरोजगारी से नौजवान परेशान है, जीएसटी से व्यापारी और किसान परेशान है, रोजमर्रा की खाने पीने की चीजों की महंगाई से घर के महिलाएं परेशान है, पेट्रोल डीजल के दाम लगातार बढ़ाया गया। आपसी भाईचारा बेरोजगार नौजवानों को रोजगार देने और महंगाई से मुक्ति देने की किसानों का आमदनी दुगना करने का महिला महिलाओं को सक्षम करने के लिए हर साल 1 लाख देने का डिप्लोमा होल्डर नौजवानों कॉपर प्रोत्साहन राशि महिलाओं को 50% नौकरी में आरक्षण इत्यादि बहुत सारी घोषणा है जनता के हित में कांग्रेस पार्टी ने किया है। यह जान लीजिए कि कांग्रेस पार्टी जो कहती है।



### राहुल यादव की जमानत याचिका पर सुनवाई 21 जून को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में 1250 करोड़ रुपये के अवैध खनन मामले में दाहू यादव के बेटे राहुल यादव की ओर से दायर जमानत याचिका पर सुनवाई 21 जून को होगी। इस मामले में ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से चार सप्ताह की मांग की गई थी। इसके बाद कोर्ट ने ईडी को समय प्रदान करते हुए सुनवाई की अगली तिथि 21 जून निर्धारित की है। याचिका में याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया है कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनकी कोई भी भूमिका नहीं है। अवैध खनन से जुड़े मामले में उनके पिता दाहु यादव को ईडी फंसा रही है। ऐसे में उसके पिता की वजह से उसका भी नाम जोड़ा जा रहा है। वह एक स्टूडेंट है।

### रबींद्र महतो के निर्वाचन मामले में उपायुक्त ने दस्तावेज कोर्ट को सौंपे

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में विधानसभा अध्यक्ष सह नाला विधायक रबींद्र नाथ महतो के निर्वाचन को चुनौती देने वाली संतोष हेंब्रम की चुनाव याचिका में जामताड़ा उपायुक्त कुमुद सहाय ने उपस्थित होकर चुनाव संबंधित सीलबंद दस्तावेज कोर्ट को सौंप दिया है। उन्होंने कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगते हुए आगे ऐसी गलती नहीं होने की बात कही, जिस पर कोर्ट ने उन्हें अगली सुनवाई में उपस्थित होने से छूट प्रदान की। अब मामले की अगली सुनवाई हाई कोर्ट में 12 जून को होगी। इस मामले में याचिकाकर्ता की ओर से तीन लोगों की गवाही पूरी हो चुकी है। वहीं प्रतिवादी रबींद्र नाथ महतो सहित उनकी ओर से 11 अन्य गवाहों की भी गवाही पूरी हो चुकी है।

### गृह मंत्री अमित शाह 24 मई को जामताड़ा में करेंगे चुनावी सभा

**रांची ।** गृह मंत्री अमित शाह 24 मई को झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। वे जामताड़ा के मेझिया गांव में दुमका सीट से भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन के लिए चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसे लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हैं। अमित शाह के कार्यक्रम के लिए दुर्गा मंदिर मैदान में भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। गृह मंत्री के प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। जामताड़ा मेझिया गांव में गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों में काफी उत्साह है। अमित शाह के कार्यक्रम की सफलता को लेकर पार्टी कार्यकर्ता भी जोर-शोर से प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।



## पृष्ठ एक के शेष

**कूप निर्माण के दौरान मिट्टी...**

गया है। मनरेगा के जूनियर इंजीनियर संजीत कुमार ने बताया कि 2018-19 के संचालित योजना के तहत मनरेगा द्वारा सिंचाई कूप निर्माण का कार्य हो रहा था। 15 दिन पूर्व जांच के दौरान 27 फीट कुआं में लगभग 17 फीट कुआं धंस गया था और 10 फिट कुंआ बाकी था। जिसपर लाभुक को काम करने से मना भी किया गया था। परन्तु लाभुक असलम अंसारी ने कहा कि काम करने में परेशानी नहीं होगी और कुंआ खुदाई का कार्य जारी रखा, जिससे यह हादसा हो गई।

**मंत्री आलमगीर आलम का ईडी की...**

आलम को जरूरी मेडिकल उपकरण उपलब्ध करवाए गए हैं। डॉ सत्येंद्र ने बताया कि नींद नहीं आने की वजह से ही बीपी और शुगर लेवल बढ़ा हुआ है। फिलहाल आलमगीर आलम ईडी की रिमांड पर हैं, गिरफ्तारी के बाद उनसे लगातार टेंडर घोटाला मामले में पूछताछ की जा रही है। ईडी ने टेंडर घोटाला मामले में दो दिनों के पूछताछ के बाद 15 मई की देर शाम आलमगीर आलम को पूछताछ के दौरान ही गिरफ्तार कर लिया था।

**इंडी गठबंधन बहुमत से केंद्र...**

मथुरा महतो को भारी मतों से विजयी बनाना है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को न्याय दिलाने के लिए जात-पात, भेदभाव भूलकर एकजुटता का परिचय देते हुए गठबंधन का समर्थन करें। प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने क्षेत्र के समुचित विकास के लिए जनता का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि यदि उनकी जीत हुई, तो जनता के हर सुख-दुख में साथ रहेंगे। चुनावी सभा में राज्य की मंत्री बेबी देवी ने कहा कि यह मेरे पति स्वर्गीय जगरनाथ महतो की कर्मभूमि है। उन्होंने क्षेत्र के विकास व आम जनता के लिए काम किया है। उनके मान-सम्मान के लिए अपना वोट इंडी गठबंधन को दें।

**कल्पना सोरेन के इशारे पर मेरी...**

डरने वाली नहीं हूं। उनका मुकाबला करूंगी। सीता सोरेन ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोग मेरे इलेक्शन कैंपेनिंग से घबरा गए हैं और वे हिंसा का सहारा लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोगों के द्वारा मेरी बेटियों पर हमले का प्रयास किया गया। मैं चुप नहीं रहने वाली। लोगों को चिन्हित कर एफआईआर करवाऊंगी। साथ ही साथ उन्होंने जामताड़ा के एसपी से सुरक्षा की मांग की है। सीता सोरेन ने कहा कि जिस तरह आलमगीर आलम को ईडी ने जेल भेजा और अब मनीष रंजन को तलब किया है। इससे साफ पता चलता है कि वर्तमान झारखंड सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से ईडी की कार्रवाई में परतदार परत खुलती जा रहा है उसे यह लगता है कि आने वाले विधानसभा चुनाव तक महा गठबंधन के कई नेता जेल में होंगे।




# दिल्ली की सातों सीट जीतने के लिए कांग्रेस और आप मिलकर काम करें

**16** घंटे काम करती हैं, इसलिए देश की करोड़ों महिलाओं को लखपति बनाने के लिए कांग्रेस महिलाओं के खाते में हर साल 1 लाख रुपये जमा कराएगी।

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में चुनाव प्रचार के आखिरी दिन गुरुवार को दिलशाद गार्डन में उत्तर पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार के समर्थन में जनसभा की। उन्होंने इंडी गठबंधन उम्मीदवारों के लिए वोट की अपील करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि दिल्ली में सातों सीटों को जीतना है। इसके लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता मिलकर काम करें। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि इस चुनाव में लड़ाई भारतीय संविधान की रक्षा के लिए है। कांग्रेस नेता ने कहा, यह महज एक किताब नहीं है, हमारा संविधान गांधी, अंबेडकर और नेहरू की हजारों साल की वैचारिक विरासत को समेटे हुए है। राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा हमेशा संविधान को फाड़कर फेंक देना चाहती है। आरक्षण को लेकर कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा के लोग आरक्षण को खत्म करने की बात करते हैं लेकिन कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में कहा है कि हम आरक्षण से 50 प्रतिशत की लिमिट खत्म कर उसे 50 प्रतिशत से आगे बढ़ाएंगे। राहुल गांधी ने महिलाओं का जिक्र किया और कहा कि महिलाएं 16 घंटे काम करती हैं, इसलिए देश की करोड़ों महिलाओं को लखपति बनाने के लिए कांग्रेस महिलाओं के खाते में हर साल 1 लाख रुपये जमा कराएगी।

*दिल्ली के मंगोलपुरी में महिला संवाद कार्यक्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उत्तर पश्चिमी दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार उदित राज के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं राहुल गांधी को सुनने पहुंचीं। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी से राहत मिलना काफी जरूरी है।*



## दिल्ली के मतदाताओं से सोनिया गांधी ने की भावुक अपील

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 25 मई को दिल्ली की सातों लोकसभा सीट में वोट पड़ने हैं। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने एक वीडियो संदेश जारी कर लोगों को दिल्ली की सभी सीटों पर इंडी गठबंधन के लोगों को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा यह एक बहुत महत्वपूर्ण चुनाव है। यह लोकसभा चुनाव देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। यह चुनाव बेरोजगारी, महंगाई, संवैधानिक संस्थाओं पर आक्रमण जैसे मुद्दों पर लड़ा जा रहा है। आपको इस लड़ाई में अपनी भूमिका निभानी है। आपका हर एक वोट रोजगार बनाएगा, महंगाई कम करेगा, महिलाओं को सशक्त करेगा और एक सुनहरे भविष्य में समता और बराबरी का भारत बनाएगा। मैं आपसे अपील करती हूं कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर भारी मतों से विजयी बनाएं।

## मुस्लिमों को ओबीसी में शामिल करने का फैसला बदलें : भाजपा

**बेंगलुरु ।** भारतीय जनता पार्टी ने कर्नाटक सरकार से उस सर्कुलर को वापस लेने की मांग की है, जिसमें 27 मुस्लिम उप-जातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सूची में जोड़ा गया है। प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता एमजी महेश ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इस सर्कुलर के जरिए हिंदू ओबीसी का अधिकार छीना जा रहा है। उन्होंने कहा, सीएम सिद्धारमैया की सरकार ने एक महीने पहले 27 मुस्लिम समुदायों को 2ए श्रेणी में जोड़ा। इसके तहत ओबीसी को आरक्षण मिलता है। यह तुष्टीकरण की राजनीति है।" महेश ने कहा कि कलकर्ता हाईकोर्ट के हाल के फैसले से साफ हो गया है कि ओबीसी कोटा में मुस्लिमों को आरक्षण गलत कदम है। उन्होंने कहा, सीएम सिद्धारमैया ने कर्नाटक में इसी तरह का कदम उठाया है।



कर्नाटक में ओबीसी सूची में 108 समुदाय शामिल हैं। इनमें से दो मुस्लिम हैं। इन्हें उनके काम के आधार पर वर्गीकृत किया गया है। महेश ने कहा, 1919 में स्थापित मिलर कमीशन से आज तक, यह राय रही है कि मुसलमानों को ओबीसी में शामिल नहीं किया जा सकता है। इसके बावजूद, मुसलमानों के 27 समुदायों को ओबीसी सूची में जोड़ा गया।

## यूपीए सरकार में 12 लाख करोड़ का हुआ था घोटाला : अमित शाह

एजेंसी

**संतकबीरनगर (यूपी)।** गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद के पक्ष में गुरुवार को खलीलाबाद जूनियर हाईस्कूल में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। गृह मंत्री ने इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में 12 लाख करोड़ रुपये का घोटाला हुआ था। समाजवादी पार्टी ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाई थीं जबकि योगी सरकार ने रामभक्तों पर पुष्पवर्षा कर उनका गौरव बढ़ाया। समाजवादी पार्टी हमेशा से गुण्डों को संरक्षण देती रही और योगी सरकार ने गुण्डों को लटका दिया। अमित शाह ने अपने भाषण के दौरान इंडिया गठबंधन पर लगातार हमला किया। उन्होंने कि कहा कि राहुल



गांधी ने गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। राहुल बाबा की दादी ने गरीबी हटाओ का नारा दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देकर गरीबों को राहत दी है।

यूपीए सरकार के कार्यकाल में 12 लाख करोड़ के घोटाले हुए। अमित शाह ने दावे के साथ कहा कि पांच चरणों के चुनाव में भाजपा 310 पार हो चुकी है।

## पॉलिटिकल किलिंग की सरगना बन गई हैं ममता बनर्जी : स्मृति

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि ममता बनर्जी का बदला लेने का आह्वान भाजपा के कार्यकर्ताओं को मौत के घाट उतारने का संकेत है। ममता बनर्जी पॉलिटिकल किलिंग की सरगना बन गई हैं। स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के मामले में सीधे दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए स्मृति ईरानी ने कहा कि आम आदमी पार्टी सिर्फ भ्रष्ट ही नहीं, बल्कि उनके आवास



पर महिलाएं भी सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने इस मामले में निष्पक्ष जांच की वकालत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल का दोषी के साथ घूमना बड़ा संकेत है।

## देश में चल रही परिवर्तन की बयार इस बार बदलाव तय : राबड़ी देवी

*देश में परिवर्तन की बयार चल रही है और पाटलिपुत्र की जनता ने भी परिवर्तन का मन बना लिया है।*

एजेंसी

**पटना ।** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और राजद अध्यक्ष लालू यादव की पत्नी राबड़ी देवी गुरुवार को चुनाव प्रचार में उतरीं। उन्होंने पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी मीसा भारती के लिए प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों तथा



बेरोजगारी और महंगाई से आमजन परेशान है। 10 वर्षों के कार्यकाल में भाजपा ने गरीबों, शोषितों, वंचितों के हक और अधिकार के लिए कोई काम नहीं किया है। जिस कारण लोग मुद्दों के आधार पर परिवर्तन का मन बना चुके हैं।

फुलवारीशरीफ प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान और रोड शो के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने आगे कहा कि देश में परिवर्तन की बयार चल रही है और इस बार पाटलिपुत्र की जनता ने भी परिवर्तन का मन बना लिया है। जिस तरह से लोगों का समर्थन और विश्वास इंडिया गठबंधन और राष्ट्रीय जनता दल को मिल रहा है, उससे भाजपा और एनडीए के खेमे में घबराहट और बेचैनी स्पष्ट रूप से देखी जा रही है।

## राजौरी-अनंतनाग सीट पर मतदान कल, सेना अलर्ट

**जम्मू।** राजौरी-अनंतनाग लोकसभा सीट पर 25 मई को मतदान होना है। यह क्षेत्र सुरक्षा की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह लोकसभा क्षेत्र नियंत्रण रेखा के साथ सटा हुआ है। यहां हमेशा पाकिस्तान की ओर से गोलीबारी की आशंका बनी रहती है। इस सब के चलते नियंत्रण रेखा पर सैनिकों को अलर्ट पर रखा गया है और सभी सीमावर्ती मतदान केंद्रों के लिए सुरक्षा और आकस्मिक योजनाएं बनाई गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि इन उपायों में सुरक्षा कर्मियों की बढ़ती तैनाती व निगरानी शामिल है।

## अब लोग मन की नहीं, संविधान की बात सुनना चाहते हैं : अखिलेश यादव

*जो लोग कहते थे कि अच्छे दिन आएंगे, ना अच्छे दिन आए, ना किसी के अकाउंट में कुछ आया।*

एजेंसी

**जौनपुर/मछलीशहर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अब कोई मन की बात नहीं सुनना चाहता है, सब संविधान की बात सुनना चाहते हैं और संविधान के रास्ते पर चलना चाहते हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने गुरुवार को जौनपुर और



मछलीशहर में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा ने फौज की नौकरी को आधा अधूरा बना दिया है, हम नौजवानों को कह रहे हैं कि सरकार बनने जा रही है, जिसके बाद अग्निवीर व्यवस्था को खत्म करने का काम होगा और पक्की नौकरी और वर्दी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो लोग कहते थे कि अच्छे दिन आएंगे, ना अच्छे दिन आए, ना किसी के अकाउंट में कुछ आया। लेकिन, 4 जून को जब सरकार बदलेगी तो हमारे आपके खुशियों के दिन आएंगे। भाजपा वाले और बसपा वाले अंदर ही अंदर हाथ मिलाए हुए हैं। ये जितने भी आपके विरोध में दिखाई दे रहे हैं, एक समय था, सब आपकी पार्टी से टिकट मांग रहे थे। उन्होंने कहा कि जो लोग '400 पार' कह रहे थे, उनके मन में था कि संविधान बदल देंगे।

## लोस चुनाव के 5वें चरण में 62.2 प्रतिशत मतदान

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 49 सीटों के लिए कुल 62.2 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। आयोग ने यहां जारी एक बयान में कहा कि पांचवें चरण में 20 मई को आठ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 49 सीटों पर कुल 62.2 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इसमें 61.48 प्रतिशत पुरुष, 63 प्रतिशत महिला और 21.96 थर्ड जेंडर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस चरण में बिहार में 56.76 प्रतिशत, जम्मू-कश्मीर में 59.10 प्रतिशत, झारखंड में 63.21 प्रतिशत, लद्दाख में 71.82 प्रतिशत।

## अग्निपथ योजना / चुनावों में उठ रहे सवालों के बीच सेना का आंतरिक सर्वेक्षण
## संभावित बदलावों पर सिफारिशें तैयार कर सकती है सेना

*अग्निवीरों, भर्ती अधिकारियों, यूनिट कमांडरों को इस सर्वेक्षण में शामिल किया गया*

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** तीनों सेनाओं में भर्ती के लिए दो साल पहले शुरू की गई अग्निपथ योजना पर लोकसभा चुनावों के दौरान उठ रहे सवालों के बीच सेना एक आंतरिक सर्वेक्षण कर रही है। इसके आधार पर वह योजना में संभावित बदलावों पर आने वाली सरकार के लिए सिफारिशें तैयार कर सकती है। सेना ने विभिन्न रेजिमेंटल केंद्रों में भर्ती और प्रशिक्षण कर्मचारियों, यूनिट और सब यूनिट कमांडरों को इस सर्वेक्षण में शामिल किया है। सरकार ने सैनिकों, वायुसैनिकों और नाविकों की भर्ती 'अग्निवीरों' के रूप में करने के लिए जून, 2022 में अग्निपथ योजना शुरू की थी। योजना के तहत चार साल तक सेवा देने के बाद 75 फीसदी अग्निवीरों को कार्यमुक्त करके 25 फीसदी अग्निवीरों की स्थाई नियुक्ति की जानी है। लॉन्च होने के बाद से ही इस योजना ने खासकर राजनीतिक हलकों में काफी बहस छेड़ दी है।

लोकसभा चुनावों के दौरान विपक्षी गठबंधन ने इस योजना को समाप्त करके पहले की सैन्य भर्ती प्रक्रिया पर लौटने का ऐलान किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी चुनावी सभाओं में कहा है कि सरकार जरूरत पड़ने पर 'अग्निपथ योजना' में बदलाव के लिए तैयार है, लेकिन अग्निवीर के रूप में शामिल होने वाले युवाओं के भविष्य पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। इस बीच सेना अपनी भर्ती प्रक्रिया पर अब तक के प्रभाव का आकलन करने के लिए 'अग्निपथ योजना' पर एक आंतरिक सर्वेक्षण कर रही है। अधिकारियों के अनुसार सेना के विभिन्न रेजिमेंटल केंद्रों में भर्ती और प्रशिक्षण कर्मचारियों, यूनिट और सब-यूनिट कमांडरों को इस सर्वेक्षण में शामिल किया गया है।




### सर्वेक्षण में अग्निवीरों से भी होगी बात

सर्वेक्षण में अग्निवीरों से यह भी पूछा जाएगा कि उन्होंने सेना में शामिल होने का फैसला क्यों किया, अग्निवीर के रूप में शामिल होने से पहले उन्होंने कौन-सी अन्य नौकरियां, प्रतियोगिताएं या भर्ती की कोशिश की। क्या उन्हें लगता है कि उन्हें सेना में स्थायी रूप से शामिल किया जाना चाहिए। वे चार साल बाद अपने पसंदीदा करियर या अन्य विकल्पों के बारे में भी जानकारी देंगे और यह भी बताएंगे कि क्या वे यहीं रहकर सेना में सेवा करना पसंद करेंगे या अर्धसैनिक बलों सहित अन्य जगहों पर नौकरी के अवसर तलाशेंगे।

## तुष्टीकरण ही कांग्रेस और टीएमसी की खुराक : शिवराज सिंह चौहान

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ममता बनर्जी और विपक्षी गठबंधन पर ओबीसी का आरक्षण छीन कर धर्म विशेष के लोगों को देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा है कि तुष्टीकरण ही कांग्रेस और टीएमसी जैसी पार्टियों की खुराक है। दिल्ली स्थित भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में गुरुवार को मीडिया से बातचीत करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सिर्फ अपने वोटबैंक को बनाए रखने के लिए ओबीसी का आरक्षण छीन कर एक विशेष धर्म के लोगों को देना क्या न्याय संगत है? पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी, उनकी वोटबैंक की राजनीति पर हाई कोर्ट से उन्हें फटकार मिली



*प.बंगाल हाई कोर्ट ने असंवैधानिक बताया है और उसे रद्द करने का फैसला किया है*

है। उन्होंने कहा कि कोलकाता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में 2011 में, 2010 के बाद से जो अल्पसंख्यकों को ओबीसी सर्टिफिकेट जारी किये थे कई जातियों को जारी किये थे वो सरे रद्द करने का फैसला सुनाया है। सत्ता संभालते ही ममता ने वोटबैंक की राजनीति की और बिना किसी नियम का पालन करते हुए अल्पसंख्यकों को भी ओबीसी के सर्टिफिकेट जारी कर दिए। जिसे पश्चिम बंगाल हाई कोर्ट ने असंवैधानिक बताया है और उसे रद्द करने का फैसला किया है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज ने आगे कहा कि सिर्फ वोटबैंक की राजनीति करने वाली ममता बनर्जी की कलई खुल गई है, लेकिन तुष्टीकरण पर उतारू ममता बनर्जी हाईकोर्ट के फैसले को मानने की बजाय अब कह रही हैं कि वे फैसला नहीं मानती।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com





